सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-238 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 07 फरवरी 2024
26 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




**पवार को बड़ा झटका**

# अजित गुट ही असली एनसीपी

महाराष्ट्र की सियासत को लेकर बड़ा फैसला आया है। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया है। फैसला दिग्गज राजनेता और अजित के चाचा शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। जानकारी के मुताबिक, छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा।

### चुनाव आयोग ने सुनाया अपना फैसला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की लड़ाई को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग ने अपना फैसला सुनाया है, जिससे शरद पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। छह महीने से अधिक समय तक चली सुनवाई में चुनाव आयोग ने (एनसीपी) में जारी विवाद का निपटारा किया। चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट के पक्ष में फैसला सुनाया और अजित पवार गुट को ही असली एनसीपी बताया है।



### शरद पवार के पास क्या विकल्प?

- चुनाव आयोग ने अपने नए राजनीतिक गठन के लिए एक नाम का दावा करने और आयोग को तीन प्राथमिकताएं देने का एक बार का विकल्प प्रदान किया है। रियायत का उपयोग 7 फरवरी, 2024 को दोपहर 3 बजे तक किया जा सकता है।

### क्या है मामला?

बीते साल महाराष्ट्र की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ, जब अजित पवार ने एनसीपी से बगावत कर दी। पार्टी में फूट के बाद एनसीपी पर अधिकार पर चाचा-भतीजे आमने-सामने आ गए। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग में हलफनामा दायर किया। वहीं, शरद पवार खेमे ने भी चुनाव आयोग में एक कैविएट दायर कर अनुरोध किया कि पार्टी की लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए।

# हरदा : फैक्ट्री में धमाका, 11 की मौत

## 90 से अधिक घायल, सात जिलों से फायर ब्रिगेड पहुंचीं

**हरदा।** मध्य प्रदेश के हरदा में मगरदा रोड स्थित बैरागढ़ रेहटा में पटाखा फैक्टरी में मंगलवार सुबह आग लग गई। इसके बाद भयानक विस्फोट होने लगे। ब्लास्ट इतने तेज थे कि आसपास की इमारतों को भी उन्होंने हिला दिया। आग ने आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 11 लोगों की मौत हो गई है। इसमें नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि सीएमएचओ ने की है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। 90 से अधिक घायल हैं। 17 गंभीर घायलों को इलाज के लिए इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम भेजा गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा ब्लास्ट को लेकर आपात बैठक बुलाई। साथ ही मंत्री उदय प्रताप सिंह के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को हरदा रवाना होने के निर्देश दिए। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिवार की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च भी सरकार ही उठाएगी। वहीं, आसपास के सात जिलों से फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस हरदा पहुंच गई हैं। भोपाल से गए अधिकारियों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। हरदा हादसे को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा के प्रवास कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। ब्लास्ट होने का सिलसिला थम नहीं रहा था, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुए। एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। आग लगने के समय 30 से अधिक मजदूर फैक्टरी में काम कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हरदा में आग लगने से अनेक लोगों की मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मोदी ने कहा कि जो घायल हुए हैं, उनके जल्द से जल्द सेहतमंद होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन सबको मदद पहुंचा रहा है।

# 'अब शादी के एक साल तक न ले पाएंगे तलाक...'

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य विधानसभा में मंगलवार को समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधेयक पेश किया। अब राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद विधेयक कानून बन जाएगा। समान नागरिक संहिता विधेयक पास होने के बाद कानून बन जाएगा।

आपको बता दें कि उत्तराखंड सरकार ने मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। सरकार ने एक अधिसूचना 27 मई 2022 को जारी की गई थी और शर्तें 10 जून 2022 को अधिसूचित की गई थीं। समिति ने बैठकों, परामर्शों, क्षेत्र के दौरे और विशेषज्ञों और जनता के साथ बातचीत के बाद मसौदा तैयार किया। इस प्रक्रिया में




13 महीने से अधिक का समय लगा। जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी पहली बैठक 4 जुलाई 2022 को दिल्ली में की थी।

मसौदे के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जुलाई 2023 में एक मैराथन बैठक में विचार-विमर्श किया गया और इसे अंतिम रूप दिया गया। कमेटी को समान नागरिक संहिता पर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से करीब 20 लाख सुझाव मिले हैं। इनमें से कमेटी ने लगभग ढाई लाख लोगों से सीधे मिलकर इस मुद्दे पर उनकी राय जानी है। कुछ कानून में बहु विवाह करने की छूट है।

**यूसीसी**

### मसौदे में 400 से ज्यादा धाराएं

इसके साथ ही देवभूमि उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला आजादी के बाद पहला राज्य होगा। सूत्रों के अनुसार, मसौदे में 400 से ज्यादा धाराएं हैं, जिसका लक्ष्य पारंपरिक रीति-रिवाजों से पैदा होने वाली विसंगतियों को दूर करना है।

# पेपर लीक-चीटिंग पर 10 साल जेल, एक करोड़ जुर्माना

## पब्लिक एग्जामिनेशन बिल लोकसभा से पास, अब राज्यसभा में भेजा जाएगा

**नई दिल्ली।** सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल करने पर आरोपियों को 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार (6 फरवरी) को इन पर रोक लगाने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत साधनों की रोकथाम) बिल पास कर दिया गया। अब इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा।

यह बिल कानून बनाता है तो पुलिस बिना किसी वारंट के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। आरोपी को जमानत नहीं मिलेगी और इन अपराधों को समझौते से नहीं सुलझाया जा सकेगा। हालांकि, प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले उन बच्चों को टारगेट नहीं किया जाएगा, जो जानबूझकर इसमें शामिल नहीं होते हैं।

**बिल पेश**



केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में बिल पेश करते हुए कहा- पब्लिक एग्जामिनेशन बिल में क्वेश्चन और आंसर सीट के लीक होने, डायरेक्ट या इनडायरेक्ट तरीके से कंडीडेट का सहयोग करने जैसे अपराध शामिल किए गए हैं।

### बिल के दायरे में केंद्र सरकार से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षाएं



बिल कानून का रूप ले लेता है को यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग, नीट-मेडिकल और इंजीनियरिंग समेत कई परीक्षाएं इसके दायरे में रहेंगी। ये बिल 10वीं या 12वीं की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा। इसके साथ ही ये राज्यों की परीक्षाओं पर भी लागू नहीं होगा, क्योंकि कई राज्यों में नकल को लेकर अपने कानून हैं।

- जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों में आरक्षण पर चर्चा हुई


इसके पहले संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों (नगर निगम और पंचायत) में आरक्षण पर चर्चा से शुरू हुई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार 5 फरवरी को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर लोकल बॉडीज लॉज (अमेंडमेंट) बिल 2024 पेश किया था।

### जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों में आरक्षण पर हुई चर्चा

- इसके पहले संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों (नगर निगम और पंचायत) में आरक्षण पर चर्चा से शुरू हुई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार 5 फरवरी को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर लोकल बॉडीज लॉज (अमेंडमेंट) बिल 2024 पेश किया था।

# पीएम मोदी ने गोवा को दी 1330 करोड़ की सौगात

**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गोवा के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 के तहत 1330 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोवा सुंदर समुद्र तटों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। गोवा ने कई महान संतों, कलाकारों और विद्वानों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा, यहां अलग-अलग समाज और धर्म को मानने वाले लोग एक साथ रहते हैं। गोवा के लोग जब बीजेपी सरकार को चुनते हैं, तो इसका संदेश पूरा देश को जाता है। देश में कुछ राजनीतिक पार्टियों ने डर, झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन गोवा की जनता ने ऐसे दलों को करारा जवाब दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में कई योजनाओं में गोवा का 100 प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त कर चुका है। जब सैचुरेशन होता है तो भेदभाव खत्म




### कुछ दल झूठ फैलने की राजनीति कर रहे : मोदी

हो जाता है। उन्होंने कहा, जब सैचुरेशन होती है तो लोगों को अपना हक पाने के लिए रिश्वत नहीं देनी होती है। इसलिए सैचुरेशन ही धर्मनिरपेक्षता है। यह वास्तविक सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि गोवा के यही लोग जब बार-बार भाजपा की सरकार चुनते हैं तो इसका संदेश पूरे देश में जाता है। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि भाजपा का मंत्र सबका साथ, सबका विकास का है। देश में कुछ दलों ने हमेशा डर और झूठ फैलाने की राजनीति की है। लेकिन गोवा ने ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया है, बार-बार दिया है।

गोवा दुनियाभर के पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य स्थल है। गोवा की प्रगति और उसके नागरिकों की भलाई हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गोवा में ईसाई समुदाय और अन्य धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं और यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गोवा ने कई योजनाओं में संतृप्ति हासिल की है।

### सरकार बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश कर रही : पीएम

मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण के लिए बड़ी योजनाएं चलाने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश कर रही है। आपने देखा होगा कि देश में कितनी तेजी से सड़कों, रेल और हवाई अड्डों का विस्तार हो रहा है। इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि गोवा के अंदरुनी इलाकों में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिले। इसका फायदा सीधे उन इलाकों में रहने वाले लोगों को होगा। जब गोवा के गांवों में पर्यटक पहुंचेंगे तो वहां रोजगार के ज्यादा अवसर तैयार होंगे।

# 11 को अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे सभी विधायक

**लखनऊ।** विधानसभा सत्र में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी विधायक अयोध्या दर्शन के लिए 11 फरवरी को आमंत्रित हैं। सभी विधायक राम लला के दर्शन के लिए सुबह 8 बजे बस से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। विधायकों को लेकर अयोध्या जाने वाली बस में विधानसभा स्पीकर भी साथ रहेंगे।

कहा कि विधायक अपनी पत्नी को भी साथ ले जा सकेंगे। सपा विधायक शिवपाल यादव ने भी कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष ले चलेंगे तो अयोध्या जाएंगे। कई विधायकों ने भी यह बात रखी थी। अब हम सब एक साथ दर्शन करने जाएंगे। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने जब राम मंदिर निर्माण पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को बधाई प्रस्ताव पेश किया तो समाजवादी पार्टी के 12 से अधिक विधायकों ने समर्थन नहीं किया। जबकि सपा के अन्य विधायकों ने राम मंदिर को लेकर



बधाई प्रस्ताव का समर्थन किया. ऐसे में सपा के अंदर इस प्रस्ताव को लेकर विधायकों में दो फाड़ हो गया उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के अंतर्गत मंगलवार को चौथे दिन सदन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे से शुरू हो गई है. आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सदन की कार्यवाही के पहले दिन पेश किए गए अभिभाषण पर चर्चा और धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सभी दलीय नेता बात करेंगे. सदन की कार्यवाही के एजेंडे में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव व नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा कर सकते हैं. सदन की कार्यवाही शुरू हो चुकी है. विधानसभा सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए डिप्टी सीएम केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक आदि पहुंच चुके हैं। सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने पर सवाल उठाया. पूछा कि हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम शिक्षकों के लिए हैं क्या, महिला शिक्षकों को गृह जनपद में पोस्टिंग दी जाएगी क्या. इस पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षकों के लिए बीमा की सुविधा दी जा रही है।

### सपा विधायक ने उठाया साइबर क्राइम का मुद्दा

समाजवादी पार्टी के विधायक महेंद्र नाथ यादव ने साइबर अपराध और लोगों को पैसा हड़पने का मुद्दा उठाया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार साइबर अपराध पर शिकंजा कस रही है। सभी जिलों में साइबर थाने खोले जा रहे हैं। साइबर अपराध करने वालो पर कार्रवाई करके लोगों का पैसा वापस कराया जा रहा है।

### एमएमली ने की शराब बंदी की मांग

उत्तर प्रदेश विधान परिषद में वाराणसी के रूरुष्ट आशुतोष सिन्हा ने काशी के नगरीय क्षेत्र मे शराब बंद करने की मांग की। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल इस बात को लेकर साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ धाम के एक किमी के दायरे में शराब की कोई दुकान नहीं है. आगे भी यही व्यवस्था बनी रहेगी।

# ज्ञानवापी में बंद तहखाने के एएसआई सर्वे पर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में बंद तहखाने की एएसआई सर्वे कराने की मांग के मामले में जिला जज की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्षों को कोर्ट ने सुना। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 15 फरवरी को नियत किया। जिला जज की अदालत में सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से मामले में आपत्ति जताई गई। कहा गया कि तहखाने में सर्वे कराने से मस्जिद को क्षति पहुंचेगी। मामले में कोर्ट ने दोनो पक्षों को सुना। इसके बाद हाईकोर्ट में मामले की चल रही सुनवाई के कारण सभी पक्षकारों की सहमति से 15 फरवरी को अगली तारीख तय की। बता दें कि प्रभारी जिला जज अनिल कुमार पंचम की अदालत में आवेदन देकर ज्ञानवापी के बंद तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे



कराने की मांग की गई है। यह आवेदन मां शृंगार गौरी केस की वादिनी राखी सिंह की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने दाखिल किया है। अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि एएसआई की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार ज्ञानवापी में आठ तहखाने हैं। इनमें से एस-1 और एन-1 तहखाना का सर्वे नहीं हुआ है। क्योंकि इन दोनों तहखानों के भीतर प्रवेश करने का जो रास्ता है उसे ईंट-पत्थर से बंद कर दिया गया है।

ज्ञानवापी में जो तहखाने दृश्यमान हैं, उनके अलावा भी अन्य तहखानों के होने की संभावना जताई गई है।

**पहल** — नए कानून सभी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर बनाए गए

# वैरिफाइड न्यूज ईकोसिस्टम से रुकेगी फेक न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय मीडिया में लगातार बदलते परिदृश्य को देखते हुए डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को डीएनपीए कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स 2024 का आयोजन किया। राजधानी के शांगरी-ला होटल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में इंडस्ट्री के दिग्गज शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, डिजिटल मीडिया का दायरा बहुत बड़ा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सबसे पहले सूचनाएं इसी प्लेटफार्म से पहुंचती हैं।

सरकार ने आईटी के जो नए कानून बनाए हैं, वे सभी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर बनाए हैं। हमारी सरकार इंटरनेट को सुरक्षित जगह



बनाना चाहती है, ताकि किसी भी प्रकार के अपराध से बचा जा सके। इंटरनेट प्लेटफॉर्म जो लोगों का डाटा उपयोग करना चाहते हैं वो डाटा तो ले सकेंगे लेकिन उन्हें उसे इस्तेमाल करने के बाद उसे खत्म भी करना होगा। जो प्लेटफॉर्म ऐसा नहीं करेंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। हम भारत में सुरक्षित एआई चाहते हैं, जो पूरी तरह से सुरक्षित हो। सरकार चाहती है कि इंटरनेट सभी के लिए ओपन हो। किसी का एकछत्र राज न हो। एक लाख करोड़ का बजट शोध और नवाचार के लिए रखा है, ताकि हम नई प्रतिभा को आगे ला सकें। डीएनपीए के चेयरमैन एक समारोह की शुरुआत करते हुए कहा कि डिजिटल न्यूज, पब्लिशर्स और एसोसिएशंस डिजिटल मीडिया की ग्रोथ को बढ़ावा देने और देश में डिजिटल न्यूज का ईकोसिस्टम बनाने के लिए है। डीएनपीए को बनाने का सिर्फ एक ही मकसद है, वह यह कि डिजिटल न्यूज ईकोसिस्टम को प्रमोट किया जाए। इसकी मदद से वैरिफाइड न्यूज कल्चर को प्रमोट किया जाए

### नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं कर सकते : राजीव

हमने ये सुनिश्चित किया कि लोगों तक अच्छा कंटेंट पहुंचे, चाहे वह टेक्स्ट फॉर्मेट में हो या फिर ऑडियो या वीडियो फॉर्मेट में। आज इस कार्यक्रम में देश के जाने माने मीडिया संस्थानों के लोग मौजूद हैं। डीएनपीए परिवार का अहम हिस्सा होने के नाते हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अपने नैतिक मूल्यों से हम कभी समझौता नहीं कर सकते हैं। हमारी सरकार भी तेजी से डिजिटल के क्षेत्र में काम कर रही है। यही वजह है कि आज पूरी दुनिया में हमारी डिजिटल ताकत की चर्चा है। उन्होंने आगे कहा कि आज इंटरनेट पर आधे से ज्यादा पर जानकारियां हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अपने उनके सरकारी आवास पर नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों और पर्यटन सम्बन्धी संसदीय समिति के प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की।

# डिजिटल विज्ञापनों को लेकर जल्द ही नई नीति लाएंगे : ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इस समय देश में बहुत कुछ अच्छा हो रहा है। अलग अलग क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं। देश की मीडिया को इन कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया को अब तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़कर देश निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही उन्होंने डिजिटल विज्ञापनों को लेकर नई नीति लाने की बात भी कही। आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज के तकनीकी युग में फर्जी और अप्रमाणित समाचारों से बचने की आवश्यकता है।

# जनसुनवाई में 19 शिकायतों में से 8 का हुआ निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई संभव कार्यक्रम में अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों की शिकायतों को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आयी 19 शिकायतों में से 8 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने निगम अधिकारियों की टीम के साथ जनसुनवाई संभव में आयी शिकायतों को सुना। आज कुल 19 संदर्भ प्राप्त हुए। इनमें से 8 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। आज नाली व नाला निर्माण, सड़क निर्माण सम्बंधी शिकायतें सर्वाधिक रही। वहीं कुछ लोगों ने सड़क मरम्मत की भी मांग की। आज प्राप्त हुई 19 शिकायतों में निर्माण सम्बंधी 13, जलकल 3, अतिक्रमण , स्वास्थय व पथ प्रकाश सम्बंधी एक-एक शिकायत शामिल रही।



सफाई सम्बंधी शिकायत पर जहां तुरंत सफाई निरीक्षक भेजकर सफाई कार्य कराया गया वहीं अतिक्रमण सम्बंधी शिकायत पर उन्होंने अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। सीवर सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए कार्यदायी संस्था के साइट इंचार्ज को स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत निस्तारण के लिए कहा गया। निर्माण सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त, एस के तिवारी, मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम व शिवराज सिंह, प्रवर्तनदल प्रभारी गुरुंग के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चुनावी रंजिश को लेकर आपस में भिड़ गये दो पक्ष, तीन लोग घायल, एक की मौत

## जमकर चले लाठी-डण्डे, ईट-पत्थर और धारदार हथियार



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरैया मण्डी में चुनावी रंजिश को लेकर सोमवार रात को दो पक्ष आपस में भिड़ गये। दोनो पक्षो के बीच जमकर लाठी-डण्डे, ईट-पत्थर और धारदार हथियार चले। दोनो पक्षो से तीन लोग घायल हो गये। एक गम्भीर घायल व्यक्ति की शाहजहांपुर ले जाते समय मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगो को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर कुछ लोगो को हिरासत में लिया।कस्बे के मोहल्ला सरैया मण्डी रोड पर सोमवार की रात साढे आठ बजे वार्ड मेम्बर अशफाक मंसूरी व गफ्फार के परिवार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षो के बीच लाठी-डण्डे चलने लगे जिससे कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। डाक्टरो ने मंसूर मंसूरी (25) की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। मंसूर के परिजन मंसूर को लेकर शाहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचते तब तक मंसूर ने दम तोड़ दिया। घटना की खबर सुनते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गये और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कई थानो की पुलिस सहित एक टुकड़ी पीएससी मोहल्ले में तैनात की गयी। वही पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियो ने सोमवार रात को ही घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने मृतक के भाई अशफाक मंसूरी की दी गयी तहरीर पर विरूद्ध गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अशफाक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि सोमवार को छः बजे सांय चुनावी रंजिश को लेकर मोहल्ले के ही शबीर पुत्र अलीशेर, निजामुददीन उर्फ बब्लू पुत्र शबीर, जुबैर पुत्र शरीफ, अतीक पुत्र शरीफ गाली-गलौज करने लगे। अशफाक के द्वारा मना करने पर सभी लोग ने एक राय होकर लाठी-डण्डो से मारने पीटने लगे। अशफाक द्वारा चीखने व बचाव के लिये शोर मचाने पर मंसूर व मसरूफ मौके पर आ गये। जिस पर उपरोक्त लोगो ने उन्हे भी मारना शुरू कर दिया साबिर ने मंसूर के सर पर तलवार मार दी जिससे मंसूर मौके पर ही गिर गया। इसी दौरान निजामुददीन उर्फ बब्लू बंदूक लेकर आ गया और तीनो लोगो को सभी लोगो ने पुनः मारना शुरू कर दिया। मार-पीट होते देखकर जब मोहल्ले वाले बचाने दौड़े तो सभी लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गये। अशफाक के परिजन तीनो लोगो को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये जहां डाक्टरो ने मंसूर की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जहां डाक्टरो ने मंसूर को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार देर शाम मृतक के अन्तिम संस्कार के उपरान्त पुसिल ने राहत की सांस ली। मृतक अपने पीछे पत्नी रूखसाना (25) पुत्री फिजा (12), इंशा (8), अना (7), फलक (6), आएरा (3) को रोता-बिलखता छोड़ गया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 507/23 धारा 363/366/376/ भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त नन्द किशोर पुत्र बांके लाल नि0 रुकनापुर थाना हरगांव जिला सीतापुर को मितौली तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**लखीमपुर खीरी।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गौरीगंज निवासी चंद्रिका प्रसाद पुत्र गिरधारी लाल व ग्राम अहिरवा निवासी बालकराम पुत्र रामचंद्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# खेल अधिकारी ने किया आशा मॉडर्न इंटरनेशनल का दौरा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शहर के प्रतिष्ठित स्कूल आशा मॉडर्न इंटरनेशनल, जनता रोड पर सीबीएसई सहायक कार्यकारी अधिकारी डॉ.मंजीत सिंह ने स्कूल का दौरा किया। ज्ञात हो कि 27 देशो मे सीबीएसई की शाखाएं कार्य कर रही है और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल गतिविधि डॉ.मंजीत सिंह के नेतृत्व में संचालित होती है। स्कूल प्रबंधक भव्य जैन और प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सिंह ने उनका स्वागत किया और उनके आगमन पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्कूल खेल विभागाध्यक्ष व डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अमित चौधरी एवं भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ महानगर संयोजक रविन्द्र शर्मा, उप प्रधानाचार्य मनु मल्होत्रा ने अतिथि का स्वागत सत्कार किया। डॉ.मंजीत सिंह ने स्कूल की भव्यता को देखकर उसकी सराहना की और खेल क्षेत्र में उपलब्धियों पर किए कार्यो को सराहा। विगत वर्षो में कराए गए सीबीएसई खेलो को आगे भी संचालित करने पर विचार-विमर्श किया एवं आश्वस्त किया कि स्कूल में राष्ट्रीय स्तर पर सीबीएसई की ओर से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु अग्रिम सत्र मे अनुमति मिलेगी तथा खेलो को सहारनपुर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

# लूट के मुकदमें में वांछित तीन बदमाश गिरफ्तार

## लूट के 33600 रूपये, अवैध अस्लाह कारतूस बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लूट के मुकदमें में वांछित चल रहे 03 बदमाशों को थाना मण्डी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से लूट की 33600 रूपये की नकदी, अवैध असलाह व कारतूस बरामद हुए है।

पुलिस लाईन स्थित सभागार में पत्रकारों के समक्ष लूट गैंग का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 27 जनवरी .2024 को किशोर कुमार पुत्र कृष्ण लाल ठक्कर निवासी डी-19, गोपाल नगर थाना कोतवाली नगर ने अज्ञात बदमाशों पर उसके के चाचा के घर मदनपुरी कालोनी, मण्डी में घुसकर 1,38,000 रूपये, एक सोने की अंगूठी छीनने व जान से मारने की धमकी देने का मामला थाना मण्डी पर दर्ज कराया था। थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर मण्डी पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए वांछित 03 शातिर अभियुक्त आस मौहम्मद पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम मुल्ला नागराजपुर बेहट रोड थाना कोतवाली देहात, सुधीर उर्फलक्की पुत्र सतीश निवासी मौहल्ला कहरान पुरानी चुंगी थाना कोतवाली नगर व अन्जार पुत्र जसीम आलम निवासी ग्राम मौहर्रा थाना कोचाधामन जिला किशनगंज (बिहार) को सकलापुरी रोड पर श्यामनगर की तरफबाग से पहले कोने के प्लाट से गिरफ्तार किया।



अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 33,600 रूपये नकद 01 चाकू व 01 तमंचा सहित 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। मुकदमा में धारा 411/120ठ भादवि की वृद्धि की गयी। अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनों व हमारे साथी नवीन सैनी, जहांगीर तथा अनिल यादव द्वारा आस मौहम्मद के फैक्ट्री व घर में बैठकर योजना बनाई थी। नवीन ने बताया कि वह मदनपुरी कालोनी में पहले भी पूनम बेकरी वाले दुकानदार के साथ घटना कर चुका है तथा यह दुकानदार पूरा दिन गोल कोठी पर पूनम बेकरी पर दुकानदारी करता है और रात को करीब 11-12 बजे पूरे पैसे लेकर मदनपुरी कालोनी में अपने घर आता है जिस पर सभी की सहमति बनने पर योजनाबद्ध तरीके से 26 जनवरी की रात्रि में लूट की घटना को अंजाम दिया। जो लूट के रुपये आए थे वह आपस में बाँट लिए थे। उन्होंने बताया कि करीब 9 साल पहले भी नवीन सैनी ने अपने साथी नितिन व खुसतर के साथ मिलकर युधिष्ठिर के यहां लूट की थी। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, अतुल कुमार, हैड कांस्टेबल दीपक नागर, राहुल त्यागी, कमल कौशिक व कांस्टेबल शोएब मिर्जा शामिल रहे।

## धर्मार्थ अन्न क्षेत्र राष्ट्र सेवा में समर्पित करना मेरा सौभाग्यः आचार्य देशमुख

**सहारनपुर।** आचार्य देशमुख वशिष्ठ महाराज ने वर्षो से अपने दादाजी पंडित गोविंद देव वशिष्ठ द्वारा संचालित धर्मार्थ अन्न क्षेत्र राष्ट्र को समर्पित कर दिया। पिछ्ले माह मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मंदिर की चॉबी आरएसएस को सौंप दी। मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए आचार्य देशमुख वशिष्ठ महाराज ने बताया कि कई दशक से उनके दादाजी ब्रह्मलीन पंडित गोविंद देव वशिष्ठ मंदिर की देखभाल व सेवा करते थे। उनके जाने के बाद दादाजी मेरे स्वप्न में आए और उनके द्वारा कहे गए वचनों से प्रेरित होकर 14 जनवरी को नगर विधायक राजीव गुंबर के समक्ष मंदिर की जिम्मेदारी आरएसएस के महानगर अध्यक्ष सुनील मित्तल तथा महानगर मंत्री अनुज शर्मा को बुलाकर मंदिर की चॉबी उन्हें सौंप दी। आरएसएस द्वारा भी विश्वास दिलाया गया की उक्त प्रांगण में भी निरंतर देश हित के लिए कार्य करेंगे ताकि ब्रह्मलीन वशिष्ठ भी स्वर्ग से आशीर्वाद देते रहें। आचार्य देशमुख ने बताया कि राम मंदिर के लिए जब देश में हिंसा हुई थी, तो सहारनपुर को हिंसा से बचने तथा मंदिर निर्माण के लिए उनके नेतृत्व में ही एक अलख जगाई गई थी, जिसके लिए उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि अब जब साढ़े 500 वर्ष बाद अयोध्या में श्रीरामजी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ, तो उसे देखने के लिए वह जीवित नहीं है, लेकिन उनका आशीर्वाद हम सब पर सदा बना हुआ है। वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा ने बताया कि ब्रह्मलीन वशिष्ट का सानिध्य उन्हें भी मिलता रहा था, उनके पौत्र आचार्य देशमुख द्वारा राष्ट्र क्षेत्र के लिए दान स्वरूप दिया गया मंदिर मिल का पत्थर साबित होगा। इस कार्य से समाज को संदेश दिया जाएगा कि संत महापुरुषों को राष्ट्रहित और देश हित के लिए जो कार्य हो, उसमें आगे आना चाहिए। इस मौके पर पंडित सुनील देव वशिष्ठ, पंडित राकेश देव वशिष्ठ, पंडित आशीष वशिष्ठ, दीपक राजदेव, विनोद खुराना, अमित यादव, राघव सेठ, विपिन सलूजा आदि मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षा की जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में डलमऊ रहा ओवरऑल चैम्पियन

# व्यक्तिगत में रही प्राथमिक स्तर पर डीह के नागेश भारती और जगतपुर की रीना यादव चैम्पियन



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** ब्लॉक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भविष्य के बड़े खिलाड़ियों ने दो दिनों तक पुलिस लाइंस के ग्राउण्ड पर अपने को अव्वल लाने के लिए खूब पसीना बहाया। दो दिनों तक चली जनपद स्तरीय बेसिक शिक्षा विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियनशीप डलमऊ ब्लॉक के नाम रही। वहीं, व्यक्तिगत चैम्पियनशीप में प्राथमिक स्तर पर टेकारी दांदू के नागेश भारती, बालिका वर्ग में छीछेमऊ की छात्रा रीना यादव व उच्च प्राथमिक स्तर पर रामपुर कसिहा के सौरभ कुमार ओर विनोबापुरी की आंचल विजयी रही। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी बीईओ बृजलाल वर्मा ने कहा कि दो दिनों तक चली प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने अपना सौ प्रतिशत दिया। प्रतियोगिता में विजयी सिर्फ एक ही खिलाड़ी को होना होता है, तो एक ही खिलाड़ी ने मैदान फतेह किया। बीईओ डा0 सत्यप्रकाश यादव और वरुण मिश्रा ने बताया कि आज जनपदीय स्तर की प्रतियोगिता में विजयी होने वाले खिलाड़ी आठ फरवरी से सीतापुर में होने वाली मंडलीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जनपदीय स्तर की क्रीड़ा प्रतियोगिता में दूसरे दिन उच्च प्राथमिक स्तर पर 600 मीटर दौड बालक वर्ग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान दीपांशू, रोहित कुमार, सत्येन्द्र, बालिका वर्ग में मोहिनी, मंगला सरोज, काजल, 400 मीटर बालिका वर्ग में आंचल, खुशी, कामिनी, बालक वर्ग में हरिओम, अनुज, करन बहादुर, 200 मीटर बालिका वर्ग में जोया, नन्दिनी, खुशी, बालक वर्ग में अजय सिंह, शैलेन्द्र, श्रवण, 100 मीटर बालिका वर्ग में ऊषा, आंचल, आंशी, बालक वर्ग में सौरभ कुमार, अनुज, अजय सिंह को प्राप्त हुआ। प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिताओं में 400 मीटर बालिका वर्ग में शीबा, रीना यादव, संध्या, बालक वर्ग में सुमित, मो0 आसिफ, संकल्प, 200 मीटर बालक वर्ग में नागेश भारती, राजन, शुभम, बालिका वर्ग में संध्या, शिवानी, अर्चना, 100 मीटर बालिका वर्ग में रीना यादव, माही, शुभी पटेल, बालक वर्ग में सुमित कुमार, शिवम, अभिलाष, 50 मीटर बालक वर्ग में नागेश भारती, अभिलाष, शुभम, बालिका वर्ग में रीना यादव, सुनेहा, शुभी पटेल को दौड़ में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, टीम स्पर्धा में उच्च प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक वर्ग में ऊंचाहार, खो-खो में बालक वर्ग में रोहनिया और बालिका वर्ग में हरचंदपुर की टीम विजयी रही। प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में सतांव की टीम, खो-खो में बालक-बालिका में हरचंदपुर की टीम विजयी रही।

## मोबाईल प्रदर्शन वैन के माध्यम से चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में ईवीएम-वीवीपैट के माध्यम से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर मोबाईल प्रदर्शन वैन के द्वारा मत डालने संबंधी जानकारी उपलब्ध करायी जा रहा है। तहसीलों में 07 फरवरी 2024 को मोबाईल प्रदर्शन वैन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

तहसील बेहट स्थित मतदान केन्द्र की संख्या व नाम 206-पूर्व माध्यमिक विद्यालय शेरपुर खानाजादपुर, 207-प्राथमिक विद्यालय चानचक मजरा शेरपुर खानाजादपुर, 208-प्राथमिक विद्यालय गेल्लेवाला मजरा शेरपुर खानाजादपुर, 209-प्राथमिक विद्यालय मीरपुर, 210-इंग्लिश मिडियम अपर प्राइमरी स्कूल रसूलपुर कंला, 211-प्राथमिक विद्यालय भटपुरा, 212-प्राथमिक विद्यालय भैंसराऊ, 213-प्राथमिक विद्यालय मौ हुसैनपुर उर्फ निवादा, 214-प्राथमिक विद्यालय फ्तेहपुर भादो, 215-पूर्व माध्यमिक विद्यालय फ्तेहपुर भादो, 216-एंग्लो हिन्दुस्तान पब्लिक इंटर कालेज छुटमलपुर। तहसील नकुड स्थित मतदेय स्थल की संख्या व नाम 9-प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा उर्फखोसपुरा, 10-प्राथमिक विद्यालय शेरमऊ, 11-प्राथमिक विद्यालय कोठडा, 12-प्राथमिक विद्यालय मोहनपुरा, 13-प्राथमिक विद्यालय कम्हेडा, 14-आदर्श किसान मजदूर जूनियर हाई स्कूल सालारपुरा, 15-प्राथमिक विद्यालय मेघनमजरा, बिसनोट, 16-प्राथमिक विद्यालय हलवाना, 17-प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर। तहसील सहारनपुर स्थित मतदान केन्द की संख्या व नाम- 37-आर्य शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल, 38-टैगोर विद्यापीठ इंटर कालेज खलासी लाईन, 39-बजाज इंटरनेशनल स्कूल न्यू शारदा नगर सहारनपुर, 40-पूर्व माध्यमिक विद्यालय खलासी लाईन, 82-सोफ्यिा गर्ल्स हाईस्कूल रेलवे कालोनी सहारनपुर, 83-एमडी गर्ल्स इंटर कालेज नवीन नगर सहारनपुर। तहसील देबवन्द स्थित हल्का ग्रामः गंगोली गुर्जर, डंघेडा, जौली डिण्डौली। तहसील रामपुर मनिहारन स्थित मतदान केन्द की संख्या व नामरू- 123-रधुवीर शरण पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, 124-प्राथमिक विद्यालय नम्बर-2 नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, 125-जैन इन्टर कॉजेल नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, 126-प्राथमिक विद्यालय नम्बर 1 देवबन्द रोड, नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, 127-प्राथमिक विद्यालय तेलीपुरा नगर पंचायत रामपुर मनिहारान। जनसाधारण से अपील की जाती है कि उपरोक्त मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

## पत्रकार रविन्द्र चौधरी का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**सहारनपुर।** वयोवृद्ध पत्रकार रविंद्र चौधरी का आज दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया, जिनका बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन की सूचना पर जनपद के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई और सभी ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि 70 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार पत्रकार रविंद्र चौधरी पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह पिछले 10 दिनों से वेंटिलेटर पर थे। आज उन्होंने दिल्ली में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर छा गई और सभी पत्रकारों ने उनके निधन को पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ी क्षति बताया। पत्रकार रविंद्र चौधरी छात्र समय से ही राजनीति में सक्रिय हो गए थे और पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने छात्र राजनीति की और उसके साथ वह फिर पत्रकारिता से जुड गए थे।

## होता रहा खनन, नहीं पहुंचा मौके पर कोई जिम्मेदार



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** अवैध खनन के विषय पर भले ही प्रदेश के मुखिया ने कड़े निर्देश दे रखें हो किन्तु जमीनी हकीकत उसके उलट है। खनन रोकने में जिम्मेदार ही उसको धार दे रहे हैं। जिलाधिकारी का निर्देश भी कोई रंग नहीं ला रहा। ताज़ा मामला मामला सोमवार का है। क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में मजरे रामबली पुरवा निवासी एक व्यक्ति द्वारा खेत में लोडर मशीन से खनन करवाया जा रहा था। इस संबंध में जब हल्का लेखपाल दीपक से जानकारी ली गयी तो उन्होंने 50 ट्राली का परमीशन होने की बात बताई। किन्तु मौके पर सैकड़ों के ऊपर ट्राली मिट्टी की खुदाई की बात जब कही गयी तो उन्होंने चुप्पी साध ली। नाम न छापने की शर्त पर गाँव के ही एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि इसकी शिकायत एसडीएम तरबगंज भरत भार्गव से की गयी जिसपर उन्होंने लेखपाल व नवाबगंज थाना प्रभारी को अवगत कराने की बात कही। किन्तु दोपहर दो बजे की शिकायत पर शाम तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके चलते रात तक खनन जारी रहा। वहीं आधा दर्जन ट्रालियो के निरंतर आने जाने बरसात से गीला चकमार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गया। पिछले वर्ष ही ग्राम प्रधान संतोष पांडेय ने मार्ग का दुरुस्तीकरण कराया था। अब गन्ने लदी ट्रालियां नहीं निकल पाएंगी। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है।

# भाजपा किसान मोर्चा की मंडल कार्यशाला का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** भाजपा किसान मोर्चा की मंडल कार्यशाला का आयोजन आज सात मंडलों में किया गया।जिसमें ग्राम परिक्रमा यात्रा की तैयारी के लिए मंडल कार्यसमिति के सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए और सभी को नमो ऐप डाउनलोड कराया गया। सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से ग्राम परिक्रमा यात्रा के जरिए सभी मंडल की प्रत्येक ग्रामसभा में पहुंचने और राज्य और केंद्र की योजनाओं का सभी को शत प्रतिशत लाभ दिलाने और लाभार्थियों से जन संपर्क करने का संकल्प लिया गया।करनैलगंज विधानसभा के गोपालग्राम मंडल में मंडल अध्यक्ष सालिकराम की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी एवं जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह तथा सरयू मंडल में मंडल अध्यक्ष रंगनाथ तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी एवं जिला उपाध्यक्ष श्याम किशोर मिश्र उपस्थित रहे।मनकापुर विधानसभा के नवाबगंज नगर मंडल में मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि दुर्गेश कुमार गुप्त जिला कोषाध्यक्ष एवं नवाबगंज ग्रामीण मण्डल में मंडल अध्यक्ष जयराम चौहान की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी शिवांशु मिश्र उपस्थित रहे।विधानसभा मेहनौन के खरगूपुर मंडल में मंडल अध्यक्ष बृजेश तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री देव नारायण मिश्र एवं मंडल मेहनौन में मंडल अध्यक्ष राघव राम मिश्र की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला मंत्री अवधेश वर्मा,मुजेहना मंडल में मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त द्विवेदी की अध्यक्षता में मंडल प्रभारी अंबरीश मिश्र उपस्थित रहे।



## वनविभाग ने वनमाफियाओ पर लगाई लगाम की बडी कारवाईः विनोद कुमार नायक

**नवाबगंज गोंडा।** क्षेत्र के टिकरी रेंज पर लगातार दुसरे माह भी वनमाफियाओ पर वनविभाग ने की कडी कारवाई जंगली सागौन सहित ग्रामीण क्षेत्र से लदी दो पिकप पर लदा करीब पकडा 37 बोटा सागौन लकडी वनाधिनियम तहत की कारवाई वनमाफियाओ से भिडंत पर वनविभाग ने फायरिंग कर वनमाफियाओ मे फैलाया दहशत नही बख्शा जाएगा वन माफियाओ को टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने दी जानकारी । मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के टिकरी रेंज पर मंगलवार को वन विभाग के टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी मे बताया कि सोमवार को कोतवाली क्षेत्र मनकापुर के परसापुर थनवा निबिहा मार्ग पर मुखबिर मिली सूचना आधार पर एक पिकप जिस लकडी लदी थी रोकने का प्रयास किया पर पिकप लेकर ड्राइवर भागने लगा तब वनविभाग के द्वारा जब फायरिंग की गई तो वह लोग पिकप छोड़ फरार हो गए जब पिकप की जाच की गई तो पिकप पर जंगल की करीब 12 बोटा सागौन लकडी बरामद हुई इस पिकप पर कुल चार लोग सवार थे सभी भाग गये जब गाडी का पता किया गया तो गाडी मालिक उदय सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी भिटौरा मनकापुर व उस पिकप का ड्राइवर संतराम पुत्र जवाहरलाल निवासी मनकापुर बंदरहा का गाडी के दस्तावेज से मिला दो और कई शिनाख्त नही हो पाया इस मामले मे दो नामजद और दो अग्यात सहित कुल चार लोगों पर 26 फारेस्ट एक्ट, 41/42,52क वनाधिनियम तहत मुकदमा दर्ज किया गया है वही बीते शुक्रवार को वनविभाग ने कोतवाली क्षेत्र के गैलन ग्रंट गांव के जमुनहा मे ग्रामीण अंचल की एक पिकप पर लदी सागौन लकड़ी को पकड़ा था इन दोनो मामले में वनविभाग वनाधिनियम तहत कार्रवाई कर अग्रिम कारवाई भी जल्द करायेगा।

## एनटीपीसी ऊंचाहार के 10 खिलाड़ियों का हुआ नेशनल जु-जुत्सु चैंपियनशिप के लिए चयन



**ऊंचाहार, रायबरेली।** जु-जुत्सु संघ रायबरेली एवं जु-जुत्सु संघ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में राज्य स्तरीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी, लखनऊ, आदि जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी ऊंचाहार के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था, जिसमें 10 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल जुजुत्सु चैंपियनशिप के लिए अपना नाम दर्ज कराया बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में पर्णिका सिंह और आहना त्रिपाठी रहे जबकि बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में शिवेंद्र सिंह, अंश मौर्य, पीयूष कमल, युवराज मौर्य, नित्येन्द्र प्रजापति, सूर्यांश पांडे, अभिज्ञान श्रीवास्तव, और सीनियर वर्ग में राहुल कुमार पटेल का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया। आगामी नेशनल चैंपियनशिप में इन खिलाड़ियों के द्वारा उत्तर प्रदेश का नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। जिला जु-जित्सु संघ रायबरेली के सचिव /पुर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने कहा जिस प्रकार राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है ठीक उसी प्रकार हमें राष्ट्रस्तरीय चैंपियनशिप में भी उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करना है। स्पोर्ट्स काउंसिल एनटीपीसी के सचिव उज्जवल प्रताप सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा हमारे लिए गर्व का पल है की हमारे यहां से 10 बच्चों का सिलेक्शन नेशनल के लिए हुआ है बच्चों को और कड़ी मेहनत करनी चाहिए जिससे उन्हें नेशनल लेवल पर भी सफलता मिल सके।

# सेमिनार में मुख्य रूप से अंतरिम बजट पर एसआरएमयू में विचार विमर्श

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** रजत मेहरा, सीए आशीष कुमार पाठक, सी एम ए शाकुंभरी तिवारी, सीए /सीएस हर्ष वर्धन पांडेय ने बजट को लेकर अपने विचार रखे। सीएमए शाकंबरी तिवारी ने कहा कि वह एमएसपी और कृषि क्षेत्र के बारे में बात करती हैं और कृषि और विनिर्माण के बारे में और विनिर्माण क्षेत्र में उर्वरकों और कृषि फसलों की लागत के बारे में भी गहरी जानकारी देती हैं और उन्होंने हमें कृषि के बारे में भी अच्छी जानकारी दी और उन्होंने यह भी कहा कि हमें किसानों की आय को दोगुना करने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि ÷सरकार ने इस बजट में ये संकेत दिया है कि वो हमें पढ़ायेगी लायक बनायेगी लेकिन नौकरी नहीं देगी और हमें आत्मनिर्भर बनना है और नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना है।रजत मेहरा ने कहा कि वह हमें अंतरिम बजट 2024-25 के बारे में भी बताते हैं। उनका कहना है कि इस अंतरिम बजट में केंद्र सरकार राज्य को 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है। प्रोफेसर डॉ. बीके बाजपेयी ने भी अंतरिम बजट के बारे में बताते हुवे कहा कि इसे वोट ऑन ए/सी के जरिए मंजूरी दी जाती है।

संविधान ने अंतरिम बजट के माध्यम से सरकार को कर लगाने की शक्ति दी है। सीए सीएस हर्षवर्द्धन पांडे ने विस्तार से बताते हुए कहा कि वह आर्थिक सर्वेक्षण और बजट के बीच अंतर के बारे में बताते हैं. बजट में सरकार आगामी वर्ष के लिए प्रस्ताव करती है कि वे पिछले वर्ष में क्या करेंगे और आगामी वर्ष में क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने हमें सरकार की भविष्य की योजनाओं के बारे में जानने के लिए आर्थिक सर्वेक्षण का अध्ययन करने का भी सुझाव दिया। इस मौके पर प्रो. डा. मुनीश कुमार तिवारी डीन आईएमसीई , प्रो. अलका सिंह एसोसिएट प्रोफ़ेसर, डा. मनोज कुमार, डा. मधु दीक्षित, कार्यक्रम संयोजक डा. वीना सिंह, डा. नैंसी गुप्ता, सह संयोजक प्रशांत अवस्थी, डा. गायत्री नेगी, आयोजक प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# पुले बगदाद का दिलसोज मंजर देख रोये अज़ादार





अवधनामा संवाददाता

**इमाम मूसा काज़िम की शहादत पर हुई मजलिसें**

**लखनऊ।** शियों के सातवें इमाम हजरत मूसा काज़िम अलैहिस्सलाम की शहादत के मौके पर मंगलवार को शहर के तमाम इमामबाड़ों, कर्बलाओं और घरों में मजलिस ओ मातम के आयोजन के साथ इमाम के ताबूत की जियारत भी करायी गयी। वहीं शहर की अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी करके इमाम की शहादत का गम मनाया। इस गम में लोगों ने काले लिबास पहने व काले झंडे लगाये। इस दौरान पुराने शहर के इलाकों में अस्सलाम अलैका या मूसी-ए-काजिम, सैयदी मौला, सैयदी मौलाकी सदाएं गूंजती रही। इसी क्रम में छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में असीर-ए-बगदाद का मातम शीर्षक से आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अब्बास इरशाद नक़वी ने इमाम की सीरत बयान करते हुए कैदखाने में इमाम पर गुजरी मुसीबतों को बयान किया। मौलाना ने कैदखाने में इमाम (अ.स.) की शहादत का मंजर बयान किया तो अकीदतमंदों की आंखों से आंसू टपकने लगे। मजलिस के बाद हजरत इमाम मूसा काजिम (अ.स.) के ताबूत की जियारत करायी गयी व पुले बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया गया। जिसे देखकर अजादारों की आंखों से जारो-कतार आंसू निकल पड़े। कार्यक्रम का आयोजन खादिमाने इमामे मूसा काजिम (अ.स.) ने किया था।

# जश्ने फतेह खैबर में देर रात तक चला शेरो शायरी का दौर

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी में जश्ने फतेह खैबर का आयोजन किया गया। हजरतगंज वार्ड स्थित एसएम महदी के इमाम बारगाह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुकामी शायरों ने मौला अली की शान में एक से बढ़कर एक कलाम सुनाया जिसे सुनकर लोग झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत तेलावत ए कुरान से आदिल रिजवी ने किया। कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू हो कर देर रात तक चला।

मंगलवार की रात कस्बे के हजरतगंज मोहल्ला में एसएम महदी के इमामबारगाह में जश्ने फतेह खैबर महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तेलावत से की गई। इसके बाद शुरू हुआ शेरो शायरी का दौर। मुकामी शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। सबसे पहले छोटे छोटे बच्चों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। बच्चों के बाद शायरों का सिलसिला शुरू हुआ। हसन इलाहाबादी ने अपना कलाम पढ़ा तो मजमा वाह वाह कर उठा। उन्होंने ने पढ़ा कि-बात जब निकली तो निकली मरहबो अंतर की बात, दरमियाँ में खुद बखुद ही आगई हैदर की बात। इसके बाद औन रिजवी ने पढ़ा-मरहब के टुकड़े जब हुए खैबर की जंग में, हर दुश्मने रसूल का चेहरा उतर गया। अली सरदार ने पढ़ा-टूट जाता आसमां बढ़ती जो पांचो उंगलियां, वह तो कहिये दो बढ़ी थीं बाबे खैबर के लिए। इस शेर पर लोग नारा लगाने लगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रौशन करारवी ने पढ़ा- बुजदिल भी बहादुर का अलम मांग रहे थे, जाहिल भी मोअल्लिम से कलम मांग रहे थे, मालूम नहीं था जिसे इमला भी अलम का, वह लोग भी खैबर में अलम मांग रहे थे। इसके बाद मौलाना सैयद हैदर अली ज़ैदी ने कहा कि जंगे खैबर एक ऐसी जंग थी जो चालीस दिन तक चली। मुसलमान रोज जाता और मार खाकर वापस आजाते, आखिर में रसूले अकरम ने फरमाया कल मैं उसको अलम दूंगा जो कर्रार होगा गैरे फ़र्रार होगा, दुश्मन पर बढ़ बढ़कर हमला करने वाला होगा, रसूल ने आवाज दी अली कहां हैं मौला अली आये तो रसूल ने अलम अली के हाथों में देकर रुखसत किया। मौला अली ने मरहब को कत्ल कर दुश्मन के किले का दरवाजा जो खैबर के नाम से जाना जाता था अपनी दो उंगलियों से उखाड़ कर फेंक दिया था उसी फतेह खैबर की याद में इस महफिल का आयोजन किया गया था। इसके बाद अकीदतमंदों ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी।

## जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में पश्चिमसरीरा की छात्रा ने परचम लहराया

**कौशाम्बी।** (सहज शक्ति) पांच फरवरी से हो रहे युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग प्रयागराज के तत्वाधान में जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में महर्षि पब्लिक इंटर कॉलेज नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा कौशांबी की छात्रा महक सिंह ने प्रशस्ति पत्र व मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। महक की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है विद्यालय के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी ने महक को शुभकामनाएं दी एवं बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ में विद्यालय के प्रधानाचार्य एस एन पांडे उप प्रधानाचार्य भास्कर सिंह निर्देशक अंशु सिंह अनुशासन प्रमुख सुरेखा सिंह बसंत कुमार उमेश कुमार व समस्त टीचर्स स्टाफ ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी । विद्यालय की छात्राओं को महक प्रेरणा लेकर आगे बढने की शिक्षा लेनी चाहिए।

# आंखें मूंदकर दी मान्यता

अवधनामा संवाददाता

**कोंच।** अच्छी शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मनवाने फीस वसूलने वाले निजी स्कूल सुविधाओं के मामले में शून्य है। इन स्कूलों के पास ना तो पर्याप्त भवन है और ना ही खेल मैदान?। चंद कमरों में संचालित यह स्कूल मान्यता के नियमों पर भी खरे नहीं उतर रहें हैं। बावजूद शिक्षा महकमा नियमों को अनदेखा कर संचालित होने वाले निजी विद्यालयों पर कार्रवाई करने की जरा सी जहमत नहीं उठा रहा है। जानकारी के अनुसार कोंच कस्बे में लगभग आधा सैकड़ा से अधिक निजी स्कूल संचालित है। इनमें से कुछ स्कूलों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश मान्यता के मापदंडों पर भी खरे नहीं उतर रहें हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ शैक्षणिक माहौल प्रदान करने का दावा करने वाले इन निजी विद्यालयों के पास ना तो पर्याप्त भवन है और नहीं खेल मैदान। वैसे तो कस्बे में 53 स्कूल संचालित है, जिनके पास प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल की मान्यता है लेकिन स्कूल भवन के नाम पर केवल दो से तीन कमरे हैं, जिन्हें भेंड़ बकरियों की तरह बच्चों को प्रतिवर्ष बैठाकर स्कूलों का संचालन होता चला आ रहा हैं। अभिभावकों से शिक्षा माफियाओं द्वारा मोटी रकम वसूली जा रही है। इतना ही नहीं इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय से यूनिफॉर्म, पुस्तकें एवं स्वेटर इत्यादि खरीदने का दबाव बनाया जाता है। शिक्षा माफिया द्वारा अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जाती है। इन स्कूलों में तैनात अध्यापक ना तो शिक्षण कार्य की योग्यता रखते है, फिर कैसे बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं इस पर सवाल खड़े हो रहें हैं तथा जिला स्तर पर इन स्कूलों को मान्यता किस आधार पर प्रदान कर दी गई है इस पर भी सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। गौरतलब इन स्कूलों के संचालक शिक्षा माफिया सत्ता दल के नेताओं से सांठगांठ बनाते हैं जिससे उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई ना हो और ऐसा ही गरीब अभिभावकों का शोषण होता रहे। खुलेआम इन स्कूलों में आरटीई एक्ट 2009 की धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं इस गंभीर मामले में नगर शिक्षा अधिकारी का कहना है कि जल्द ही अभियान चला कर ऐसे स्कूलों को चिन्हित किया जाएगा और भौतिक सत्यापन कर विभागीय कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## बाइक चोरी मे युवक को डेढ़ साल की सजा

**उरई।** बाइक चोरी में दोष सिद्ध होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू यादव ने आरोपी को डेढ़ साल की सजा सुनाई साथ ही एक हजार रुपए जुर्माना लगाया। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी कंदप्रेश द्विवेदी ने बताया ने बताया की शहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी विमल कुमार ने कोतवाली पुलिस को 15 अप्रैल 2004 को तहरीर देकर बताया था की वह गणेश गंज मोहल्ला बाइक से गए थे ! बाइक को खड़ी कर कुछ काम से अंदर किसी से मिलने गए जब वापिस आकर देखा तो बाइक गायब थी ! आसपास बाइक को देखा लेकिन कही बाइक नजर नही आई पुकिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी पुलिस ने कोंच कोतवाली मौहल्ला सुभाष नगर निगम विवेक बाजपेई को उरई में एक रैली में सामिल होने के दौरान गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया ! पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी बीस साल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में चले ट्रायल के बाद मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई।

# शादी समारोह से लौट रहे युवकों पर हमला

अवधनामा संवाददाता

**एक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, बीच-बचाव में दूसरा गंभीर घायल**

**उरई जालौन।** आटा थाना क्षेत्र में विवाद के बाद शादी समारोह से लौट रहे युवकों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें एक युवक की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। वहीं, उसको बचाने में दूसरा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उरई के आटा थाना क्षेत्र में एक युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। उसको बचाने पहुंचे एक युवक को भी आरोपियों ने घायल कर दिया। घटना की जानकारी पर आटा थाना समेत आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी डॉ. ईरज राजा ने भी जांच पड़ताल की। आटा थाना क्षेत्र के परासन के मजरा भडरा डेरा निवासी किसान भूप सिंह गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर हमीरपुर जिले के गांव दोहराई में एक शादी कार्यक्रम में गया था। यहां किसी बात पर उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया। लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला शांत हो गया। देर रात करीब गांव वापस लौटते समय आरोपियों ने उन्हें घर लिया। उनके हाथ में धारदार हथियार और लाठी डंडे थे। भूप सिंह की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। उसको बचाने में चंद्रशेखर भी घायल हो गया। अभी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। एसपी ने बताया कि तहरीर आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मुख्य आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस बताया कि मामले में हरीलाल (हमीरपुर निवासी), हीरालाल, ब्रजकिशोर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं, मुख्य आरोपी लाला फरार चल रहा है। उसकी तलाश में टीमों को लगाया गया है। एक क ही परिवार के लोगों के बीच विवाद था। आरोपी पक्ष के कई लोग नशे में थे।

# भाजपा की सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में विफल: ममता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस महिला मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर महंगाई को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने एलपीजी गैस, खाद्यान्न, किराने का सामान जैसी जरूरी चीजों की कीमतों को विनियमित और नियंत्रित कर उस पर पर्याप्त सब्सिडी प्रदान करने की मांग की। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में नारी न्याय के रूप में अपनी मांगों को जारी करते हुए उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस प्रदेश में महिलाओं से मिल उनकी समस्याओं को जानने और समझने को लगातार प्रयासरत है। प्रदेश की महिलाओं की समस्याओं और सुझावों को नारी न्याय में रेखांकित किया गया है। ममता चौधरी ने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन होना चाहिए। लिंग अंतर समानता को जल्द से जल्द पाटा जाए और सरकार समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने के लिए नियम लाए। महिला स्वास्थ्य पर उन्होंने पूरे भारत विशेष कर ग्रामीण इलाकों में बुनियादी स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य पैकेज की जरूरत पर बल दिया। युवा लड़कियों को शारीरिक, मानसिक और साइबर हिंसा से बचाने के लिए बुनियादी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसी के साथ उन्होंने शहरों और गांवों में हर 5 किलोमीटर की दूरी पर महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक शौचालय स्थापित कराने की मांग की। उन्होंने राजनीति में महिला सशक्तीरण के लिए महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के खिलाफ सबसे जघन्य अपराध करने वालों की रक्षा कर शैतानी रुख दिखाया है।

# रिमॉडलिंग कार्य के कारण ट्रेनों का मार्ग में होगा परिवर्तन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल पर प्रयागराज पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन खण्ड के जिवनाथपुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 8 से 11 फरवरी तक चलने वाली 12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज व रामबाग के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन पर रुकेगी। बनारस से 9 से 13 फरवरी तक चलने वाली 12168 बनारस लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बनारस, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जंक्शन और मानिकपुर के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन पर रुकेगी। दुर्ग से 9 फरवरी को चलने वाली 18201 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग व वाराणसी के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन पर रुकेगी। नौतनवा से 9 एवं 11 फरवरी को चलने वाली 18202 नौतनवा दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जंक्शन और मानिकपुर के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन पर रुकेगी। कोल्हापुर से 9 फरवरी को चलने वाली 11045 कोल्हापुर धनबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन पर रुकेगी। गुवाहाटी से 8 फरवरी को चलने वाली 15632 गुवाहाटी बाडमेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग व प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 9 एवं 11 फरवरी को चलने वाली 12818 आनन्द विहार टर्मिनस हटिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। कोलकाता से 9 फरवरी को चलने वाली 12496 कोलकाता बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 10 फरवरी को चलने वाली 22410 आनन्द विहार टर्मिनस गया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पं. दीन दयाल उपाध्याय जं के रास्ते चलायी जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 12 फरवरी को चलने वाली 22806 आनन्द विहार टर्मिनस भुवनेश्वर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। गुवाहाटी से 10 फरवरी को चलने वाली 15634 गुवाहाटी बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग व प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। नई दिल्ली से 11 फरवरी को चलने वाली 22450 नई दिल्ली गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी। भुवनेश्वर से 11 फरवरी को चलने वाली 12819 भुवनेश्वर आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जंक्शनके रास्ते चलायी जायेगी।

## तीन दिवसीय कौशल लिटरेरी फेस्टिवल 9 से 11 फरवरी तक

**लखनऊ।** तीन दिवसीय कौशल लिटरेरी फेस्टिवल 9 से 11 फरवरी तक होगा। ला मार्टीनियर ब्वॉयज कालेज में होने वाले इस फेस्टिवल में लेखक जान जुब्रिस्की, मुजफ्फर अली, तिग्मांशु धूलिया, गुरचरन, सत्यसरन, नस्लीमा और पुष्पेश पंत जैसी नामी हस्तियां मौजूद रहेंगी। संस्थापक प्रशांतशील सिंह और समारोह निदेशक अमिताभ सिंह बघेल ने बताया कि पहले दिन नौ फरवरी को सीमैक फॉरलैण्ड लीगेसी ऑफ ला मार्टीनियर क्लाउड मार्टिन एण्ड कान्स्टेण्टिया विषय परविचार रखेंगे। इसी क्रम में प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश मेश्राम संस्कृति के दर्पण में कौशल सत्यसरन का फोर इण्टर कनेक्टेड लाइव्स पर व्याख्यान के बाद गुरसरन दास व जान जुब्रिस्की से अली महमूदाबाद की बातचीत होगी। शाम को रामपुर सहसवान घराने से ताअल्लुक रखने वाले हांगकांग के फनकार उस्ताद गुलाम सिराज नियाजी का गायन होगा।

# घर में घुसकर की फायरिंग, महिला के आंख में लगी गोली

अवधनामा संवाददाता

**माधौगढ़।** सोमवार देर रात एक घर में घुसकर फायरिंग की गई। जिससे गोली महिला की आंख में लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मामले की जांच शुरू कर दी।

घटना माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंगरा की है यहां के रहने वाले शिवम गुर्जर की मां प्रधान है। उनके पिता की मौत हो चुकी है आरोप है कि शिवम ने गांव के हरेंद्र पुत्र मटरु को रात में फोन किया, मगर फोन ना उठाने पर शिवम अपने साथियों के साथ हरेंद्र के घर जा पहुंचा, जहां शिवम ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी जिसे देखकर हरेंद्र ने खिड़की खोलकर बात की। इसी दौरान शिवम ने तमंचा निकालकर हरेंद्र के ऊपर खिड़की से फायर कर दिया। जिससे गोली खिड़की के एंगल से टकराती हुई कमरे में लेटी उसकी पत्नी राशि की आंख में लग गई जिससे वह घायल हो गई।

इस घटना से गांव में दहशत फैल गई। आरोप है की घटना को अंजाम देने के बाद प्रधान पुत्र शिवम अपने साथी के साथ मौके से भाग गया। वहीं घटना की सूचना हरेंद्र ने पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जिन्होंने महिला को गंभीर हालत में उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां महिला का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इस घटना के बारे में हरेंद्र ने बताया की शिवम उसके साथ ही रहता था। एक मामले में दोनों का नाम दर्ज था। मगर घटना के बाद उसने साथ छोड़ दिया जिसके बाद से ही शिवम उससे दुश्मनी रख रहा है। रात में उसने इस घटना को अंजाम दिया।

## कृष्णा की गेंदबाजी से भवम सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** भवम क्रिकेट क्लब ने रतीश गुप्ता स्मारक टी-20 कलर ड्रेस कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रयाग क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है, जहाँ उसका मुकाबला दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब से आठ फरवरी को खेला जाएगा। विजेता टीम के कृष्णा यादव की सटीक गेंदबाजी (4 - 3 - 3 - 4) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है। मंगलवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयाग क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 19.4 ओवर में 72 रन (आजम हुसैन 33, अंश सिंह 12 रन, कृष्णा यादव 4/03, उदय प्रताप सिंह 2/11, राहुल सिंह, शुभ शर्मा 2/14) पर बिखर गई। जवाब में भवम क्रिकेट क्लब की टीम ने 5.1 ओवर में दो विकेट पर 73 रन (अथर्व प्रजापति 27, देवाशीष पांडेय 21 रन, विपिन कुमार 1/09, अरविंद कुमार 1/33) पर बना लिए। मैच के बाद पूर्व खिलाड़ी अरुण कुमार ने कृष्णा यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## आल इंडिया आशा बहु कार्यकत्री ने किया प्रर्दशन

**आजमगढ़।** आल इंडिया आशा बहु कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति जिलाध्यक्ष आशा सिंह की नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंची सैकड़ों आशा कार्यकर्तियो ने सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यही नहीं सीएमओ की कार्यशैली से नाराज़ आशाओं का प्रदर्शन देखता बन रहा था। डीएम को पत्रक सौप वहाबी से जुलुश निकाल भाजपा कार्यालय पर भी आशाओं का जबरदस्त प्रदर्शन रहा। मुख्यमंत्री के नामित पत्रक लालगंज जिलाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव को सौंपकर आशाओं ने सीएमओ पर आरोप लगाते हुए कहा की सभी सीएचसी और पीएचसी पर कई माह का मानदेय बकाया है जिसमे आशाओं का टीवीआई का दो वर्ष का भुगतान, सभी आशा व संगिनी का मोबाइल रिचार्ज का भुगतान, प्रधानमंत्री मातृत्व बंदन योजना का समस्त संगीनियो का चार वर्ष का भुगतान और 15 वित्त का जो भी भुगतान वित्तीय वर्ष 2022- 23 में फेल हुआ है उसकी सूची सभी सीएचसी पीएचसी पर उपलब्ध कराई जाए और सभी मानदेय बकाया है।

# एलडीए देगा 583 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

**कामों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कराने के निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** हरदोई रोड बसंतकुंज योजना में 65 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल, 2500 प्रधानमंत्री आवास, यूपी दर्शन पार्क सहित लगभग 583 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात शहर को जल्द मिलेगी। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम युद्धस्तर पर काम कर रही है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने परियोजनाओं को आखिरी रूप देने के लिए मंगलवार को अधिकारियों व अभियंताओं के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी कामों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने सचिव व अपर सचिव की अध्यक्षता में अधिकारियों की टीम गठित की, जो फील्ड में उतर निर्माण, विकास एवं हॉर्टीकल्चर कामों को अपनी निगरानी में पूरा कराएगी। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 117.91 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्र प्रेरणा स्थल विकसित किया जा रहा है। इसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाएं विस्थापित होंगी। बसंतकुंज के सेक्टर-आई में 162.04 करोड़ रुपये की लागत से 2500 प्रधानमंत्री आवास भवनों का निर्माण, ग्रीन कॉरीडोर परियोजना के तहत 33.98 करोड़ की लागत से गऊ घाट पर सेतु का निर्माण और 84 करोड़ रुपये से आई.आई.एम. रोड से हर्डिंग ब्रिज व सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा लगभग 15.58 करोड़ रुपये की लागत से बटलर पैलेस झील, काला पहाड़ झील व एल्डिको उद्यान झील का संरक्षण व सौंदर्यीकरण का काम भी कराया जा रहा है, जबकि 2.35 करोड़ रुपये से सीजी सिटी में लगभग 37 एकड़ क्षेत्रफल में वेटलैण्ड विकसित किया जा रहा है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि इसके अलावा लविप्रा गोमती नगर में 10.5 एकड़ क्षेत्रफल में यूपी दर्शन पार्क विकसित कर रहा है। 10.14 करोड़ की लागत से तैयार इस पार्क में लगभग 350 टन वेस्ट मैटीरियल से 2डी व 3डी मूर्तियां व स्मारक बनाए गये हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक और वास्तुकला विरासत को दर्शाते हैं। इसी क्रम में हेरिटेज जोन में 2.37 करोड़ रुपये से सीनियर सिटीजन पार्क, 4.64 करोड़ रुपये से हैप्पीनेस पार्क व 4 करोड़ रुपये की लागत से फ्रेगरेंस पार्क विकसित किया जा रहा है। हुसैनाबाद क्षेत्र में छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, नौबतखाना, रूमी गेट, घण्टाघर, दर्शन विलास, गुलिस्तां-ए-इरम में आकर्षक फसाड लाइटिंग का काम आखिरी चरण में है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि लगभग 583 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं की सौगात शहरवासियों को जल्द ही मिलेगी।

## अवैध अपार्टमेण्ट पर लविप्रा का चला हथौड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर मंगलवार को महानगर में खुर्रम बिल्डर के बनवाए अवैध अपार्टमेण्ट पर लविप्रा का हथौड़ा व जेसीबी चली। कार्रवाई के दौरान स्थल पर नियम विरुद्ध अतिरिक्त तलों व सेटबैक में किये निर्माण को ध्वस्त किया गया। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि मोहम्मद खुर्रम बिल्डर के साथ राहुल मिश्रा, अनिमेश मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा सहित अन्य लोगों ने महानगर के सेक्टर-बी में भूखण्ड संख्या सी-362 पर लगभग 463.21 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कराया था। बिल्डर ने प्राधिकरण से एकल आवासीय भवन का मानचित्र स्वीकृत कराया, जबकि स्थल पर इसके उलट सेट बैक आच्छादित करते हुए पांच मंजिल तक निर्माण कर अपार्टमेण्ट बनवाया। इस पर विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने पूर्व में स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी, लेकिन बिल्डर की ओर से दोबारा स्थल पर चोरी-छिपे निर्माण कार्य शुरू करा फ्लैटों को अध्यासित कराने का प्रयास किया जा रहा था। प्रवर्तन टीम के स्थल निरीक्षण में इसका खुलासा होने पर दोबारा कार्रवाई के आदेश दिये गये। मंगलवार को प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी संजय जिंदल के नेतृत्व में सहायक अभियंता एन.एन. चौबे व संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान बिल्डर की ओर से मानचित्र के उलट बनाए गये अतिरिक्त तलों व सेट बैक में किये अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भुगतान पर नहीं लगाई गयी रोक

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** एक दैनिक समाचार पत्र में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों के भुगतान पर रोक'' शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुआ है कि प्रदेश भर में इस वर्ष अब तक कराये गये सामूहिक विवाह के 66 हजार लाभार्थियों के भुगतान पर रोक लगा दी गयी है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरूण ने बताया कि यह समाचार निदेशक समाज कल्याण के हवाले से प्रकाशित हुआ है, जबकि 04 फरवरी, 2024 को निदेशक समाज कल्याण को बलिया दौरे में यह कहा गया था कि जनपद बलिया में जिला स्तरीय अधिकारियों के टीम के जॉच एवं सत्यापन के बाद ही लाभार्थियों को भुगतान किया जायेगा। यह वक्तव्य जनपद बलिया के लिए था, न कि प्रदेशभर के जनपदों के लिए। अतः उक्त समाचार के प्रकाशन से प्रदेश के जनपदों में योजना के लाभार्थियों को धनराशि भुगतान के संबंध में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 56236029A | Co-Co bogie frame for WAG-7 electric locomotives as per CLW DRG./Spec. No.06/1/12/78, Alt-7, 06/1/12/79, Alt-2 and 06/1/12/49, Alt-11 and Spec. No. VL-Spec-6 (Rev. 03 October 2015 or latest) and RDSO's STR no. MP.STR.VL-02.02.11 (Rev'01) October 2015. | 02 Nos | 04/03/24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 ईपीएस / 56 / 2024 387/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रामलला का दर्शन कर भावविभोर हो गया अरुणाचल प्रदेश का मंत्रिमंडल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगण पहुंचे। संकटमोचन हनुमान के दिन मंगलवार को श्रीरामलला के दर्शन कर पूरा मंत्रिमंडल भावविभोर हो गया। अरुणाचल प्रदेश का पहला राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल है, जिसने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के साथ राम मंदिर में दर्शन करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। उत्तर प्रदेश की अतिथि देवो भव की परंपरा देख सभी आगंतुक भावविभोर हो गए। दर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना भी हो गया। योगी सरकार के मंत्री ने किया स्वागत योगी सरकार के कृषि व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू व उनके कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को माला पहनाया, अंगवस्त्र भेंट किया और माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अरुणाचल प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। रामलला का दर्शन कर निहाल हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनके कैबिनेट सहयोगियों, विधायकों और अधिकारियों सहित 70 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राम मंदिर दर्शन करने आया है। सीएम पेमा खांडू ने कहा कि मैं दो साल पहले भी अयोध्या आया था, जब श्री राम मंदिर का निर्माण चल रहा था। बहुत उत्साहित हूं कि राम मंदिर बन गया है और मैं दर्शन करने आया हूं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अरुणाचल भवन निर्माण कराए जाने को लेकर हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। 500 वर्षों बाद राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है, यह देश के लिए बड़े गर्व की बात है।




# जमीन दिलाने के नाम पर जालसाजों ने लाखों ठगे

## पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के अंतर्गत पीड़ित राकेश जायसवाल मूलरूप से कोलकाता (बंगाल) निवासी है पीड़ित द्वारा एसएसपी अयोध्या को शिकायती पत्र दिया गया है शिकायती पत्र में कहा गया है कि पीड़ित प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में अपना आश्रम बनाना चाहता था, जिसके संदर्भ में पीड़ित को भूमि की तलाश थी उसी दौरान पीड़ित मुलाकात एक महाराज से हुई उन्होने बताया कि मेरे जानने वाले लोग जिनकी शाकुन्तलम ग्रुप के नाम से फर्म है अनुराग द्विवेदी व श्रेयांश चतुर्वेदी नामक व्यक्ति जमीन का व्यापार करते हैं। उसके उपरान्त उन्होने उक्त दोनों लोगों से मेरी मुलाकात करवाई जिसके बाद वे लोग मुझे ग्राम शाहनवाजपुर स्थित भूमि पर ले गये और बताया कि यह जमीन मेरे ग्रुप में एग्रीमेन्ट है। जिसके उपरान्त मुझे भूमि सम्बन्धित कागजात दिये जिसको समझने के बाद मैने उक्त भूमि में 2160 वर्गफुट जमीन गाटा संख्या-512 मे उमाशंकर पुत्र राम सुन्दर निवासी शाहनवाजपुर (माझा) दर्शन नगर तहसील सदर जनपद अयोध्या के द्वारा किये गये बैनामा से लिया जिसमें शाकुन्तलम ग्रुप कि समस्त भूमिका रही। उसके उपरान्त अनुराग द्विवेदी व श्रेयांश



चतुर्वेदी द्वारा मुझसे उक्त भूमि की बहारदीवारी बनाने के नाम पर रू. 21000/- रूपया इक्कीस हजार लिया और कहा कि एक और जमीन है हम लोगों के पास उसको भी आप लिखवा लीजिये मैंने उक्त भूमि को भी लेने के लिये सहमति कर दी उसके उपरान्त 08 फरवरी 2022 वो श्रेयांश चतुर्वेदी को 4.70,000/- (रुपया चार लाख सत्तर हजार) मैने आई.सी. सी. आई. बैंक शाखा अमानीगंज से निकाल कर बतौर नगद बयाना स्वरूप श्रेयांश चतुर्वेदी को दिया जिससे उपरान्त उन्होंने कहा कि आप मेरे खाते में भी पैसा डलवा दीजिये तो मैंने अपने भाई को फोन करके श्रेयांश चतुर्वेदी के खाते में 8 फरवरी 2022 का ही रूपया 3,00,000/- रुपया तीन लाख आर.टी.जी.एस के माध्यम से खाते में डलवा दिया फिर अनुराग द्विवेदी ने अपनी फर्म शाकुन्तलम में रूपया 9,00000/- रुपया नौ लाख आर.टी.जी.एस. के माध्यम से खाते में डलवाने को कहा और मैंने यह पैसा भी डलवा दिया। जिसके उपरान्त उक्त दोनों प्रतिवादियों ने मुझे आश्वासन दिया कि उपरोक्त बैनामें की दाखिल खारिज हो जाने के बाद दूसरी भूमि का बैनामा हम लोग आपको करवा देंगे। जिसके बाद मैं अपने घर कोलकाता (बंगाल) चला गया क्योंकि पीड़ित शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति है और बार-बार आने में असमर्थ भी है। इसी कारण से काफी समय बीत जाने के बाद मैने उक्त दोनों प्रतिवादियों से फोन पर बात की और दूसरी भूमि का बैनामा करवाने के लिए कहा तो यह लोग टाल मटोल करते हुये फोन पर भ्रमित करने लगे फिर मैं लगातार उन लोगों को फोन करता रहा और निवेदन करता रहा कि मेरी दूसरी जमीन का बैनामा करवा दो परन्तु डेढ़ साल होने के उपरान्त भी उक्त प्रतिवादियों ने मुझे न ही भूमि दी और न ही मेरा पैसा वापस कर रहे हैं। पीड़ित ने एसएसपी से गुहार लगाई की मुझे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और उसका कोई भी निराकरण दोनों प्रतिवादीगण नहीं करवा रहे हैं। जिससे मैं अपने साथ छल व धोखाधड़ी महसूस कर रहा है और मानसिक रूप से पीड़ित हो रहा है। पीड़ित ने कहा कि जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए और मुझे मेरा पैसा वापस दिलाया जाए।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**अयोध्या।** रसूलाबाद बाजार मे नीरज राणा के पेट्रोल पंप पर मंडल के पदाधिकारी द्वारा नवनियुक्त पूरा मंडल अध्यक्ष भाजपा वरुण चौधरी का माला पहनाकर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया स्वागत के दौरान मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी ने सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी हम जैसे एक समान कार्यकर्ता को दी है मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष एवं भूत अध्यक्ष मुन्ना दुबे मंडल उपाध्यक्ष,रामजीत निषाद शक्ति केंद्र संयोजक ऐमी आलापुर,बीरेंद्र वर्मा बूथ अध्यक्ष खानपुर,संजय तिवारी बूथ अध्यक्ष खानपुर,संजय दुबे ग्रामसभा प्रमुख ऐमी आलापुर,मोहनलाल मौर्य बूथ अध्यक्ष आशापुर चंदई,कप्तान तिवारी,राघवेंद्र प्रताप तिवारी,नीरज राणा,पवन तिवारी बूथ प्रमुख,रामजु गौड,बूथ अध्यक्ष हैंसा भरत जी गुप्ता नरेंद्र गुप्ता प्रहलाद सिंह विनय सिंह कन्हैया सिंह गुड्डूआदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव के लिए तय भाजपा चुनाव कार्यालय का विधि विधान से उद्घाटन

**बाराबंकी।** लखनऊ मार्ग पर स्थित काम्पलेक्स में चुनाव कार्यालय 53 लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा अरविन्द मौर्य व जिले के सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में फीता काटकर व विधिवत पूजन अर्चन कर किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि यहाँ पर भोलेनाथ के 2 प्रसिद्ध स्थल है इसलिए बाराबंकी का अलग महत्व है, यह कार्यालय चुनावी गतिविधियों को संचालित करने के लिए खोला गया है। आज से चुनावी शंखनाद बजा दिया गया है हम सब जनता के बीच में जायेंगे। डबल इंजन की सरकार के द्वारा जनता के हित में जो भी कार्य किये गए है उनकी चर्चा करेंगे तथा 2014 से पहले की सरकारों व बाद की मोदी योगी सरकार की तुलना करते हुए विकास कार्यों को जनता को बतायेंगे और 2024 में 2019 से दोगुनी वोटों से भाजपा के सांसद को जिताना है।

# स्कूली बच्चों से भरी ओमनी वैन में ब्रेजा ने मारी टक्कर

## हादसे में 8 छात्र घायल, अस्पताल में भर्ती तीन छात्र समेत चालकों हालत गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** स्कूली बच्चों को लेकर जा रही ओमनी वैन को तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने टक्कर मार दिया। हादसा अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे के अयोध्या सुल्तानपुर सीमा के पास हुआ। दुर्घटना में ओमनी वैन पलटने से 8 बच्चे चोटिल हो गए। विद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में सभी बच्चों को लेकर उपचार करने के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले जाकर भर्ती कराया सभी छात्रों का उपचार करते हुए तीन की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन भी अस्पताल पहुंच



गए। सभी छात्र डालमिस सनबीम पब्लिक स्कूल डोभियारा सुल्तानपुर में पढ़ने वाले हैं। विपरीत दिशा से आ रही ब्रेजा कार ने विद्यालय की ओमनी वैन में जबरदस्त टक्कर मारते हुए जाकर बगल गड्ढे में पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ओमनी वैन में बैठे छात्र देव, दिव्यांश, आदर्श, रजत, प्राची, जय अग्रहरि, इशिता व अंबिका घायल हो गए विद्यालय के अध्यापकों ने आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां पर डॉ अरविंद मौर्या डॉ अनमोल पाठक, डॉ विकास यादव ने उपचार करते हुए तीन छात्रों समेत ओमनी वैन चालक प्रवेश कुमार व ब्रेजा कार में बैठे ओसामा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज रतन सिंह पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचकर दुर्घटना की जानकारी विद्यालय प्रशासन से ली।

इस मौके पर छात्रों के अभिभावक एवं क्षेत्रीय संबंध लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## रक्तदाता भगवान तुल्य है : राजा मान सिंह

**अयोध्या।** थैलीसीमिया व कैंसर पीड़ित के लिए रक्तदान शिविर का का अयोजन राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन के बैनर तले जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित किया गया जिसमें 16 रक्तदाता ब्लड डोनेट कर महादानी बनें।कैम्प का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह ने रिबन काट कर किया।

# पूर्ण पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति बनी रहेः सत्येन्द्र कुमार

*अवधनामा संवाददा*

**बाराबंकी।** भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ए. सुथान, अधिशासी अभियन्ता जल निगम अमित कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, जल निगम सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर, डीपीएमयू एवं टीपीआई स्टाफ सहित समस्त आईएसए एजेन्सी भी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी संस्था को विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर ढंग से कार्य करने, किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने तथा गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने



तथा पाईप लाईन बिछाने हेतु सड़कों कि की गई खुदाई के पश्चात् उन्हें शासनादेश के अनुरूप यथास्थिति सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में कार्यों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल लाई जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्ण पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर भी वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया लंबित है उसको यथाशीघ्र कर अग्रिम कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही जो भी संरक्षित वन है, उसको नियमानुसार संबंधित ई परिवेश पोर्टल के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। पेयजल योजनान्तर्गत जलापूर्ति प्रारम्भ करने के लिए अधिशासी अभियन्ता को लगातार अनुश्रवण करते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्यवाही कराने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन की पेयजल योजना एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है।

# महिलाओं के आत्मसम्मान व आत्मविश्वास बढ़ाने में जुटे है मोदीः कमलेश मिश्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए भाजपा महिलाओं में पैठ बढ़ाने की कवायद में जुट गई है।इसके लिए नारी शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत 10 फरवरी को होगी जिसके जरिए स्वयं सहायता समूह, एनजीओ आदि से जुड़ी महिलाओं से संपर्क साधने की तैयारी है। अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यालय पर सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला में रणनीतिक चर्चा हुई। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए देश की विधानसभाओं एवम संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के प्रति अपनी प्राथमिकता जता दी है। मोदी देश की नारी शक्ति के आत्मसम्मान के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ाने में जुटे हैं। मोदी सरकार की शौचालय निर्माण, उज्वला पीएम आवास, निशुल्क बिजली कनेक्शन जैसी अनेकों कल्याणकारी योजनाएं देश की नारी शक्ति की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को समर्पित है।



उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मातृ शक्ति के बीच जाकर उनसे संवाद स्थापित करके मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की इस अभियान में भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं की टोली के साथ चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित करने हैं, जिससे मातृ शक्ति के मध्य पार्टी की पैठ तो बढ़ेगी ही साथ ही विपक्ष उन्हे बरगला भी नही पाएगा। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम 10 फरवरी शक्ति सम्मान कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर 11 से 14 फरवरी के मध्य आयोजित किए जाएंगे।बताया कि 12 से 21 फरवरी के मध्य स्वयं सहायता समूहों से संपर्क अभियान तथा 25 26 फरवरी को जिला स्तर पर एनजीओ सम्मेलन आयोजित होगा।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 22 फरवरी को लाइव कार्यक्रम के जरिए मातृ शक्ति से जुड़ेंगे। संचालन महामंत्री संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, हरगोविंद सिंह, राम कुमारी मौर्य, गुरुशरण लोधी, शील रत्न मिहिर, रामेश्वरी त्रिवेदी, आरती रावत, अलका मिश्रा अमरीश रावत मौजूद रहे।

# जबरन धर्मांतरण के मामले में 10 लोग गिरफ्तार, काफी सामग्री बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस द्वारा विधि विरूद्ध धर्मान्तरण से सम्बन्धित 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से ईसाई धार्मिक ग्रन्थ व विभिन्न पुस्तकें बरामद हुई।थाना देवा पुलिस टीम द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चकहार मजरे रेंदुआ पल्हरी में स्थित सेण्ट मैथ्यू कॉलेज के पास चर्च में विधि विरूद्ध धर्मान्तरण के सम्बन्ध में पंजीकृत विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2021 से सम्बन्धित वांछित 10 अभियुक्त फादर डोमिनिक पिन्टू पुत्र हेनरी पिन्टू निवासी बचपे एयर पोर्ट रोड थाना बाचपे जनपद मंगलौर राज्य कर्नाटक हालपता सेंट मैथ्यूज स्कूल ग्राम चकहार थाना देवा जनपद बाराबंकी, सरजू प्रसाद गौतम पुत्र बृजलाल गौतम निवासी गडौली थाना खंडासा जनपद अयोध्या, पवन कुमार पुत्र वंशी गौतम निवासी अमानीगंज थाना खंडासा जनपद अयोध्या, सूरज गौतम पुत्र स्व0 बेचू गौतम निवासी सिहैत लोहानी थाना रौनाही जनपद अयोध्या, घनश्याम गौतम पुत्र जमुना प्रसाद गौतम निवासी तेर थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या, सुरेन्द्र पासवान पुत्र माताफेर पासवान निवासी खरगूपुर थाना रूदौली जनपद अयोध्या, राहुल राजपूत पुत्र जगन्नाथ राजपूत निवासी पूरे परसन बारी थाना रूदौली जनपद अयोध्या, राम जनम रावत पुत्र नाथूराम रावत निवासी ओरवा थाना खंडासा जनपद अयोध्या, धर्मेन्द्र कोरी पुत्र अशोक कुमार कोरी निवासी एहियार थाना रूदौली जनपद अयोध्या, सुनील पासी पुत्र धर्मराज पासी निवासी देवी का पुरवा गहनाग थाना खंडासा जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 30 बाइबिल ग्रन्थ, 30 शास्त्र, 07 नया नियम पुस्तक, 07 स्तुति भेंट पुस्तक, 06 रजिस्टर, 05 अदद डायरी व 01 प्रभु ईशु की पिक्चर बुक व 09 बैग बरामद किया गया। इन सभी से पूछताछ में अन्य महत्वपूर्ण तथ्य प्रकाश में आये हैं, जिनकी छानबीन की जा रही है।

# दुर्घटना में बाईक सवार की मृत्यु, एक घायल

**चिउटहा(महराजगंज)।** निचलौल-चिउटहां मार्ग पर नव निर्माण स्कूल के बगल में मंगलवार को अनियंत्रित बाईक सवार युवक की पुल से टकरा कर गिरने से मृत्यु हो गई।मौके पर पहुंची चिउटहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरगांवा (पिपरहवा) निवासी रविन्द्र पटेल उम्र (35) मंगलवार के करीब चार बजे अपने बुजुर्ग बहन विन्द्रावती (65) को लेकर कुशीनगर जिले के बोदरवार रिश्तेदारी में जा रहा था।अभी वह नव निर्माण स्कूल के बगल में पहुंचा था तभी उसकी बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुल से टकराकर गड्ढे में गिर गई।गड्ढे में गिरने से युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि पीछे बैठी बुजुर्ग महिला को चोटें आई हैं।सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी के दीवान सुरेश यादव तथा अभिषेक यादव ने घायल महिला को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी जगदौर पहुंचाया जबकि मृत युवक को निजी साधन से पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इस संबंध में चौकी प्रभारी चिउटहां निरंजन राय ने बताया की मृत युवक के परिजनों को सूचना दे दिया गया है और कागजी कार्यवाही करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दहेज की मांग को लेकर ससुराल में विवाहिता का उत्पीड़न

**बाराबंकी।** गोंडा जिले की रहने वाली एक विवाहिता ने ससुराल में दहेज की मांग को लेकर पीटने व उत्पीड़न का आरोप लगाया है। यह भी कि उसे ससुराल से भगाने का प्रयास हो रहा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार मनीषा सिंह पुत्री राम नरायन सिंह ग्राम भयापुरवा बबुरास थान कनैलगंज जिला गोण्डा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी ग्राम दुर्जनपुर थाना सफदरगंज में शिवम सिंह पुत्र अजय सिंह से 18 महीने पूर्व हुयी थी। उसको पति शिवम सिंह पुत्र अजय सिंह आये दिन अकारण मारते पीटते रहते, खर्चा पानी तक नही देते है। इनके परिवार वाले जिसमें ससुर अजय सिंह व चचिया ससुर पिंटू सिंह पुत्र केवल सिंह व सास आरती सिंह अक्सर प्रताड़ित करने के साथ ही दहेज की मांग करते है। कहते है कि तुम्हे जान से मार देंगे। इन लोगों ने उसका जीना मुश्किल कर दिया। यह लोग उसे घर से भगाने पर आमादा है जबकि वह रहना चाहती है परन्तु पति नहीं रखना चाहता है।

# रोजगार मेले में 209 युवाओं को मिला अवसर, खिल गए चेहरे

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजना विभाग व आईटीआई के सहयोग से सिरौलीगौसपुर ब्लाक में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें शामिल कम्पनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 209 नौजवानों का चयन किया और उन्हें नियुक्ति पत्र भी मौके पर दिया।

सिरौलीगौसपुर ब्लाक में सुबह दस बदे से आयोजित मेले में हाईस्कूल से लेकर परास्नातक और कौशल विकास मिशन के साथ आईटीआई प्रशिक्षित कुल 520 नौजवानों ने पहुंचकर पंजीकरण कराया। मेले में एलजी इलेक्ट्रनिक्स प्रालि, इनटस बायोटेक हेल्थकेयर प्रालि, टोरेनेष हर्बल लाइफ केयर, एसएस गुरप ऑफ मैनेजमेन्ट, टीआईएनएस, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक एण्ड आयुर्वेदिक प्रालि, पुखराज हेल्थ केयर, मेदान्ता प्रालि, मेघा मांइड सल्यूशन, नेक्सा सेक्योरिटी प्रालि, एलएनजे प्रालि, दुर्गा शक्ति सक्योरिटी गार्ड

# आवेदन निरस्त करते समय कारण भी बताया जाएगा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपदस्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विद्याभूषण गोंड और अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के कुशीनगर इकाई के जिलाध्यक्ष दिग्विजय गोंड ने आवेदकों का पक्ष रखते हुए उनके जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आग्रह किया। इस संदर्भ में उनके द्वारा विभिन्न शासनदेशों का हवाला दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को शासनादेशों में वर्णित व्यवस्था के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया।



उन्होंने आवेदन निरस्त करते समय कारण का स्पष्ट उल्लेख करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने प्राप्त आवेदनों में सम्यक कार्यवाही करते हुए निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, सभी तहसीलों के तहसीलदार सहित आवेदक बैठक में उपस्थित रहे।

# माइक्रो फाइनेंस एजेंट से एक लाख रुपए की लूट, मंचा हड़कंप

## लूटेरों ने थानाक्षेत्र के बसडीला गांव में दिया घटना को अंजाम

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** कोठीभार थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बसडीला में मंगलवार को बारह बजे एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट से तीन अज्ञात मोटर साइकिल सवार लूटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। दिन के समय में हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सोमवार को दोपहर म समय एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी का एजेंट थानाक्षेत्र के कुइयां गांव से कलेक्शन का पैसा लेकर बंदी ढाले के तरफ निकला। वह अभी बसडीला गांव के पास पहुंचा था कि पीछे की तरफ से एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात लोगों ने आगे आकर बाइक रोक लिया और रुपयों से भरा बैग छीन लिए और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद एजेंट ने तुरंत अपने मैनेजर सहित डायल 112 पर फोन कर घटना के बारे में सूचना दिया। जैसे ही घटना की जानकारी



कोठीभार थाने को प्राप्त हुई तो पुलिस टीम कुछ ही देर में घटना स्थल पर पहुंच गई। घटना की जानकारी जैसे ही उच्चाधिकारियों के पास पहुंची तो अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह व सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस संदर्भ में सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है, घटना की छानबीन की जा रही है। यदि सत्यता पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा से क्षेत्रीय महामंत्री बनाए गए धर्मनाथ

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने सिसवा नगर पालिका कस्बे के निवासी धर्मनाथ खरवार को गोरखपुर क्षेत्र महराजगंज जनपद से अनुसूचित जनजाति मोर्चा का महामंत्री बनाए जाने पर सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। वहीं नवनिर्वाचित क्षेत्रीय महामंत्री धर्मनाथ खरवार ने कहा है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है, वह जनता के बुनियादी विकास को ऊपर पहुंचाने का कार्य कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक हर योजनाओं का लाभ सरकार पहुंचाने का काम कर रही है। इसी प्रकार भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं क्षेत्र नेतृत्व ने मुझे इस दायित्व को सौंपकर मेरा हौसला बढ़ाने का काम किया है, जिसकी जिम्मेदारी का निर्वहन मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करने का प्रयास करूंगा।

# शक्ति वंदन अभियान की जिला कार्यशाला का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में शक्ति वंदन अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्य ने किया। मुख्य अतिथि संजीव राय ने कहा पिछले साढ़े नौ वर्षो मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी की गरिमा व सुरक्षा और उनके सम्मान व स्वावलंबन के लिए बेहतर वातावरण बनाया गया है। मोदी जी के कुशल नीतियों की ही देन है की कोई भी राजनीतिक दल अब महिलाओं को विधान सभा और देश की संसद में पहुंचने से रोक नहीं पाएगा।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत हुई है।

जिससे आत्मनिर्भर भारत के उत्थान हेतु नीति निर्माण में माताओं-बहनों की भूमिका बढ़ेगी।

उक्त अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र, लाल जी त्रिपाठी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, लोकसभा विस्तारक शैलेश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह,विजयकांत चतुर्वेदी, मधुसूदन अग्रहरी, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, आनंद मणि त्रिपाठी, कृष्णा मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, विकास जयसवाल,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उसका हेमंत जायसवाल, श्रीश चौधरी, राजेंद्र दुबे, मंगल चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी, अरूण मिश्रा, गौरव मिश्र, अनुपमा सिंह, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा फूलचंद जायसवाल, वरिष्ठ नेता अरविंद उपाध्याय, संपूर्णानंद पांडेय, पंकज चौबे मंडल अध्यक्षगण, पार्टी के वरिष्ठ नेतागण आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में NATURAL RESOURCES OF THE OCEAN AND DEEP OCEAN LIFE विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल के उपस्थिति में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आशुतोष श्रीवास्तव के द्वारा विद्यालय के बच्चो को संबंधित विषय पर अत्यन्त महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा समुद्र में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस दौरान बच्चो ने बहुत उत्साह के साथ विषय विशेषज्ञ की हर बात सुनी एवं अपने मन की जिज्ञासाओं को प्रश्न के माध्यम से शान्त किया। उक्त कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल द्वारा एक्सपर्ट को धन्यवाद ज्ञापित करके किया गया।

# टीबी मुक्त जिला बनाने को स्वास्थ्य विभाग ने कसा कमर

## अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर बलगम जांच की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*
**कैलाश नाथ द्विवेदी**

**सिद्धार्थनगर।** स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए कमर कस लिया है। जिले में वर्ष 2023 में निर्धारित लक्ष्य 5333 के सापेक्ष 4516 टीबी रोगियों को चिन्हित कर उपचार प्रारंभ किया गया है। इसी तरह अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर बलगम की जांच कराते हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व टीबी मुक्त जिला बनाने की विशेष पहले शुरू हुई है। विभाग ने वर्ष 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक का रूट प्लान तैयार किया है। इसमें ब्लॉकों पर चिकित्सक, सीएचओ, बीपीएम व बीसीपीएम महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निभाएंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। दरअसल, पीएम ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने की पहल किया है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्लान तैयार कर अधिक से अधिक रोगियों को चिन्हित करने में जुटा है। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए विशेष प्लान तैयार कर योजना को अमली जामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस विशेष कार्यक्रम में ब्लॉकों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को साथ लेकर ग्रामीण अंचल के प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाने की योजना है, ताकि संभावित रोगियों का चिन्हांकन कर जांच कराई जा सके। बताया कि ग्रामीण स्तर पर टीम के उतरने से पहले सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा रिकार्डिंग रिपोर्टिंग, टीएसटीबी, डीआरटीबी, टीबी मुक्त भारत अभियान, ब्लॉकों पर टीबी की सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की योजना, लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत रोगियों की उपलब्धता आदि के बारें में प्रशिक्षित किया जा रहा है।



### इन्हें किया जा रहा प्रशिक्षित

उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. मानवेंद्र पाल ने बताया कि टीबी मुक्त जिला बनाने में ब्लॉकों पर तैनात चिकित्साधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक, फार्मासिस्ट, एएनएम, बीपीएम, बीसीपीएम, एमओटीसी, क्षयरोग कार्यक्रम के सभी स्टॉफ, एलटी, एलए व सीएचओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद यह सभी ग्रामीण स्तर पर कार्य कर जिले को टीबी मुक्त बनाने में योगदान देंगे।

### निक्षय राशि देने वाले बेस्ट ब्लॉक

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 4734 रोगियों के सापेक्ष 3672 रोगियों का निक्षय पोषण योजना की राशि खाते में भेजी जा चुकी है। यह कुल मरीजों का 78 फीसदी है। इसमें खुनियांव 88, शोहरतगढ़ 87, बांसी 81, डीटीसी नौगढ़ 75, इटवा 80 फीसदी पैसा भुगतान किया जा चुका है।

### वर्ष 2023 में चिन्हित रोगी एक नजर में

| कटेगरी | लक्ष्य | मिले रोगी | मिले रोगी फीसद में |
|---|---|---|---|
| पब्लिक | 4433 | 3958 | 89 |
| प्राइवेट अस्पताल | 900 | 558 | 62 |

**सौ फीसदी से अधिक लक्ष्य वाले ब्लॉक एक नजर में-**

| ब्लॉक | लक्ष्य | मिले रोगी | फीसदी |
|---|---|---|---|
| डीटीसी नौगढ़ | 339 | 742 | 219 |
| शोहरतगढ़ | 249 | 292 | 117 |
| बांसी | 335 | 366 | 109 |
| इटवा | 332 | 351 | 106 |

**फिसड्डी ब्लॉक**

| ब्लॉक | लक्ष्य | मिले रोगी | फीसदी |
|---|---|---|---|
| बढ़नी | 366 | 117 | 47 |
| भनवापुर | 366 | 172 | 47 |
| जोगिया | 229 | 88 | 38 |
| लोटन | 175 | 57 | 33 |

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले को टीबी मुक्त बनाने की विशेष पहल हुई है। इसी के तहत ब्लॉकों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद सभी लोग ग्रामीण अंचल में कार्य करते हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व टीबी मुक्त जिला बनाने में सहयोग करेंगे।

**डॉ. एमएम त्रिपाठी, जिला क्षयरोग अधिकारी**

## संक्षिप्त समाचार

### अर्चिष्मान मिश्रा को बनाया गया भाजपा मंडल प्रभारी चिल्हिया



**सिद्धार्थनगर। (अवधनामा संवाददाता)** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने संगठनात्मक नियुक्तियां की है, जिसमे निवर्तमान नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र को चिल्हियाँ मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि अर्चिष्मान मिश्र ने पार्टी के कई दायित्वों पर रहते हुए पार्टी की सेवा की है। इस मौक़े पर अर्चिष्मान मिश्र ने बताया कि संगठन द्वारा मुझपर विश्वास कर मण्डल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है, उसे मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ निर्वहन करूंगा। अर्चिष्मान मिश्र ने कहा कि नव दायित्व के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूं। मण्डल प्रभारी बनने पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, सांसद जगदंबिका पाल, सदर विधायक श्यामधनी राही, जिला प्रभारी हरीचरण कुशवाहा, चेयरमैन गोविन्द माधव, मण्डल अध्यक्ष चिल्हियाँ रमेश मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्र, महेंद्र लोधी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित तमाम लोगों ने बधाई दिया व शुभकामनाएं दिया है।

### जातीय जनगणना कराने के लिए सौंपा ज्ञापन



**बांसी सिद्धार्थनगर। (अवधनामा संवाददाता)** सबका दल युनाइटेड के जिलाध्यक्ष राम सिंह राणा ने उपजिलाधिकारी बांसी द्वारा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर जातीय जनगणना कराने की मांग किया है। मंगलवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष रामसिंह राणा की अध्यक्षता व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार लोधी के साथ तहसील में ज्ञापन देने आए पार्टी के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार दूबे को सौंप दिया। ज्ञापन में लिखा है कि समाज के वंचित शोषित व उपेक्षित वर्ग को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल सके इसके लिए जातीय जनगणना कराए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान परशुराम लोधी, भगवन्त प्रसाद कनौजिया, केशरी नन्दन, सोनी कुमार लोधी सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### इमाम मूसा काज़िम अस के शहादत दिवस पर निकला ताबूत का मातमी जुलूस



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी में इमाम मूसा काज़िम अलैहिस्सलाम की शहादत पर मोमनीन हल्लौर के तत्वाधान में एक मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस के बाद इमाम के ताबूत का मातमी जुलूस निकला जिसमें अक़ीदतमन्दो ने अक़ीदत के साथ नौहा पढ़ मातम किया। शिया बाहुल्य गांव हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर में इमाम मूसा काज़िम अस के शहादत पर आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कहा कि इमाम ने अपनी पूरी जिंदगी इस्लाम के प्रचार प्रसार में लगा दी। उनके जमाने में इस्लाम ने अपना दायरा बढ़ाया था। जिससे परेशान दीन के दुश्मनों ने इस्लाम के प्रचार प्रसार को रोकने के लिए इनके ऊपर तरह-तरह के ज़ुल्म ढाये।जिनके शहादत की याद में अरबी माह के रजब की 25 तारीख को शोक दिवस के रूप में मनाया जाता है। मजलिस के अंत में जाकिर ने इमाम पर हुए ज़ुल्म के मसाएब बयान किया जिन्हें सुनकर सबकी आँखे नम हो गयी। इस दौरान तशबीब हसन, जमाल हैदर, काज़िम रज़ा, नफीस हैदर, नदीम, तसकीन हैदर, इन्तेज़ार अकबर, वज़ीर हैदर विलियम, जानशीन किसान, ताज़ीम, इक़बाल मेंहदी पप्पू पल्सर, ज़मानत हनी, सलमान, जलाल मास्टर, राशिद ताक़ीब, कामयाब, आसिफ, अम्मान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र को बचाने के लिए सपा संकल्पित : उग्रसेन सिंह

**सिद्धार्थनगर। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर आयोजित पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को शोहरतगढ़ और बढ़नी ब्लाक की अलग अलग जनपंचायत में एकत्र जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए शोहरतगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न, शोषण, तथा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बजट में सरकार ने 90% लोगों के हिसे को गोल करके कर के 10व लोगों को लाभ पाहुंचया जा रहा है। जनता के साथ ये बड़ा धोखा है। समाजवादी सरकार ने जनपद के विकास के लिए बहुत काम किया, लेकिन भाजपा सरकार ने सब विकास रोक दिया। आज देश और प्रदेश में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी व ऐतिहासिक महंगाई है।

सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने कहां कि किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है। नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। निराश है। सड़कों पर सांड घूम रहे है। जनता ने पीडीए के साथ रहने का मन बना लिया है। पीडीए 90 फीसदी आबादी की आवाज है। पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए को हरायेगा।

# बसखोरिया गांव निवासिनी द्वारा आत्महत्या किए जाने से हर कोई हैरान



*अवधनामा संवाददाता*

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना अंतर्गत बसखोरिया गांव निवासी तारा देवी द्वारा आत्महत्या किये जाने की खबर सुनकर हर कोई हैरान है। तारा के पति के अलावा 17 वर्षीय लडका अभिषेक, 14 वर्षीय लड़की अंशिका तथा 11 वर्षीय रिमझिम का भरा-पूरा परिवार है। इसके बावजूद न घर में तकरार न आर्थिक समस्या फिर भी आत्महत्या करने की राह उसने क्यों पकडी यह बात समझ से परे है। हालांकि खेसरहा पुलिस शव को पीएम के लिए भेज कर आत्महत्या का का?रण जानने के लिए छानबीन में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थित स्पष्ट होगी। वैसे चर्चा है कि मृतका तारा काफी दिनों से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। कारण जो भी हो तारा मौर्या के असामयिक निधन से परिवार में ही नहीं पूरा गाँव शोकाकुल है। तारा के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को शव मिलने का इंतजार है।रोते- रोते तीनों बच्चों के आंखों से आंसू सूख गए। तारा के निधन से जहाँ पति रामसजन की पूरी गृहस्थी चौपट हो गई वहीं जिस उम्र में लडकियों का अभी मां की सख्त जरूरत होती है, ऐसे समय में मां का साया सर से हटने के अहसास से खासकर बच्चियों को भविष्य कठिन नजर आ रहा है। विदित हो कि तीन नाबालिग बच्चों के साथ रहकर कुर्थिया चौराहे पर कास्मेटिक सामान की दूकान चलाने वाली बसखोरिया निवासी तारा पत्नी रामसजन ने अज्ञात कारणों से सोमवार अपरान्ह 04:00 बजे मकान के पिछले कमरे में आत्महत्या कर लिया था। स्कूल से घर वापस आने पर बच्चों ने ही पडोसियो व परिजनों को घटना की जानकारी दिया था। समाचार भेजे जाने तक पुलिस शव को पीएम हेतु भेजकर मामले की छानबीन कर रही है। घटना सुनकर बसखोरिया स्थित मृतका के घर रिश्तेदारों व शुभचिंतकों की भीड़ है,सभी खासकर बच्चों को ढाढस बंधाने का प्रयत्न कर रहे हैं। मृतका के पति राम सजन को सूचना भेजी गई है। जानकारी मिली है कि वह भी बम्बई से घर पहुँच गए हैं।

## शिक्षा मित्र के निधन पर शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने अहेतुक धनराशि परिजनों को सौंपी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** विगत माह जलालपुर शिक्षा क्षेत्र के एक अनुदेशक व एक शिक्षा मित्र के निधन पर शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंच कर अहेतुक धनराशि परिजनों को सौंपी। कम्पोजिट विद्यालय बहादुरपुर में अनुदेशक के पद पर कार्यरत व मछली गांव निवासी रहे स्वर्गीय मोहम्मद अशरफ के परिजनों को सांत्वना देते हुए शिक्षक सहायतार्थ समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने 115850 रूपए की धनराशि सौंपी। प्राथमिक विद्यालय रुकुन में कार्यरत रहे स्वर्गीय अखिलेश कुमार पांडेय के परिजनों को समिति के सदस्यों ने 113250 रूपए की अहेतुक धनराशि सौंपते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। पीड़ित परिजनों के आवास पहुंच कर ढांढस बंधाने वालों में शिक्षक सहायतार्थ समिति के उपाध्यक्ष मोहम्मद अनीस,कोषाध्यक्ष निशात अहमद, सचिव सत्यप्रकाश गुप्ता के अलावा संघ अध्यक्ष राजेश यादव, श्वेता सिंह, स्नेह लता,मित्रसेन वर्मा,शैलेंद्र श्रीवास्तव, अखंड प्रताप सिंह, मोहम्मद कासिम, दिनेश कुमार वर्मा राजेश वर्मा आदि शामिल रहे।

# गला दबाकर हत्या का किया प्रयास आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**जलालपुर।** अंबेडकरनगर। रात को छत के रास्ते घर में घुसकर पीड़ित युवक को बिजली का करंट और गला दबाकर हत्या के प्रयास की तहरीर देना पीड़ित को भारी पड़ गया। थानाध्यक्ष ने दबंग आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बजाय आरोपी से मिलीभगत कर पहले समझौता का दबाव बनाया जब पीड़ित समझौता के लिए तैयार नहीं हुआ तो आरोपी के साथ ही पीड़ित को हिरासत में लेकर जमीन पर बैठा दिया गया। पीड़ित के परिजनों ने जब इसकी सूचना सीओ जलालपुर को दी तो फटकार के बाद पीड़ित को हिरासत से छोड़ दिया गया।अब थानाध्यक्ष के कहने पर हल्का दरोगा तहरीर बदलने का दबाव बना रहे है।घटना बीते शनिवार की रात को मालीपुर थाना के ताहापुर गांव निवासी नरेंद वर्मा के साथ घटित हुई थी। नरेंद्र वर्मा अपने घर में अकेला रहता है।शनिवार की रात को वह खाना खाकर सो गया।रात 10 बजे के करीब उसे करंट से हाथ में झटका लगा। करंट से वह नीद से जग गया। करंट से जब नरेंद्र बच निकला तो हत्या की नियत से दबंग कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने उसका गला दबाने लगा। सांस रुकने से वह तड़फड़ाने लगा और जान बचाने के लिए हाथ पाव मारने लगा।इसी दौरान किसी तरह नरेंद्र का गला उसके हाथ से छूट गया और नरेंद्र जान बचाने के लिए जोर जोर से चिल्लाने लगा। चिल्लाने की आवाज सुन पड़ोसी आ गए इसी बीच दबंग छत के रास्ते कूद कर फरार हो गया। पीड़ित नरेंद्र की सूचना पर पहुंचे पहुंची 112 डायल पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई।सुबह उसके रसोई घर में कीट नाशक की खाली शीशी बरामद हुई।पीड़ित नरेंद्र ने हत्या के प्रयास की तहरीर थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय को दी। थानाध्यक्ष ने कुलदीप नामक सिपाही को तत्काल जांच के लिए भेजा किंतु सिपाही रात को पहुंच जांच किया और घटना के सत्य होने की जानकारी थानाध्यक्ष को दी।सिपाही दबंग आरोपी के घर पहुंची और सोमवार को थाना बुलाया।

# एकतरफ़ा कार्यवाही सीधे तौर पर नाइंसाफ़ी की तरफ़ इशारा करती है: अशरफ़ किछौछवी

*अवधनामा संवाददाता*

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** आल इंडिया उलमा व मशाईख़ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा वर्ल्ड सूफ़ी फोरम के चेयरमैन हज़रत सैयद मुहम्मद अशरफ़ किछौछवी ने मुंबई में मुफ़्ती सलमान अज़हरी की गिरफ़्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बात बिल्कुल सही है। कि नफ़रत की बोली ख़तरनाक है। और देश के लिए बहुत हानिकारक लेकिन एकतरफ़ा कार्यवाही सीधे तौर पर नाइंसाफ़ी की तरफ़ इशारा करती है।

अशरफ ने कहा कि मुफ़्ती सलमान अज़हरी पर जिस तरह से क़ानूनी शिकंजा कसा गया है। उससे सीधे तौर पर संदेश जाता है। कि एक विशेष समुदाय के लिए ही सभी विधि विधान हैं। और बाक़ी सबको नफरती बोल बोलने की पूरी



स्वतंत्रता यह न्याय नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाषा की मर्यादा बरकरार रखनी चाहिए और ख़ास तौर से एक धर्म गुरु की यह बड़ी ज़िम्मेदारी है। कि उसके शब्दों का चयन संसदीय हो। ताकि किसी समुदाय या किसी व्यक्ति विशेष को चोट न पहुँचे लेकिन यह बात सिर्फ़ एक धर्म विशेष के लिए नहीं अपितु सभी के लिए समान रूप से लागू है।

आगे उन्होंने लोगों से संयम बनाये रखने की अपील करते हुए कहा है। कि हमें होश से काम लेना चाहिये कहीं ऐसा न हो कि हमारे एक बहके हुए क़दम से नफ़रत के सौदागरों को फ़ायदा मिल जाये और हम उनके फेंके हुए जाल में फँस जायें, हमें अदालतों पर भरोसा करते हुए मुफ़्ती सलमान अज़हरी की मदद करनी चाहिए क्योंकि अब मामला न्यायालय के हाथ में है। अतः किसी धरने प्रदर्शन से या किसी भड़काऊ पोस्ट से माहौल ख़राब होगा और इससे मुफ़्ती सलमान की परेशानी बढ़ेगी हम अनजाने में उनकी मदद की जगह उनकी मुख़ालिफ़त कर बैठेंगे

उन्होंने बल देकर कहा कि हम एक तरफ़ा कार्यवाही की निंदा करते हैं। और भारत सरकार से इस प्रकरण में सीधे हस्तक्षेप की माँग करते हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड-बहराइच।

**सार्वजनिक नीलामी सूचना सं0-02/2023-24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नलकूप खण्ड-बहराइच में उपलब्ध निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी दिनांक-21.02.2024 को खण्डीय कार्यालय प्रांगण में अपराहृन 12:00 बजे से निम्नलिखित शर्तो के अधीन की जायेगी।

नलकूप खण्ड, बहराइच के केन्द्रीय भण्डार में उपलब्ध नीलामी की सामग्री को लाट संख्या-1 से 5 के रूप में किया गया है। जिसकी नीलामी की जायेगी।

नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपनी फोटो, आधार कार्ड, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र, दूरभाष नं0/मोबाईल नं0, आयकर एवं जी0एस0टी0 नम्बर की नोटरी से सत्यापित प्रति दिखाकर निर्धारित आवेदन -पत्र तथा शर्ते दिनांक 09.02.2024 से 17.02.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11 बजे से सायः 4:00बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड-बहराइच के शिविर कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त कर सकते है। धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/डी0डी0 (अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-बहराइच के नाम) के रूप में आवेदन पत्र के साथ दिनांक 19.02.2024 तक जमा किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्रमांक | लाट संख्या | निष्प्रयोज्य स्क्रैप का विवरण | इकाई | मात्रा | धरोहर धनराशि (रू. में) | आवेदन पत्र का मूल्य (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | सबमर्सि बल पम्पसेट विदाउट वायर,बाउल एसेम्बली, वी0टी0मोटर विदाउट एस0ई0सी0वायर, स्टेटर ऑफ वी0टी0मोटर विदाउट वायर, रोटर ऑफवी0टी0 मोटर एवं डिस्चार्ज हेड आदि | किलोग्राम | 24587 | 90000.00 | 100.00 |
| 2 | 02 | जला हुआ पी0वी0सी0 कोटेड तॉबे का तार स्क्रैप | किलोग्राम | 1410 | 65000.00 | 100.00 |
| 3 | 03 | जला हुआ तॉबे का तार स्क्रैप | किलोग्राम | 100 | 6000.00 | 100.00 |
| 4 | 04 | गन मैटल स्क्रैप | किलोग्राम | 52 | 2500.00 | 100.00 |
| 5 | 05 | स्टील स्क्रैप/कास्ट आयरन स्क्रैप | किलोग्राम | 1363 | 5000.00 | 100.00 |

नोटः-उपरोक्त नीलामी से सम्बन्धित शर्ते नीलामी फार्म के साथ उपलब्ध है।

UPID-202364 Dated-05-02-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड-बहराइच



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अ. अनुरक्षण खण्ड नं.-3 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ।

पत्रांकः- 171/टेन्डर/2024 दिनॉक :-29.01.2024

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग क्लास ए0बी0सी0डी0 में भवन कार्य के पंजीकृत हों निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र. स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभि. का पता | मुख्य अभि. का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवास संख्या-ए-1 में विभिन्न सुधार कार्य (वाल पैनलिंग सभी कमरों में लगाने का कार्य, बाहरी वाल पर टाइलस लगाने का कार्य, बकै यार्ड में पार्टीशन का कार्य एवं विभिन्न सुधार कार्य)। एवं मल्टी स्टोरी अपाटर्मेन्ट टावर-1 के आवास संख्या-903 में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 8.84 | 0.89 | 860.00 | 90 दिन | अधिशासी अभियन्ता, अनु. खण्ड नं.-3 (सिविल), लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभि, 39वां वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो.नि.वि. लखनऊ | जिला अधिकारी लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवास संख्या-ए-2 में गार्ड/सर्वेन्ट क्वॉटर की मरम्मत एवं विभिन्न सुधार कार्य (गार्ड/सर्वेन्ट क्वाटर्स एवं बैकयार्ड में फर्श बनाने का कार्य समस्त बाथरूम के रिनोवेशन कार्य, दों रूमों के रिनोवशेन का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे/विण्डों/चौखट मच्छर जाली बदलने एवं विभिन्न सुधार कार्य)। | 8.08 | 0.81 | 860.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित सी-ब्लाक के आवास संख्या-सी-13 एवं सी-14 के किचेन की क्षतिग्रस्त आर0बी0 की स्लैब के स्थान पर आर0सी0सी0 स्लैब का कार्य एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 6.46 | 0.65 | 860.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवास संख्या-बी-12 में विभिन्न सुधार कार्य (क्षतिग्रस्त बिन्डों की मरम्मत का कार्य, एक बाथरूम में रिनोवेशन का कार्य वाटर टैंक बदलने का कार्य एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य)। | 2.37 | 0.24 | 860.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवास संख्या-बी-5 में एक सर्वेन्ट रूम में रिनोवेशन का कार्य, आंगन की फर्श बनाने का कार्य एवं अन्य विभिन्न सिविल मरम्मती कार्य। | 3.99 | 0.40 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवास संख्या-सी-16 में दो बाथरूम का नवीनीकरण कार्य, एक किचेन का नवीनीकरण कार्य, क्षतिग्रस्त जाली दरवाजे बदलने का कार्य एवं विभिन्न सुधार कार्य। | 4.52 | 0.46 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 7 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 8 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 9 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 10 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 11 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.40 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 12 | लखनऊ | बटलर पैलेस कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्यके कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक- 08.02.2024 से दिनांक- 13.02.2024 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त धनराशि रू0 500/-देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिये दिनांक- 12.02.2024 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.uppwd.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू0 500/- के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक- 13.02.2024 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक- 13.02.2024 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

UPID-202271 Dated-05-02-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
अ.अनुरक्षण खण्ड-3(सिविल)
लो.नि.वि., लखनऊ।

## लखनऊ की शान मुनव्वर राना

उर्दू शायरी का निराला अन्दाज पेश करने वाले मुनव्वर राना 15 जनवरी को फ़ानी दुनियां को अलविदा कह दिया। मुनव्वर राना का जन्म रायबरेली में 26 नवम्बर 1952 को हुआ था। वे खुले दिल के सेकुलर दिल वाले थे। उनकी शायरी इन तथ्यों की वकालत करती है। जब जवान हुये तो कलकत्ता अपने पिता के ट्रान्सपोर्ट धन्धे में हाथ बटाने चले गये। वहां नक्सलियों सम्पर्क में आ गये। इसे लेकर पिता ने उन्हें वहां से हटा दिया। वे लखनऊ चले आये और यही बस गये।

उनका सेकुलर नज़रिया इन शेरो में उभरता है लिपट जाता हूँ मासे और मौसी मुस्कराती है। साझा संस्कृति के अलम्बरदार राना अपने खुले दिल से किये गये बयानों को लेकर विवादों में घिरते रहे है पर वह इन सबसे बेअसर अपनी बेबाकी और साझी संस्कृति की राह पर उम्र भर चलते रहे। मां पर लिखे और शेर से असीम शोहरत सबसे ज्यादा बढ़ी और साझा की गई। मुनव्वर राना का नाम मशहूर शायर वाली आरसी ने दिया था। पहले आतिश के नाम से शायरी किया करते थे। मुनव्वर उर्दू के साथ हिन्दी में भी लिखते रहे है। आम इन्सान के दर्द पर खूब लिखा है। कहते है मै उर्दू में गज़ल कहता हूँ हिन्दी मुस्कराती है। उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है उनके शायरी और गजलों की छपी किताबे दर्जनों में है। बटवारे को लेकर उनकी लिखी नज्म मुजाहिर नामा दुनियां में मशहूर हुई। 2014 में उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। उनके पुरस्कारों की लम्बी लिस्ट है। गालिब अवार्ड, डा. जाकिर हुसैन पुरस्कार, कविता का कबीर सम्मान अमीर खुसरों पुरस्कार, भारती परिषद पुरस्कार, उस्ताद बिसमिल्लह खां अवार्ड, सरस्वती समाज पुरस्कार, मीर पुरस्कार सब उनकी लोकप्रियता और मेहनत के गवाह है। उत्तर प्रदेश उर्दू आकदमी का अध्यक्ष चुना गया था। पर सरकारी रवैया से असन्तुष्ट हो त्यागपत्र दे दिया।

वे अर्से से बीमार चल रहे थे पर अपने दृढ़ संकल्प के बल पर शिरकत करने में परहेज कभी नहीं किया। वह बहुत फ़राख दिल और आला मेहमान नवाज रहे है। उनके घर से कोई निराश नहीं गया। वह कहते है फ़क़ीरों की यह कुटिया है फ़रावानी नही होगी। अस्पताल में भरती थे तब उन्होंने लिखा था। मौला ये तमन्ना है जब जान जाये, जिस शान से आया हूं उसी शान से जाऊ। उनकी आरजू जनवरी के महीने में पूरी हो गई जिसके सन्दर्भ में उनका यह शेर है बहुत दिन रह लिया दुनिया के सर्कस में तुम ऐ राना, चलो अब उठ लिया जाये तमाशा खत्म होता है। ऐसे जिन्दा दिल शायर का चला जाना लखनऊ हमेशा महसूस करता रहेगा। अवधनामा परिवार कि दुआ है लोगो कों दुखः सहने का साहस नसीब हो।

## ईमाम भी थे अयोध्या में!

कल (22 जनवरी 2024) विशाल राम मंदिर परिसर में एक अति विलक्षण नजारा पेश आया था। हजारों काषायधारी संतों की अगली पंक्ति में एक व्यक्ति विराजा था। सफेद, घनी झूलती दाढ़ी, सिर पर रेशेदार लोमचर्म वाली फर टोपी, अचकन पर शाल ओढ़े वह निराला ही दिख रहा था। नाम है डॉ. उमर अहमद इलियासी। इलियास के मायने हैं समुद्र का रक्षक-पैगंबर। उन्हीं के कुटुंब के। यह दृश्य नरेंद्र मोदी के समन्वयात्मक आचरण का प्रतीक था।



के. विक्रम राव

कौन साहब हैं यह डॉ. इलियासीजी? वे भारत के पाँच लाख ईमामों की एकमात्र आवाज हैं। करोड़ों भारतीय मुसलमानों के आध्यात्मिक मार्ग दर्शक हैं। डॉ. इलियासी अखिल भारतीय ईमाम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। विश्व के तीसरे सबसे बड़े मुस्लिम आबादी वाले राष्ट्र भारत की छः लाख मस्जिदों में ईमाम सक्रिय हैं।

डॉ. इलियासी ने साधारण पेशे वाले ईमामों की कार्य प्रणाली, खासकर सेवाशर्तों में बहुत सुधार किया। जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने छोटी मस्जिदों के लिए सरकार से वेतनमान तय किए थे, तब बड़ी मस्जिदों के धनी ईमामों ने खूब हो हल्ला किया। ईस्लाम खतरे में पड़ गया है का नारा भी बुलंद किया। पर ईमामों का संगठन संघर्ष करता रहा। डॉ. इलियासी का संगठन विश्व का सबसे बड़ा है।

हाल ही में डॉ. इलियासी को भगत यूनिवर्सिटी, पंजाब द्वारा डॉक्टरेट ऑफ फिलासफी से सम्मानित किया गया है। इतिहास में पहली बार है कि किसी मस्जिद के इमाम को शिक्षा के सर्वोच्च पद से सम्मानित किया गया है। डॉ. इलियासी अंतरधार्मिक संवाद के सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसका प्रतिनिधित्व करते हैं। विश्व के अधिकांश प्रमुख निकाय इस्लाम और मुसलमानों से संबंधित मुद्दों पर मार्गदर्शन के लिए उनसे संपर्क करते हैं। वह इस्लामी न्यायशास्त्र में पारंगत हैं और प्रासंगिक हलकों में उनकी राय प्रामाणिक और भरोसेमंद मानी जाती है। वह उन कुछ इस्लामी विद्वानों में से एक हैं जो उग्रवाद के और आतंकवाद, चाहे वह किसी भी रूप में मौजूद हो, पर बहुत स्पष्ट और मुखर रुख रखते हैं। स्वभाव से वह एक तर्कवादी हैं और सबसे उत्तेजक स्थितियों में भी तर्क और ज्ञान द्वारा निर्देशित होता है। डॉ. इमाम इलियासी धर्म की दुनिया में एक विश्वसनीय नाम हैं और इसीलिए वह भारत और विदेशों में संघर्ष समाधान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। फिलिस्तीन-इसराइल और अरब-इजरायल जैसे संघर्षों में उनकी सेवाएं सराहनीय हैं। अपने गतिशील नेतृत्व के माध्यम से वह दुनिया भर में मुस्लिम समुदाय का वैज्ञानिक मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्हें उन स्थितियों में अपना रुख अपनाने के लिए जाना जाता है, जहां ज्यादातर लोग पलायनवाद को प्राथमिकता देते हैं। उसके विश्वास उसके कार्यों का मार्गदर्शन करते हैं। वह वर्तमान कठिन व्यवस्था से निपटने वाला व्यक्ति है। शांति, अंतरधार्मिक सद्भाव और सभ्यताओं के बीच संवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से किसी को भी संदेह नहीं है। डॉ. इमाम इलियासी को शांति और सद्भाव की दिशा में योगदान के लिए सैकड़ो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने पहुंचे इलियासी ने इंसानियत का संदेश दिया है ये बदलते भारत की तस्वीर है। मैं यहां मोहब्बत का पैगाम लेकर आया हूं। डॉ. इलियासी ने कहा कि इबादत का तरीका, पूजा पद्धति और आस्थाएं जरूर अलग हो सकती हैं लेकिन सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का है। उन्होंने इंसानियत को बनाए रखने का आह्वान किया। इमाम ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आज का संदेश नफरतों को खत्म करने का है। बहुत रंजिश हो गई, बहुत राजनीति हुई, अब वक्त आ गया है कि हम सब एकजुट होकर भारत को मजबूत करने का काम करें। उन्होंने अखंड भारत बनने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर राष्ट्र को मजबूत करने का काम करेंगे। इलियासी ने कहा कि हमारा सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का है।

दर्द होता है जब जब राम को वोट से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में रामसेतु पर संप्रग सरकार ने बेहूदा बयान दर्ज कराया कि राम काल्पनिक थे। नतीजे में कांग्रेस को माफी मांगनी पड़ी, जनता के सामने रोना धोना पड़ा, अदालत से बयान वापस लेना पड़ा। रामसेतु पर राजनीति शुरू से लंगडी थी। रेंग भी न पाई। हिंदू-बहुल सरकार की हलफनामे के की तुलना में तो मुसलमान साहित्यकारों के राम के मुतल्लिक उद्गार अधिक ईमानदार रहे। अल्लामा इकबाल ने कहा राम के वजूद पे है हिंदुस्तां को नाज। इस इमामे हिंद पर शायर सागर निजामी ने लिखा दिल का त्यागी, रूह का रसिया, खुद राजा, खुद प्रजा। मुगल सरदार रहीम और युवराज दारा शिकोह तो राम के मुरीद थे ही। ईमाम उसी श्रेणी में आते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं।

# यूसीसी पर उत्तराखण्ड की बड़ी एवं सार्थक पहल

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी है, इसी चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।



ललित गर्ग

समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी। भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे - हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को



मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्त्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है। देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है।

वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो।

# केजरीवाल के पास ईमानदारी साबित करने का सुनहरा अवसर

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली 'शराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वंय को कट्टर ईमानदारी को प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लिनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहें हैं।



आशीष वशिष्ठ

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं।

> शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं।

केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने 'शराब नीति' का निर्णय स्वयं ही लिया था?

प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पर्दाफाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है।



क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के ख़िलाफ़ बहुत ज्यादा मुखर है. और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके ख़िलाफ़ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के ख़िलाफ़ सुबूत नहीं थे तो अदालतों ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते।

शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसिया 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी। केजरीवाल ने संविधान की शपथ लेकर पद ग्रहण किया है और ईडी भी संवैधानिक जांच एजेंसी है। विपक्षी होने के मद्देनजर केजरीवाल ईडी के समन को 'राजनीतिक' करार दे रहे हैं और दिल्ली सरकार अस्थिर करने की साजिश भाजपा पर मढ़ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और उनके साथी देश भर में घूम-घूमकर अपनी ईमानदारी और दिल्ली मॉडल का प्रचार करते हैं। केजरीवाल स्वयं को और अपने साथियों को 'कट्टर ईमानादारी' का प्रमाण पत्र बांटते हैं। देश के प्रधानमंत्री से लेकर अन्य राजनीतिक दलों और संस्थाओं पर वो दिनदहाड़े आरोप लगाते हैं, और प्रायः उनके अधिसंख्य आरोप निराधार और तथ्यहीन ही साबित हुए। कई मामलों में उन्होंने बिना शर्त के माफी भी मांगी। बावजूद इसके केजरीवाल और उनके साथी निर्लज्जता की चादर ओढ़कर अपने कुकृत्यों में लिप्त है। आम आदमी पार्टी की असलियत धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं।

बीते दिनों अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को 25 करोड़ का लालच देकर सरकार गिराने का आरोप लगाया है। भाजपा ने इन आरोपों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को शिकायत की है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने केजरीवाल और आतिषी को नोटिस भेजकर बीजेपी पर लगाए गए आरोपों के साक्ष्यों की मांग की है। मिथ्या आरोप लगाना अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी का चरित्र बन गया है। वह पूर्व में भी कई लोगों से मिथ्या आरोप लगाने में मामले में क्षमा मांग चुके हैं। ताजा घटनाक्रम में भी वह माफी मांगते दिख सकते हैं।

ईडी के समन को लगातार अस्वीकार करके केजरीवाल निर्दोष सिद्ध नहीं होंगे। उन पर प्रश्न और आरोप लटके रहेंगे। पिछले दिनों ईडी ने भ्रष्टाचार के मामलों में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है। सोरेन भी ईडी के समन को लगातार अस्वीकार कर रहे थे। केजरीवाल भी सोरेन की तरह व्यवहार और चालबाजियां कर रहे हैं। लेकिन वो ये भली भांति समझ लें, उनका भी हश्र सोरेन जैसा ही होगा। ईडी ने न्यायालय के द्वार पर दस्तक दी है। जांच एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 45 के तहत केजरीवाल के लिए गैर जमानती वारंट जारी करने का भी अधिकार है, अतः बार-बार समन की अवहेलना करने पर गिरफ्तारी का भी प्रावधान है। क्या केजरीवाल जेल जाने का संकट महसूस कर रहे हैं, इसलिए समन की मंशा पर प्रश्न कर, उन्हें अस्वीकार कर, ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं?

# क्या सड़क की ज़रूरत केवल शहरों को है?

**अंजू नायक**

हमारे देश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों पर निर्भर करती है। आज भी देश की 74 प्रतिशत आबादी यहीं से है। लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र आज भी कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनमें सड़क की समस्या भी अहम है। कुछ दशक पूर्व देश के ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों की हालत काफी खराब थी। लेकिन वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के लांच होने के बाद से इस स्थिति में काफी सुधार आया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने से पूर्व देश के गाँव और बस्तियां ऐसी थी जो पूरी तरह से सड़कविहीन थी। यहां सड़कें केवल नाममात्र की थी। इसका सीधा असर ग्रामीण जनजीवन और अर्थव्यवस्था पर देखने को मिलता था। जिसकी वजह से न केवल गांव का विकास प्रभावित हो रहा था बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था क्योंकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है और सड़क की खस्ताहाल के कारण कई बार समय पर अनाज मंडियों तक नहीं पहुँच पाते हैं।

केवल अनाज ही नहीं बल्कि और भी कई ऐसे मुद्दे हैं जो केवल सड़क नहीं होने के कारण प्रत्यक्ष नहीं तो अप्रत्यक्ष रूप से अवश्य प्रभावित होते हैं। अभी भी देश के कई ऐसे गांव हैं जहां विकास के लिए सड़कों का होना बहुत ज़रूरी है। इन्हीं में एक राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर का ढाणी भोपालराम गांव भी है। जहां कच्ची और नाममात्र की सड़क होने के कारण न केवल गांव का विकास प्रभावित हो रहा है बल्कि इससे किशोरियों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में गांव की एक 21 वर्षीय किशोरी जेठी कहती है कि वह कॉलेज की छात्रा है, लेकिन वह बहुत कम कॉलेज जा पाती है क्योंकि गांव में सड़क ठीक नहीं है, ऐसे में उसके माता-पिता उसे कॉलेज भेजने से डरते हैं क्योंकि सड़क ख़राब होने की वजह से कई बार दुर्घटना हो चुकी है। ऐसे में वह मेरी सलामती के लिए मुझे कॉलेज जाने से रोकते हैं। उनका कहना है कि यदि एक्सीडेंट से मुझे कोई शारीरिक हानि पहुँचती है तो भविष्य में मेरी शादी होने में कठिनाई आ सकती है। जेठी कहती है कि हमने बचपन से गांव में सड़क की ऐसी ही हालत देखी है, जिसकी वजह से कई बार दुर्घटना हो चुकी है। सड़क इतनी कच्ची है कि इस पर बड़ी मुश्किल से गाड़ियां गुज़रती हैं।

> किशोरी सुमन कहती है कि सबसे अधिक समस्या बारिश के दिनों में होती है जब यह जर्जर और कच्ची सड़क पूरी तरह से चलने लायक नहीं रहती है। इस दौरान इस सड़क पर गाड़ियां फंस जाती हैं। कई बार स्कूटर और मोटरसाइकिल दुर्घटना का शिकार हो चुकी है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है वहीं हम छात्राओं को भी इस सड़क के कारण स्कूल छोड़ना पड़ता है, क्योंकि स्कूल जाने का रास्ता यही एक सड़क है और बारिश में यह चलने लायक नहीं रह जाता है।



एक अन्य किशोरी सुमन कहती है कि सबसे अधिक समस्या बारिश के दिनों में होती है जब यह जर्जर और कच्ची सड़क पूरी तरह से चलने लायक नहीं रहती है। इस दौरान इस सड़क पर गाड़ियां फंस जाती हैं। कई बार स्कूटर और मोटरसाइकिल दुर्घटना का शिकार हो चुकी है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है वहीं हम छात्राओं को भी इस सड़क के कारण स्कूल छोड़ना पड़ता है, क्योंकि स्कूल जाने का रास्ता यही एक सड़क है और बारिश में यह चलने लायक नहीं रह जाता है। वहीं एक अभिभावक कहते हैं कि सड़क ख़राब होने के कारण हमें अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर लगता है। सड़क कच्ची होने के कारण अक्सर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पिछले कई वर्षो से रख रखाव नहीं होने के कारण यह सड़क बिल्कुल ख़राब स्थिति में पहुँच चुकी है। बारिश ने इसकी हालत को और भी बुरा बना दिया है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं। जिससे होकर किसी भी बड़ी गाड़ियों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जिसे इसकी वजह से कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। चाहे वह बुज़ुर्ग हों, मरीज़ हो, आम आदमी हो या फिर स्कूली छात्र-छात्राएं, सभी यहां की जर्जर सड़क से आए दिन किसी न किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करते रहते हैं। सड़क की खराब स्थिति का खामियाजा ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भुगतनी पड़ती है। इसकी वजह से कोई भी सवारी गाड़ी गाँव में नहीं आती है। लोगों को शहर जाने के लिए गाँव से पैदल चलकर मुख्य सड़क तक आना पड़ता है, जहां से फिर उन्हें गाड़ी मिलती है।

इस संबंध में गांव की एक 76 वर्षीय बुज़ुर्ग शिबानी कहती हैं कि गांव में 9 किमी तक सड़क बिलकुल खराब अवस्था में है जिसकी पिछले कई सालों से मरम्मत नहीं हुई है। इससे हम बूढ़ों को बहुत समस्या आती है। हमें कहीं भी आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गाड़ियां इस सड़क से इस तरह गुज़रती हैं कि जैसे हमारी जान ही निकल जाए। कई बार तो कुछ बुज़ुर्ग केवल ख़राब सड़क के कारण अपना इलाज कराने शहर नहीं जा पाते हैं। उन्होंने ने कहा कि यह गांव की मुख्य सड़क है जो गांव को शहर से जोड़ती है लेकिन जब यही सड़क इतनी जर्जर होगी तो भला शहर से इसके जुड़ने का क्या अर्थ रह जाता है? उन्होंने कहा कि इसके कारण गांव में कोई उद्योग भी नहीं खुल पाता है और न ही किसान इसकी वजह से अपनी फसल को शहर ले जा पाते हैं। वहीं एक दुकानदार मुकेश कुमार माली कहते हैं कि इस सड़क के बारे में कई बार पंचायत में भी बात की गई। पंचायत के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। कुछ महीने पूर्व कुछ अधिकारी भी आये थे और इस जर्जर सड़क की फोटो भी लेकर गए थे, उन्होंने गांव वालों को आश्वासन भी दिया था कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। यह सड़क आज भी पहले की तरह ही जर्जर हालत में बनी हुई है। मुकेश ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस संबंध में उदासीन हैं। उन्हें गांव वालों की कठिनाइयों से कोई वास्ता नज़र नहीं आता है।

बहरहाल, गांवों के लोगों के लिए सड़क का नहीं होना किसी अभिशाप की तरह है। ऐसा नहीं है कि गांव वाले इसके लिए गंभीर नहीं हैं। लोग सड़क की हालत सुधारने के लिए गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं। धीरे धीरे उनकी उम्मीदें भी टूटने लगी हैं। अब देखना यह है कि उनकी उम्मीदें कब पूरी होंगी? लेकिन एक सवाल उठता है कि क्या सड़कों की ज़रूरत केवल शहर वालों के लिए होती है? क्या गांव वालों के लिए सड़क की अहमियत नहीं है? क्या सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभाग को यह लगता है कि सड़क के बिना भी गांव का विकास संभव हो जाएगा? (चरखा फीचर)

# दशकों तक संभाले रखा वामपंथ का किला, पीएम बनते-बनते रह गए



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जाने माने नेता ज्योति बसु अपनी ही पार्टी की वजह से प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गए थे। 23 साल तक पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री रहने के साथ-साथ ज्योति बसु की विचारधारा अलग होने के बावजूद उनके व्यक्तित्व का विपक्ष के सभी नेता लोहा मानते थे। तभी तो पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह चाहते थे कि ज्योति बसु को प्रधानमंत्री बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने कई बार हरकिशन सिंह सुरजीत को पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। लेकिन पूर्वी बंगाल में जन्में ज्योति बसु का प्रधानमंत्री बनने का सपना अधूरा रह गया। दरअसल, साल 1996 में जब 11वीं लोकसभा के परिणाम सामने आए तो किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। ऐसे में हिन्दुस्तान की सत्ता में कौन काबिज होगा इस तरह के सवाल पूछे जाने लगे ? हालांकि, चुनाव परिणाम के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी मगर उनके पास इतनी सीटें नहीं थी कि वह अकेले अपने दम पर सरकार बना लें। 10 मई की शाम को दिल्ली की सियासी हलचलें दिखाई दीं। शाम को सीपीएम नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने मोर्चा संभाला और जनता दल सहित बाकी दलों के नेता एकजुट होने लगे और संयुक्त मोर्चा बनाया गया। कांग्रेस और भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं था ऐसे में आगे क्या होगा ? सभी के जहन में यही सवाल था।

लोकसभा चुनावों में जनता दल तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी और कांग्रेस ने बिना शर्त समर्थन देने की बात भी कह दी थी। यह वो दौर था जब जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हुआ करते थे। ऐसे में हरकिशन सिंह सुरजीत के साथ हुई बैठक में वीपी सिंह के नाम पर आम सहमति बन गई। इसके बाद संयुक्त मोर्चा के नेता वीपी सिंह के आवास पहुंचे और उनका सुझाव मांगा। हालांकि, वीपी सिंह ने प्रधानमंत्री बनने से साफ इनकार कर दिया था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि मैं डेढ़ साल पहले ही सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुका हूं, ऐसे में दोबारा प्रधानमंत्री बनने का सवाल ही नहीं उठता। इसके बावजूद उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पुनर्विचार करने को कहा गया और उन्होंने फिर से इनकार कर दिया।

## वीपी सिंह ने सुझाया ज्योति बसु का नाम

जब संयुक्त मोर्चा ने वीपी सिंह को ही प्रधानमंत्री पद के लिए नाम सुझाने को कहा तो उन्होंने ज्योति बसु का नाम सुझाया। ज्योति बसु के नाम पर भी सभी ने सहमति जता दी और फिर अगले दिन अखबारों में खबर छप गई कि ज्योति बसु अगले प्रधानमंत्री होंगे... खबर भी छप गई, संयुक्त मोर्चा भी ज्योति बसु के नाम पर अपनी मुहर लगा चुका था और ज्योति बसु भी खुश थे इसके बावजूद वह प्रधानमंत्री नहीं बन पाए। अब आप लोग सोच रहे होंगे कि ऐसा क्या हुआ कि वह प्रधानमंत्री पद तक पहुंचते-पहुंचते रह गए ? दरअसल, ज्योति बसु की पार्टी सीपीएम ने सेंट्रल कमिटी की बैठक बुलाई और वहां पर ज्योति बसु के प्रधानमंत्री बनने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद फिर से हरकिशन सिंह सुरजीत ने संयुक्त मोर्चा की बैठक बुलाई और नए नामों के लिए काफी विचार-विमर्श किया और अंततः ज्योति बसु ने मुख्यमंत्री एचडी देवेगौड़ा का नाम सुझाया। जिस पर आपसी सहमति बनी। संयुक्त मोर्चा ने एचडी देवेगौड़ा को दल का नेता चुन लिया और राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को इसकी जानकारी देने के लिए राष्ट्रपति भवन गए हालांकि, संयुक्त मोर्चा ने कांग्रेस के समर्थन वाली चिट्ठी अभी तक सौंपी नहीं थी। कांग्रेस द्वारा देर-दराज किए जाने के बाद राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को सरकार बनाने का न्योता दे दिया और फिर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बन गई। हालांकि, यह सरकार महज 13 दिनों की ही थी।

## न्यायविद, अनुशासन प्रिय व देशभक्त थे महादेव गोविंद रानाडे

सामान्यतः नेता या बड़े लोग दूसरों को तो अनुशासन की शिक्षा देते हैं; पर वे स्वयं इसका पालन नहीं करते। वे सोचते हैं कि अनुशासन का पालन करना दूसरों का काम है और वे इससे ऊपर हैं; पर 18 जनवरी, 1842 को महाराष्ट्र के एक गाँव निफड़ में जन्मे श्री महादेव गोविन्द रानाडे इसके अपवाद थे। उन्होंने भारत की स्वतन्त्रता के आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ ही समाज सुधार उनकी चिन्ता का मुख्य विषय था। एक बार उन्हें पुणे के न्यू इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था। आमन्त्रित अतिथियों को यथास्थान बैठाने के लिए द्वार पर कुछ कार्यकर्त्ता तैनात थे। उन्हें निर्देश था कि बिना निमन्त्रण पत्र के किसी को अन्दर न आने दें। श्री रानाडे का नाम तो निमन्त्रण पत्र पर छपा था; पर उनके पास उस समय वह निमन्त्रण पत्र नहीं था। द्वार पर तैनात वह कार्यकर्त्ता उन्हें पहचानता नहीं था। इसलिए उसने श्री रानाडे को नियमानुसार प्रवेश नहीं दिया। श्री रानाडे ने इस बात का बुरा नहीं माना, वे बोले, च्बेटे, मेरे पास तो निमन्त्रण पत्र नहीं है।ज्ज् इतना कहकर वे सहज भाव से द्वार के पास ही खड़े हो गये। थोड़ी देर में कार्यक्रम के आयोजकों की दृष्टि उन पर पड़े। वे दौड़कर आये और उस कार्यकर्ता को डाँटने लगे। इस पर वह कार्यकर्त्ता आयोजकों से ही भिड़ गया। उसने कहा कि आप लोगों ने ही मुझे यह काम सौंपा है और आप ही नियम तोड़ रहे हैं, ऐसे में मैं अपना कर्त्तव्य कैसे पूरा करूँगा। कोई भी अतिथि हो; पर नियमानुसार उस पर निमन्त्रण पत्र तो होना ही चाहिए। आयोजक लोग उसे आवश्यकता से अधिक बोलता देख नाराज होने लगे; पर श्री रानाडे ने उन्हें शान्त कराया और उसकी अनुशासनप्रियता की सार्वजनिक रूप से अपने भाषण में प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज ऐसे ही अनुशासनप्रिय लोगों की आवश्यकता है। यदि सभी भारतवासी अनुशासन का पालन करें, तो हमें स्वतन्त्रता भी शीघ्र मिल सकती है और उसके बाद देश की प्रगति भी तेजी से होगी। इतना ही नहीं, कार्यक्रम समाप्ति के बाद उन्होंने उस कार्यकर्ता की पीठ थपथपा कर उसे शाबासी दी। वह कार्यकर्ता आगे चलकर भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में सक्रिय हुआ। उसका नाम था गोपाल कृष्ण गोखले। श्री रानाडे में अनुशासन व देशप्रेम के ऐसे सुसंस्कार उनके परिवार से ही आये थे। उनका परिवार परम्परावादी था; पर श्री रानाडे खुले विचारों के होने के कारण प्रार्थना समाज के सम्पर्क में आये और फिर उसके सक्रिय कार्यकर्ता बन गये। इस नाते उन्होंने हिन्दू समाज और विशेषकर महाराष्ट्रीय परिवारों में व्याप्त कुरीतियों पर चोट की और समाज सुधार के प्रयास किये। उनका मत था कि स्वतन्त्र होने के बाद देश का सामाजिक रूप से सबल होना भी उतना ही आवश्यक है, जितना आर्थिक रूप से। इसलिए वे समाज सुधार की प्रक्रिया में लगे रहे।

# कई बीमारियों को दूर करता है जायफल, जानिए बेमिसाल फायदे



जायफल एक ऐसा मसाला है, जिसका इस्तेमाल अधिकतर भारतीय घरों में किसा जाता है। यह स्वभाव में गर्म होता है और इसकी एक अलग महक होती है। आमतौर पर, इसे घिसकर इस्तेमाल किया जाता है। यह ना केवल आपके खाने को एक बेहतरीन स्वाद देता है, बल्कि इसे सेहत के लिए भी उतना ही लाभकारी माना जाता है। जायफल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मैग्नीशियम, मैंगनीज और कॉपर जैसे मिनरल्स और विटामिन जैसे बी1, बी6, आदि पाए जाते हैं। इसकी खासियत यह भी है कि यह कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स को दूर करने में मददगार है।

## ब्रेन हेल्थ का रखता है ख्याल

जायफल को ब्रेन हेल्थ के लिए काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल तनाव को कम करने में मददगार है, बल्कि आपकी एकाग्रता में भी सुधार करता है। हालांकि, जायफल का सेवन करते समय आप ध्यान रखें कि आप इसे कम मात्रा में ही लें। अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से आपकी हेल्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

## हार्ट के लिए हेल्दी है जायफल

अगर आप अपने हार्ट को लंबे समय तक ऐसे ही हेल्दी बनाए रखना चाहते हैं तो आप जायफल का सेवन कर सकते हैं। यह ना केवल ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है, बल्कि हार्ट फंक्शनिंग को भी इंप्रूव करता है। लेकिन अगर आप पहले से ही किसी हार्ट प्रॉब्लम से जूझ रहे हैं और दवाइयां ले रहे हैं तो ऐसे में जायफल का सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

## अच्छी नींद में सहायक

हेल्दी रहने के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। लेकिन अगर आप अनिद्रा जैसी समस्या से परेशान हैं तो आपको जायफल का सेवन करना चाहिए। यह सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ा सकता है जिससे आपको खुद को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।

## बैड ब्रेथ की समस्या को दूर

मुंह व सांसों से आने वाली बदबू को दूर करने में जायफल का तेल बेहद कारगर है। इसमें एंटीसेप्टिक गुण होते हैं और यह दांतों के दर्द और मसूड़ों की समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। यही कारण है कि जायफल के तेल को कई कंपनियां अपने टूथपेस्ट में भी शामिल करती हैं।

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

जायफल को पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज, दस्त, पेट फूलना आदि समस्याओं को दूर करने में सहायक है। जायफल एक पाचन टॉनिक के रूप में कार्य कर सकता है। हालांकि, जायफल के इन प्रभावों को अभी तक सिद्ध नहीं किया गया है, इसलिए किसी भी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए पहले अपने डॉक्टर से सलाह लें।

## डिप्रेशन की वजह से बुरी तरह प्रभावित हो सकता है यौन जीवन

आजकल लोगों के पास चिंतित रहने की हजार वजहें हैं, जो सीधे तौर पर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। हर समय चिंतित रहने की वजह से लोग धीरे-धीरे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। डिप्रेशन एक ऐसी मानसिक बीमारी हैं, जो लोगों की दिनचर्या को उथल-पुथल कर के रख देती है। डिप्रेशन का नकारात्मक प्रभाव लोगों के यौन जीवन पर भी पड़ता है। इसकी वजह से लोगों की सेक्स करने की इच्छा खत्म होती चली जाती है और यह उनके रिश्ते और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बिलकुल भी ठीक नहीं है। सिर्फ डिप्रेशन ही नहीं इसके इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाईयां भी लोगों की यौन जीवन को प्रभावित करती है।

हालाँकि, इसके डर से लोग डिप्रेशन का इलाज कराना नहीं बंद कर सकते हैं। इसलिए आज हम लोगों के लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जो डिप्रेशन के दौरान उनके यौन जीवन को जीवित रखने में मदद करेंगे। डिप्रेशन के इलाज के दौरान इस्तेमाल होने वाली दवाईयों की वजह से यौन जीवन थोड़ा-बहुत प्रभावित होना सामान्य बात है। लेकिन इसकी वजह से आप इसका इलाज बंद नहीं कर सकते हैं क्योंकि ऐसा करने से यौन जीवन ज्यादा प्रभावित हो जाता है। यौन जीवन में उथल-पुथल के चलते अपना इलाज बीच में न छोड़ें। डिप्रेशन की दवाईयों से यौन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को इसके इलाज के बाद भी ठीक किया जा सकता है। लेकिन अगर इलाज आपने बीच में छोड़ दिया तो डिप्रेशन की समस्या गंभीर हो सकती है।

## दवाईयों के दुष्प्रभावों के बारे में डॉक्टर से बात करें

एक्सपर्ट्स की मानें तो डिप्रेशन की दवाईयों के यौन जीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को समय रहते आसानी से ठीक किया जा सकता है। दरअसल, दवाईयों की डोज को कम या ज्यादा लेने की वजह से यौन जीवन प्रभावित हो सकता है। इसलिए आप अपने डॉक्टर से बात करें और अपनी दवाईयों के डोज में बदलाव कर के देख सकते हैं। ध्यान दें, बिना डॉक्टर की सलाह के खुद से इनमें बदलाव न करें, यह खतरनाक साबित हो सकता है।

## पार्टनर से जरूर करें मुद्दे पर चर्चा

लोग अपने यौन जीवन को बेहतर बनाने के लिए पार्टनर से इस मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, लोग पार्टनर से बातचीत कर रिश्ते की आधी से ज्यादा समस्याएं सुलझा सकते हैं। इसलिए यौन जीवन को लेकर पार्टनर से बात करें और उन्हें बताएं कि आप उनसे क्या उम्मीद कर रहे हैं। ऐसा करने से आपको उनकी इच्छाओं के बारे में भी पता चलेगा। इस तरीके से आप दोनों एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने में सही कदम उठा पाएंगे। इतना ही नहीं सही सेक्स डिप्रेशन को कम करने में मदद करता है।

# बसपा के एकला चलो से यूपी में होगा त्रिकोणीय मुकाबला

## मुसलमानों के साथ आने की उम्मीद में हाथी मदमस्त




अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की सियासत अंगड़ाई लेने लगी है। भारतीय जनता पार्टी हो या फिर समाजवादी पार्टी अथवा बसपा-कांग्रेस सब रणनीति बनाने में लगे हैं,लेकिन एक बाद साफ हो गई है कि 2024 के आम चुनाव के लिए बसपा ने एकला चलो का ऐलान करके यह तय कर दिया है कि यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव त्रिकोणीय तो होगा ही, इसके अलावा कांग्रेस के वर्चस्व वाली कुछ सीटों जैसे रायबरेली, अमेठी में मुकाबला चौतरफा भी हो सकता है। 2007 से लगातार कमजोर हो रही बसपा को 2024 के आम चुनाव से काफी उम्मीद है। उसे 2019 के मुकाबले बढ़त की उम्मीद है।बसपा ने 2019 का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर लड़ा था और दस सीटों पर जीत हासिल की थी। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों मायावती को 2024 में ज्यादा बेहतर करने की उम्मीद इस लिए है क्योंकि पिछले कुछ उप-चुनावों में बसपा के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है। इसकी सबसे बड़ी वजह यही थी कि मुसलमान वोटरों ने बसपा प्रत्याशी के समर्थन में खूब वोटिंग की थी। सपा से छिटक कर मुस्लिम वोटरों का रूझान बसपा की तरफ बढ़ा है। खासकर आजमगढ़ लोकसभा उप-चुनाव में जिस तरह से बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली ने भाजपा-सपा को टक्कर दी,उससे बसपा के हौसलों को कुछ ज्यादा ही उड़ान मिल गई हैं, तो यूपी की राजनीति के कई बड़े मुस्लिम चेहरों ने भी बसपा का दामन थाम लिया है। बाद के एकला चलो ने यानी 2014 के चुनाव में बसपा का वोट बैंक सिकुड़ा और पार्टी राज्य की सत्ता वर्ष 2012 में गंवाने के बाद लोकसभा से साफ हो गई। मायावती ने इस चुनाव में पूरा जोर लगाया। लेकिन, भाजपा के ब्रांड मोदी के आगे न मायावती टिकीं और न ही सत्ताधारी समाजवादी पार्टी। इस चुनाव में भाजपा गठबंधन यानी एनडीए ने 73 सीटों पर जीत दर्ज की। 5 सीटें सपा और 2 सीटें बसपा के पाले में गई। पार्टी चुनाव में 19.60 फीसदी वोट ही मिले। 22 से 25 फीसदी वोट बैंक की राजनीति करने वाली मायावती का आधार वोट खिसका। इसके बाद से बसपा संभल नहीं पाई है। स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं ने भाजपा का दामन थामा तो ओबीसी वोट बैंक मजबूती के साथ भाजपा से जुड़ गया। भाजपा में गए तो दलित और अति पिछड़े वर्ग के वोटरों को एक नया ठिकाना दिखा। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। बसपा को 22.24 फीसदी वोट तो मिले, लेकिन पार्टी सिर्फ 19 सीटों पर सिमट गई। इसके बाद एक बार फिर 26 साल बाद सपा और बसपा का गठबंधन हुआ। यूपी की राजनीति में कल्याण सिंह और राम मंदिर मुद्दे की हवा निकालने वाली मुलायम सिंह यादव और काशीराम की जोड़ी की दोनों पार्टियां एक धुरी पर आईं। 2019 के चुनाव में इसका असर दिखा। 2014 के लोकसभा चुनाव में 71 सीट जीतने वाली भाजपा 62 सीटों पर आई। एनडीए ने कुल 64 सीटें जीतीं। यानी, 5 साल में 9 सीटों का नुकसान। फायदे में मायावती की बसपा रही। पार्टी ने सपा से गठबंधन का फायदा उठाते हुए 10 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, सपा 5 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। कांग्रेस घटकर एक सीट पर पहुंच गई। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा का वोट शेयर सपा से गठबंधन के बाद भी 19.3 फीसदी रहा। सपा 18 फीसदी वोट शेयर के साथ तीसरे स्थान पर रही। कांग्रेस 6.31 फीसदी वोट शेयर ही हासिल कर पाई। भाजपा ने 49.6 फीसदी वोट शेयर के साथ प्रदेश की राजनीति पर अपना दबदबा दिखाया।

यूपी चुनाव 2022 भी कांग्रेस और बसपा के लिए मुश्किलों भरा रहा है। उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाने वाली बसपा केवल 12.88 फीसदी वोट ही हासिल कर पाई। पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिली। विधानसभा में विलुप्त होने से तो पार्टी बच गई, लेकिन आधार वोट ही खो दिया। भाजपा ने एक बार फिर सभी दलों को पछाड़ा। पार्टी ने 41.76 फीसदी वोट शेयर हासिल किया। वहीं, सपा 32.02 फीसदी वोट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं, कांग्रेस 2.4 फीसदी वोट शेयर हासिल कर पाई। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में 2 सीटों पर जीत मिली। बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 में पांच साल पहले के रिजल्ट को सुधारने की कोशिश करती दिख रही है। इसके लिए मायावती लगातार जिला स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रही हैं। एक बार फिर दलित, ओबीसी, मुस्लिम समीकरण को साधने की कोशिश है। बसपा का मास्टरप्लान रेडी है। मायावती की हरी झंडी मिल चुकी है। इमरान मसूद जैसे पश्चिमी यूपी के कद्दावर नेताओं को पार्टी ने जोड़कर अपनी रणनीति साफ कर दी है। हालांकि, मायावती को एक ऐसे साथी की जरूरत है, जो वोट बैंक को उनकी तरफ ट्रांसफर कराए। कांग्रेस यूपी में ब्राह्मण, ओबीसी और मुस्लिम वोट बैंक पर अपनी पकड़ रखती थी। इनके सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने की कोशिश करती थी। मायावती ने बहुजन वोट बैंक पर फोकस किया है। ऐसे में वह कांग्रेस के सहारे सवर्ण वोट बैंक को साधने की कोशिश कर सकती है। इन वोटों को गठबंधन के सहारे एक-दूसरे को ट्रांसफर कराने का प्रयास होगा। बसपा सांसद की राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने के बाद जिस प्रकार के कयास लग रहे हैं, उससे साफ है कि यूपी की राजनीति में दोनों राजनीतिक अकेले प्रभाव खो रहे हैं। विपक्ष की राजनीति का चेहरा अभी समाजवादी पार्टी बन गई है। उस मोमेंटम को यूपी निकाय चुनाव से बदलने की कोशिश है। अगर इस प्रकार की चर्चाओं का निकाय चुनाव के परिणाम पर असर दिखता है, तो निश्चित तौर पर सपा इसे अगले लोकसभा चुनाव के मैदान में आजमा सकती है।




# अपनाएं ये टिप्स, घर में एक भी नहीं रहेगा चूहा



घरों में चूहे हो जाना बेहद आम बात है। एक बार जब घर में चूहों का आतंक शुरू हो जाता है तो उनसे निजात पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। चूहे ना केवल आपकी किचन में सामान को बर्बाद कर देते हैं, बल्कि कपड़ों से लेकर किताबों व अन्य कई सामान को भी नुकसान पहुंचाते हैं। हो सकता है कि आपके घर को चूहों ने अपना घर बना लिया हो और आप उनके कारण बेहद परेशान हो गए हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने घर से चूहों को दूर भगा सकते हैं-

## पेपरमिंट ऑयल का करें इस्तेमाल

पेपरमिंट ऑयल की खुशबू यूं तो हर किसी को बेहद पसंद आती है, लेकिन चूहों को यह गंध पसंद नहीं आती है। आपको बस इतना करना है कि पेपरमिंट के तेल में रूई डुबोएं और उन्हें अपने घर, रसोई, अटारी या किसी भी चूहे वाले एरिया में फैलाएं। ये चूहों को आपके घर से दूर भगाएंगे। इतना ही नहीं, आप अपने घर में पुदीना के पौधे उगाएं। इससे भी चूहे आपके घर में आने से बचेंगे।

## काली मिर्च का करें इस्तेमाल

चूहे गंध के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं और इसलिएर तीखी गंध उन्हें भगाने में मदद करती है। तीखी गंध न केवल उनके लिए असहनीय होती है, बल्कि इससे उन्हें सांस लेने में भी मुश्किल होती है। आपको बस इतना करना है कि आप चूहों के प्रवेश मार्ग व कोनों पर काली मिर्च को छिड़कें।

## प्याज और लहसुन आएगा काम

प्याज और लहसुन चूहों से छुटकारा पाने के लिए भी एक बेहतरीन घरेलू उपचार है। इसे इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। बस आप कुछ कटे हुए प्याज को उनके छेद या प्रवेश द्वार के बाहर रख दें। यह उन्हें आपके घर में घुसने से रोकने के लिए पर्याप्त होगा। लेकिन प्याज का उपयोग करते समय आपको अतिरिक्त सतर्क रहना होगा क्योंकि वे दो दिनों के भीतर सड़ जाएंगे और आपको उन्हें ताजा प्याज से बदलना होगा। सड़े हुए प्याज को फेंक दें क्योंकि वे बच्चों और पालतू जानवरों के लिए जहरीले हो सकते हैं। इसी तरह, आप लहसुन को कूटकर व उसे पानी में मिक्स करके उसका इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

## मटर ही नहीं इसके छिलके भी है काफी फायदेमंद

सर्दियों के मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियों की भरमार होती है। इन्हीं हरी सब्जियों के बीच मटर का खास महत्व होता है। हरी मटर लगभग हर सब्जी का स्वाद बढ़ाती है। कुछ लोग इसे कच्चा खाना भी पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं, हरी मटर का छिलका सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से आप टेस्टी डिश भी बना सकते हैं। हरी मटर के छिलके में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह पोटैशियम, फाइबर, कॉपर और अन्य विटामिन्स से भरपूर होते हैं। यह पाचन तंत्र के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। ये छिलके दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व आंखों की रोशनी बढ़ाते हैं, साथ ही यह वजन को कंट्रोल करने में भी सहायक है, तो चलिए जानते हैं, खाने में हरी मटर के छिलके का कैसे इस्तेमाल करें।

मटर के छिलके की चटनी

आप मटर के छिलके से चटनी बना सकते हैं, इसके लिए आपको चाहिए- 1 कप मटर का छिलका, धनिया पत्ती, अदरक-लहसुन, एक प्याज, 1-2 हरी मिर्च, स्वादानुसार नमक और नींबू का रस। सबसे पहले मटर के छिलके और धनिया की पत्ती को धो लें। इसे ग्राइंडर में डालें, साथ में हरी मिर्च, प्याज और अदरक-लहसुन भी डालें। फिर इस मिश्रण को पीस लें। अब इसमें स्वादानुसार नमक और नींबू का रस मिला दें। आप इसे पराठे, पूड़ी, पकोड़े आदि के साथ सर्व कर सकते हैं।



मटर के छिलके से पकोड़े बनाएं

पकोड़े बनाने के लिए आपको चाहिए, एक कप मटर का छिलका, 3-4 चम्मच चावल का आटा, 3-4 चम्मच बेसन का आटा, 1 टी स्पून हल्दी पाउडर, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, 2-3 बड़े चम्मच तेल इससे पकोड़े बनाने के लिए सबसे पहले मटर के छिलकों को धोकर सूखा लें, और इसे टुकड़ों में कर लें। एक बाउल में बेसन और चावल का आटा लें। इसमें मसाले और नमक मिलाएं। पानी की मदद से घोल तैयार कर लें। इसमें मटर के छिलके को मिक्स करें। अब कढ़ाई गर्म करें, इसमें तेल डालें। अब मिश्रण से पकोड़े फ्राई कर लें। तैयार है मटर के छिलके से बने पकोड़े।

# सेंटर फॉर एक्सीलेंस का केंद्र बनेगा कृषि इंजीनियरिंग कालेज

वहाज अली निहाल

■ कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय रोजगार परक शिक्षा के प्रति दे रहा विशेष ध्यान



**इटावा।** चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कालेज, इटावा में विगत पिछले 45 दिनों से चल रहे एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम श्स्क्क 2024 के विशेष प्रशिक्षण समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित करते हुए महाविद्यालय के डीन डॉ एन के शर्मा ने बताया कि, हमारे इस कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी छात्र छात्राएं आज रोजगार परक शिक्षा लेकर समाज में सेवा देने के लिए तैयार है जो कि, विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों में अपनी प्रतिभा और मेधा के बल पर अच्छे वेतन पर देश विदेश मे भी अपना स्थान बनाने में लगातार सफल हो रहे है जो कि, हमारे महाविद्यालय परिवार के लिए बड़े ही गौरव का विषय भी है। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में डीन डॉ एन के शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि, हमारे कुलपति महोदय पर लगाए गए अनियमितता के आरोप अनर्गल है जिनका मैं खंडन करता हूं और निंदा भी करता हूं क्यों कि, किसी भी गेस्ट फैकल्टी को एक सत्र के लिए ही नियुक्त किया जाता है अतःवर्तमान में इटावा परिसर में नियुक्त गेस्ट फैकल्टी में कुल 18 गेस्ट फैकल्टी में से मात्र 5 गेस्ट फैकल्टी ही सामान्य वर्ग के है शेष सभी ओबीसी एवं अनुसूचित जाति से संबंध रखते है इन सभी की नियुक्ति में संबंधित संकाय के अधिष्ठाता ही चयन समिति के अध्यक्ष थे। इस आधार पर पर इन पर लगाए जा रहे आरोप उनकी स्वच्छ छवि को धूमिल करने का एक निरर्थक प्रयास मात्र ही है। इसी के साथ महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि, अगले सत्र से महाविद्यालय सेंटर फॉर एक्सीलेंस का एक केंद्र भी बनाने की ओर तेजी से अग्रसर है जिसके तहत छात्र, छात्राओं एवम महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को इसी कैंपस में नैतिक मूल्यों का विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि, हमारे महाविद्यालय के विशाल प्राकृतिक परिसर में आए दिन विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों की गतिविधियों दिखाई देती रहती है जिसे दृष्टिगत रखते हुए हमारे परिसर में एक विशेष वन्यजीव रेस्क्यू हेल्प डेस्क की भी स्थापना की जा रही है जिसका अनुमोदन कुलपति महोदय द्वारा महाविद्यालय को प्राप्त हो गया है जिसका शुभारंभ भी जल्द ही किया जायेगा। प्रेस वार्ता में डीन डॉ.एन के शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया, एडीएसडब्ल्यू डॉ टी के महेश्वरी, डॉ अखिलेश सिंह भदौरिया एवम डॉ.आशीष राजपूत उपस्थित रहे।

# जगह-जगह गड्ढा और कीचड से गुजरना मुश्किल



अवधनामा संवाददाता

■ चुनाव में बन सकता हैं रफैयत गंज रोड का अहम मुद्दा

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में बीते दिनों से हुई बारिश में एक बार फिर से सरकार /नगर पालिका प्रशासन के दावों की पोल खुल गई बीते रविवार से हुई बारिश से कस्बे की मुख्य सड़कों व गलियों में कीचड़ व जल भराव हो गया। इसकी वजह से लोगों को आवागमन में समस्या हुई। रविवार को हुई बारिश ने एक बार फिर से सरकारी दावों की पोल खोल दी। कस्बे के पीपल चौराहा से मोहल्ला सुलहाड़ा रोड,सुलहाड़ा से रफैयत गंज रोड, पीपल चौराहा से गुलाब बाड़ी चुंगी रोड सहित कस्बे की अन्य गलियों में कीचड भर गया। राहगीरों और वाहन चालकों को उसी से होकर गुजरना पड़ा। जिससे लोगो को काफी समस्या उत्पन्न हो गई हैं। एक राहगीर ने बताया कि कस्बे की मुख्य सड़के भी अभी तक जस की तस पड़ी हुई हैं। वही मोहल्ला रफैयत गंज की सड़क सालों से खराब पड़ी हुई

## चुनाव में बन सकता हैं रफैयत गंज रोड का अहम मुद्दा

बिलग्राम कस्बे के पीपल चौराहा से मोहल्ला सुलहाड़ा होते हुए मोहल्ला रफैयत गंज जाने वाली सड़क पर चलने वाले मोहल्लेवासी तथा आसपास के ग्रामीण लोग काफी परेशान हैं इन लोगों का कहना है कि अगर जिम्मेदारों द्वारा सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू नही हुआ तो इसका नतीजा आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल सकता हैं क्योंकि इस रोड से गुजरने वाले राहगीर एवम मोहल्लेवासी अत्याधिक परेशान हैं।

# खाटू श्याम वाले की निशान यात्रा 08 फरवरी को

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाडले श्याम समिति द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो 08 फरवरी और 09 फरवरी को आयोजित होंगे। यह जानकारी समिति के पदाधिकारियों ने माथुर वैश्य धर्मशाला पथवारी मंदिर के समीप में दी। पदाधिकारियों ने बताया कि 08 फरवरी को बाबा श्याम की निशान यात्रा बैंड बाजों के साथ सुबह 09 बजे से बड़ा बाजार स्थित काली देवी मंदिर से प्रारंभ होगी जो दोनों बाजारों में होते हुए बाबा के निशानों को लहराते और जय श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए एटा रोड स्थित श्री चौमुखी महादेव मंदिर पर पहुंचेगी। वहीं दूसरे दिन 09 फरवरी की शाम 06 बजे पाली इंटर कॉलेज स्टेशन रोड के मैदान में भव्य महा कीर्तन आयोजित किया जाएगा जिसमें वृंदावन धाम की ब्रज रस अनुरागी पूर्णिमा (पूनम दीदी) द्वारा भजनों से बाबा को रिझायेंगी। पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

इस अवसर पर संजीव अग्रवाल (गिरधर), अजय अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता उर्फ जोनू, आकाश मित्तल, अंशू गुप्ता ( नेताजी) , अमन मित्तल, नितिन गुप्ता, देवेंद्र, मनीष, योगेश, सजल, शिवांग, अरविंद, आर्यन, शिवम् सहित सभी पदाधिकारियों के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव एवं भृष्टाचार के जरूरतमन्दों को मिल रहा है: विनय वर्मा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चाओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार के अभियानों के माध्यम से जनता से संपर्क करने की रणनीति बनाई है। इसी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी जनपद कार्यालय पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनेश बघेल की अध्यक्षता में÷ओबीसी मोर्चा की जिला बैठक÷सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के जनपद प्रभारी विनय वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत उपस्थित रहें बैठक का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण में अनेकों योजनाए संचालित की जा रही है जिसका लाभ बिना किसी भेदभाव एवं भृष्टाचार के जरूरतमन्दों को मिल रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार विकास के साथ साथ देश की सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती प्रदान करने का काम कर रही है । बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि भाजपा ने यूपी की सभी 403 विधानसभा पर 10 पिछड़े समाज के 500 कार्यकर्ता तैयार किए हैं। इसके साथ ही वह अलग-अलग जातियों के जातीय सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इसका लक्ष्य दो लाख से ज्यादा ओबीसी कार्यकर्ता तैयार करना है। ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में जनपद में सामाजिक सम्मेलन आयोजित कराए जाएंगे। बैठक का संचालन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राजपूत ने किया । बैठक में अपने समापन उद्बोधन में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनेश बघेल ने बताया कि ओबीसी समाज से आने वाले युवाओं को युवा संवाद अभियान के तहत जोड़ा जाएगा। ओबीसी मोर्चा द्वारा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नमो एप अभियान के विकसित भारत ब्रांड अम्बेसडर बनाने का कार्य करेंगे। बैठक में आगामी अभियानों के लिए कार्ययोजना बनाई गई है तथा इसके लिए संयोजक एवं सह-संयोजक नियुक्त किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से सतीश शाक्य, जय सिंह बघेल, होतीलाल राजपूत, जय सिंह राजपूत, विवेक बघेल, जय सिंह बघेल, श्रीप्रकाश कुशवाहा, रवि कश्यप, संदीप शर्मा सहित ओबीसी मोर्चा जिला एवं मण्डल पदाधिकारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना उत्तर पुलिस से लूट के आरोपी लुटेरे के साथ मुठभेड़

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर ने सूचना दी की 3 फरवरी को हुई लूट की घटना का मुख्य आरोपी मोटरसाइकिल से कहीं जाने की फिराक में है। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए। जैन नगर के पास चेकिंग शुरू की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया जिस पर मोटरसाइकिल सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। खुद को बचाते हुए जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लग गई। अभियुक्त के कब्जे से एक पिट्ठू बैग जिसमे 11 मोबाइल फोन,एक तमंचा 315 बोर,दो खोखा कारतूस,तीन जिंदा कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया था। घटना तीन फरवरी को शुभांशु शर्मा निवासी 1/3 सरस्वती नगर जलेसर रोड थाना उत्तर से मोबाइल छीन कर ले गए जिसका मुकदमा थाना उत्तर में पंजीकृत था मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त फैजान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** ओम कॉलोनी में स्थित मदर्स प्राइड ग्लोबल स्कूल में ग्यारहवां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने फीता कटकर एवम एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बच्चो एवम अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि उम्र के साथ बच्चो के विचारों में बदलाव आता है उनकी भावनाओं को समझते हुए उनसे मित्रवत व्यवहार करे ताकि वह अगर किसी मुसीबत में या कुसंगत फसने पर आपसे निदान के लिए वार्ता कर सकें महापौर कामनी राठौर ने कहा कि छत्र जीवन में सुविधाओं का अभाव कुछ नही बिगाड़ सकता व्यक्ति के रूप रंग गरीबी अमीरी अधिक महत्व नहीं रखती। चाणक्य फाउंडेशन के प्रदेश सचिव पंडित अखिलेश शर्मा ने बच्चो एवम अभिभावकों से कहा की बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा दे और अपना शरीर ही हमारा सबसे बड़ा मित्र होता है बच्चों को पूर्ण स्वस्थ रखने हेतु संतुलित आहार का ध्यान दे नजर भी रखे की हमारे बच्चे किसी अवगुण के शिकार तो नहीं बन रहे स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। छात्रों द्वारा देश भक्ति पंजाबी एवम राजस्थानी कलाकृतियों से सुसज्जित कलाकारों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया आर्मी की वर्दी में अभिनय देखकर सभी की आंखे नम हो गई थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवकांत पलिया संगीता पांडेय विवेक अग्रवाल अपर्णा कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय पार्षद रेखा सुभाष राठौर विद्याराम शर्मा विजय शर्मा शोमेंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विश्वनाथ शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों एवम विद्यालय परिवार के अभी शिक्षकों एवम पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा पराली प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा 6 फरवरी को गांव वहरावली, विकासखंड छाता, जिला मथुरा में यथा स्थान फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत गांव स्तरीय पराली प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर ए.के. श्रीवास्तव, निदेशक प्रसार प्रो. अतुल कुमार सक्सेना एवं केंद्र प्रभारी डॉ. वाई.के. शर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मृदा वैज्ञानिक डॉ. रविंद्र कुमार राजपूत मृदा वैज्ञानिक द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन के विषय में जानकारी दी जिसमें किसानों को बताया कि किसान भाई अपने खेत के फसल अवशेषों को सडाकर खाद बनाकर खेत में मिलाये एवं किसी भी फसल अवशेष में बिल्कुल भी आग न लगाये, फसल अवशेषों को खेत में मिलने से खेत की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी एवं पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होगा। कृषि विभाग के तकनीकी सहायक श्री लखन सिंह द्वारा किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी जिसमें सोलर पंप की योजना, बीज अनुदान की योजना, किसान सम्मन निधि आदि के बारे में किसानों को बताया फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के फार्मर चेंज एजेंट जितेंद्र सिंह द्वारा किसानों को केंद्र द्वारा कौन-कौन से लाभ दिए जाते हैं।

# केएमयू में हुआ मेडिको लीगल कान्फ्रेंस का आयोजन

■ इलाज में ठीक होने का भरोसा, जगा सकती है जीने की इच्छाः किशन चौधरी

■ मरीज का मन, विश्वास और मनोबल को डाक्टर मजबूती देकर करें इलाजः किशन

**मथुरा।** 'मेडिको-लीगल प्रैक्टिस में उभरते रुझान' विषय पर एक दिवसीय मेडिको-लीगल कॉन्फ्रेंस का आयोजन केएम विवि के एलटी 3 में किया गया। जिसमें मेडीकल कालेज एवं हास्पिटल के सभी पीजी व यूजी डाक्टर्स तथा मेडीकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। डीन एकाडमिक्स एवं वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर एफ.एम.टी. डा. एसटी वाली ने कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं संचालन किया तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की डा. अंजलि भारद्वाज द्वारा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सरस्वती देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके की गई। उन्होंने कानूनी मुद्दों पर चिकित्सा पेशेवरों के ज्ञान अद्यतन पर नियमित सत्र आयोजित करने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा मेडीकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस सूचना तंत्र मुख्य हिस्सा होती है। इसके अभाव में मेडिकोलीगल मामलों में मरीज को सीधे भर्ती नहीं कर सकते। भगवान के बाद दूसरा नाम डाक्टर का आता है मरीज को शांति-धैर्य देकर इलाज करेंगे तो मरीज ठीक होने की उम्मीद पर बच जाए, जन्म और मृत्यु तो ईश्वर के हाथ होती है लेकिन डाक्टर अगर मरीज को ठीक होने का भरोसा दिलाते है तो उसमें जीने की इच्छा जाग सकती है। मरीज का मन, विश्वास और मनोबल को मजबूती देकर इलाज किया जाए तो परिणाम अच्छे आते है। विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता ने कहा मेडिको-लीगल मामला वह है जहां चिकित्सा उपचार के अलावा; रोगी की वर्तमान स्थिति/स्थिति के संबंध में जिम्मेदारी तय करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जांच आवश्यक है। इसलिए, मामले में चिकित्सीय और कानूनी दोनों निहितार्थ हैं। वहीं प्रो.वाइस चांसलर डा. शरद कुमार अग्रवाल ने डॉक्यूमेंटेशन की इम्पोर्टेंस पर पीजी व यूजी मेडीकल छात्र-छात्राओं को एमएलसी पंजीकृत कराना क्यों आवश्यक है, पर प्रकाश डालते हुए कहा एमएलसी के पंजीकरण के संबंध में रिश्तेदारों, स्वयं रोगी या उसके सहयोगियों के अनुरोध/दबाव को मानने की कोई गुंजाइश नहीं है। भले ही घटना (जैसे आघात) कई दिन पहले हुई हो, यदि शिकायतें एमएलसी के योग्य हैं, तो एमएलसी पंजीकृत किया जाना चाहिए। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में बाद की जांच के लिए आवश्यक नमूनों को संरक्षित करने में विफलता या किसी आपराधिक मामले में मरीज के शव को बिना पूछताछ और पोस्टमार्टम (पीएम) के जारी करने पर डॉक्टर पर कानूनी कार्यवाही भी हो सकती है।

# अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**एटा।** ए.एन.टी.एफ. आपरेशनल यूनिट आगरा तथा मलावन पुलिस के संयुक्त प्रयास से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सक्रिय तस्कर गिरफ्तार,10 कुन्टल 41 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी (अंर्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 05 करोड़ 20 लाख रूपये) व एक आइसर कैन्टर, 220 बण्डल पुरानी साडी की गाँठ एवं 840 रुपये नगद तथा 02 मोबाइल बरामद, पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय लखनऊ उत्तर प्रदेश के आदेश तथा, एटा एसएसपी राजेश कुमार सिहं के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक धंनजय सिहं कुशवाहा व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में, मादक पदार्थो की तस्करी एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपाधीक्षक इरफान नासिर खान आपरेशनल यूनिट आगरा तथा क्षेत्राधिकारी सकीट संजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, ए.एन.टी.एफ. ऑपरेशनल यूनिट आगरा जोन आगरा टीम तथा थाना मलावन पुलिस के संयुक्त प्रयास से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सक्रिय तस्कर 1. हरेन्द्र पुत्र भरत सिंह निवासी कनकपुर थाना अकराबाद जनपद अलीगढ 2. मोहित सेन पुत्र वृन्दावन सेन निवासी मोहल्ला सोनी राजे नगर थाना राजे नगर जिल्ली छतर पुर म.प्र. को आसपुर टोल थाना मलावन से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से 10 कुन्टल 41 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी (अंर्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 05 करोड 20 लाख रूपये) व एक आइसर कैन्टर न0-यूपी 81 डीटी 6188 व 220 बण्डल पुरानी साडी की गाँठ,840 रुपये नगद एवं 02 मोबाइल बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में थाना मलावन पर मु.अ.सं.-16/24 धारा 8/20/29/60/61 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है,पूछताछ का विवरण,पकडे गये अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह एक सिंडिकेट के रुप में काम करते हैं यह गांजा गौरव सिह शीलू सिह,तथा बबलू दाऊ के कहने पर व उडीसा से पुरानी साड़ियों की गाँठो में छिपाकर ला रहे थे जिसे अलीगढ़ एवं आसपास के जनपदों में, आगामी चुनावों के चलते सप्लाई करना था इस माल को सप्लाई करने में अभिषेक,राजन,अनुज ढोलना सहायता करते हैं।

# लीगल एड डिफेंस काउंसलिंग की होगी स्थापना

अवधनामा संवाददाता

■ आवेदन 15 फरवरी तक, चार पदों पर होगी भर्ती

**मथुरा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद मथुरा में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अंतर्गत विभिन्न चार पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित योग्यताओं के अनुसार जनपद में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु 01 पद तथा असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल हेतु 02 पद सहित कुल 04 पदों पर नियुक्ति की जानी है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा बताया कि जनपद में आपराधिक मामलों में वंचित एवं कमजोर वर्ग की प्रतिरक्षा के लिए जनपद न्यायालय, मथुरा में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की स्थापना की जायेगी। सभी पदों पर चयन समिति द्वारा आवेदक को मेरिट के आधार पर चयनित किया जायेगा। मेरिट आवेदकों की योग्यता के आधार पर बनेगी। इसमें आवेदन के विधिक ज्ञान, कौशल, वकालत प्रेक्टिस और अनुभव का ध्यान रखा जायेगा। सभी पदों पर चयन दो वर्ष के लिए संविदा पर किया जायेगा। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर उनकी वार्षिक सेवा का विस्तार किया जा सकेगा। आवेदक निर्धारित प्रारूप पर आवेदन की समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए दिनांक 15 फरवरी 2024 को सांय 05.00 बजे तक अपना आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा में प्राप्त करा सकते हैं। नियत तिथि 15.02.2024 के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप दिनांक 15.02.2024 तक जनपद न्यायालय, मथुरा की अधिकारिक वेबसाइट http://mathura. dcourts. gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

# एआइपीएमएम ने पसमांदा पंचायत एवं सेमिनार का किया आयोजन

## पहले चरण में मुख्यअतिथि के रूप में डॉ. तारिक मंसूर व द्वितीय चरण में मंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहे

अवधनामा संवाददाता







**लखनऊ।** विगत 4 फरवरी को प्रथम चरण प्रातः 11:00 से 2:00 बजे, ए-ब्लॉक दारुलशफा, हजरतगंज लखनऊ में भारतीय मूल के पसमांदा मुसलमानों का चरित्र निर्माण एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर तारिक मंसूर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व वीसी एएमयू अलीगढ़ सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा है कि मुसलमानों विशेषकर कर पसमांदा मुसलमानों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी चाहिए और समाज को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से लाभ उठाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व आईएएस अनीस अंसारी सम्मिलित हुए और उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को हर हाल में शिक्षा पर जोर देना चाहिए। बगैर शिक्षा के हम अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकते साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक जागरूकता भी बहुत जरूरी है क्योंकि लोकतंत्र में सारी समस्याओं का हल राजनीतिक गलियारों से होता है इसलिए राजनीतिक हिस्सेदारी अति आवश्यक है। हम किसी भी दल में रहे लेकिन राजनीति में हिस्सा जरूर लेना चाहिए।

द्वितीय चरण 03:00 से 05:00 बजे भारतीय मूल के पसमांदा समाज का समुदायिक विकास राष्ट्रीय चरित्र निर्माण एवं शासक्तिकरण पसमांदा पंचायत' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री वक्फ एवं हज विशिष्ट अतिथि के रूप में शमीम अख्तर अंसारी (उपश्रमायुक्त उ.प्र.) शामिल हुए। मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा है कि पसमांदा मुस्लिम समाज को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से फायदा उठाकर समाज को जागरूक करके मुख्यधारा में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के पसमांदा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में आगामी दिनों में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पसमांदा पंचायत के अयोजन में शामिल होकर पसमांदा मुस्लिम समाज से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का पूर्ण समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा कि आज ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज देश के 12 राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व हरियाणा में पसमांदा मुसलमानों के हक की लड़ाई सफलतापूर्वक लड़ रहा है, जिसका असर प्रदेश की राजनीति में साफ देखने को मिल रहा है। अब पक्ष हो या विपक्ष पसमांदा विर्मश का अनदेखा नहीं कर सकते है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के संयोजक मुहम्मद युनुस ने कहा है कि भारतीय मूल के पसमांदा मुस्लिम समाज को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए और अपने फैसले खुद करने चाहिए। पसमांदा विचारक फय्याज अहमद फैजी ने अपने संबोधन में कहा कि पसमांदा समाज जब तक राजनीतिक रूप से सबल नहीं होगा तब उसका सामाजिक सुधार संभव नहीं है।

# आखिरी तीन टेस्ट के लिए टीम इंडिया का हो सकता है ऐलान आज, कोहली की वापसी पर सस्पेंस

फिलहाल दोनों टीमों के बीच दो मुकाबले खेले जा चुके हैं जबकि तीन अभी भी खेले जाने हैं। सभी की निगाहें बीसीसीआई चयन समिति पर हैं। वहीं कहा जा रहा है कि, अजीत अगरकर ने नेतृत्व में आज बैठक होगी जिसमें कई अहम निर्णय लिए जाने हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। फिलहाल दोनों टीमों के बीच दो मुकाबले खेले जा चुके हैं जबकि तीन अभी भी खेले जाने हैं। सभी की निगाहें बीसीसीआई चयन समिति पर हैं। वहीं कहा जा रहा है कि, अजीत अगरकर ने नेतृत्व में आज बैठक होगी जिसमें कई अहम निर्णय लिए जाने हैं।

दरअसल, बीसीसीआई ने पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट के लिए ही टीम इंडिया का ऐलान किया था। अब बाकी बचे तीन टेस्ट के लिए टीम चुनी जानी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज यानी 6 फरवरी को आखिरी तीन टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान होगा। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के नेतृत्व में आखिरी




तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम चुनी जाएगी।

निजी कारणों के चलते पहले दो टेस्ट से ब्रेक लेने वाले विराट कोहली बाकी बचे तीन टेस्ट खेलेंगे या नहीं। हर किसी की नजरें इस पर टिकी हुई हैं। वहीं जडेजा और केएल राहुल की वापसी होगी या नहीं, इस पर भी फैंस नजरें गड़ाए हुए हैं। बता दें कि, राहुल और जडेजा पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। जिस कारण वो दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे।

साथ ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब भी पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। ऐसे में इंग्लैंड सीरीज में उनकी वापसी मुश्किल है। शमी मौजूदा समय में लंदन में हैं, रिपोर्ट के अनुसार वह सर्जरी कराने लंदन गए हुए हैं। हालांकि, अभी तक उनकी सर्जरी पर कोई अपडेट सामने नहीं आया है।

# पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का दावा, कहा- रूट 'बैजबॉल' युग में टीम में जगह के लिए अपने स्वाभाविक खेल से दूर हो रहे

एलिस्टर कुक का मानना? है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना? है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच




ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। 'बैज' मैकुलम का उपनाम है।

कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने 2012 में भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। इसके बाद कोई भी विदेशी टीम भारतीय सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है। कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में हर गेंद पर प्रहार करना चाहते थे। वह 10 गेंद की 16 रन की पारी में कभी सहज नहीं दिखे। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (12,472) बनाने वाले कुक ने 'टीएनटी स्पोर्ट्स' से कहा, ''वह सभी प्रारूपों में इंग्लैंड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। लेकिन वह इस 'बैजबॉल' युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है।

कुक ने कहा वह टीम के दूसरे खिलाड़ियों को आक्रामक शॉट खेलते हुए देखता है, जो उन खिलाड़ियों की शैली के अनुरूप है। रूट ने टेस्ट में 11,500 से ज्यादा रन बनाये है। वह शानदार हैं। बेन (स्टोक्स) और ब्रेंडन (मैकुलम) जो कर रहे हैं उसमें जगह बनाने की बेताबी में कभी-कभी वह आक्रामक और रक्षात्मक खेल का सही संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। कुक चाहते हैं कि रूट अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपनी स्वाभाविक गति से खेलें।

उन्होंने कहा वह नौ गेंदों पर 16 रन पर था और वह आम तौर पर इतनी तेजी से बल्लेबाजी नहीं करते हैं। वह आम तौर पर 75 या 80 के बीच स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। इसमें जोखम बेहद कम होता है। टेस्ट मैच में यह स्ट्राइक-रेट भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा, मुझे रूट को नैसर्गिक बल्लेबाजी करते देखना पसंद है।

# लवलीना डिस्क्वालीफाई हुई, निकहत और साक्षी स्ट्रेंड्जा मेमोरियल में जीती

वह गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की लखदिरी वासिला से भिड़ेंगी। दूसरी ओर साक्षी ने अपने तेज मूवमेंट और आश्चर्यचकित करने वाले हमलों से अल्जीरिया की सेलमौनी चाहिरा को पछाड़ दिया। उन्होंने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 की आसान जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

सोफिया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत की लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सोमवार को यहां 75वें स्ट्रेंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयरलैंड की ओरोरके ओइफे के खिलाफ डिस्क्वाली फिकेशन से हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई। रैफरी ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले के तीसरे दौर में एक मिनट 18 सेकेंड का खेल होने के बाद लवलीना को विरोधी खिलाड़ी को बहुत अधिक पकड़ने के कारण तीसरी बार चेतावनी देकर



डिस्क्वालीफाई कर दिया।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी 26 साल की गत विश्व चैंपियन लवलीना ने पहले दो राउंड 3-2 से जीते लेकिन दोनों राउंड में उनका एक-एक अंक कट गया जिसके कारण वह तीन मिनट के तीसरे राउंड से पहले पीछे चल रहीं थी। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और साक्षी चौधरी (57 किग्रा) ने अपने अभियान की शुरुआत विपरीत अंदाज में जीत के साथ की। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी निकहत ने मंगोलिया की ओयुंटसेटसेग येसुगेन पर 3-2 से करीबी जीत दर्ज की।

वह गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की लखदिरी वासिला से भिड़ेंगी। दूसरी ओर साक्षी ने अपने तेज मूवमेंट और आश्चर्यचकित करने वाले हमलों से अल्जीरिया की सेलमौनी चाहिरा को पछाड़ दिया। उन्होंने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 की आसान जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोराबोनू से होगा।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा) को आयरलैंड की फे नियाम से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मनीषा (60 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) सोमवार को क्रमशः फ्रांस की जिदानी अमीना और सोनविको एमिली के खिलाफ मुकाबले में उतरेंगी। रविवार की देर रात जुगनू (86 किग्रा) ने प्री क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन के कोचरियन आशोट पर 3-2 से कड़ी जीत हासिल की। अब गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के जालोलोव समंदर से होगा।

## एमआई के कोच मार्क बाउचर ने बताया रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने का कारण

कोच मार्क बाउचर ने हाल ही में बताया कि रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस की कप्तानी से क्यों हटाया गया था। दरअसल, स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में दो साल बाद वापसी से रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस की कप्तानी पद से हटा दिया गया था। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने हाल ही में बताया कि रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस की कप्तानी से क्यों हटाया गया था। दरअसल, स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में दो साल बाद वापसी से रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस की कप्तानी पद से हटा दिया गया था। दो साल तक गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करने के बाद मुंबई इंडियंस में हार्दिक पांड्या लौट आए हैं। आईपीएल 2024 की मिनी नीलामी से ठीक चार दिन पहले, उन्हें पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाली स्क्वॉड का कप्तान नियुक्त किया गया। मार्क बाउचर ने एक पॉडकास्ट पर कहा कि, मुझे लगता है कि ये पूरी तरह से एक क्रिकेट निर्णय था।

# सुमित नागल की प्रगति उनकी फिटनेस और फुर्ती पर निर्भर करेगी : आनंद अमृतराज




भारतीय टेनिस के दिग्गज आनंद अमृतराज का मानना है कि उभरते हुए भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल की प्रगति और शीर्ष 100 में उनका प्रवेश उनकी फिटनेस और तेजी पर निर्भर करेगा। नागल ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल के मुख्य ड्रॉ के दूसरे दौर में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरीं। आनंद ने सोमवार को यहां मद्रास क्रिकेट क्लब में डेविस कप में जीत के जश्न के कार्यक्रम के मौके पर 'पीटीआई' से कहा, सुमित नागल की प्रगति उनकी फिटनेस और फुर्ती पर निर्भर करती है क्योंकि वह बहुत लोगों पर हावी नहीं हो सकता। उसे उन्हें पछाड़ना होगा और अंक बनाने होंगे।

नागल वर्तमान में एटीपी एकल रैंकिंग में 121वें स्थान पर हैं और आनंद को उम्मीद है कि वह आगामी छह महीनों में शीर्ष 100 में जगह बना लेंगे। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि नागल ग्रैंडस्लैम में नियमित रूप से खेलेंगे। नागल के अलावा आनंद ने आगमी महीनों में शीर्ष 100 में जगह बनाने के लिए तमिलनाडु के दो और भारतीय खिलाड़ियों रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार का भी समर्थन किया। उन्होंने रामकुमार की सर्विस की सराहना की लेकिन आनंद का मानना है कि इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को अपने फोरहैंड और बैकहैंड पर काम करने की जरूरत है।

# लाल सलाम का ट्रेलर हुआ रिलीज, अपनी बेटी ऐश्वर्या की फिल्म में रजनीकांत ने किया कैमियो

रजनीकांत, विष्णु विशाल और विक्रांत अभिनीत फिल्म लाल सलाम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 5 फरवरी को जारी किया गया था। फिल्म पहले इस साल पोंगल पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब 9 फरवरी को रिलीज होगी। लाल सलाम का ट्रेलर देखें नीचे।

लाल सलाम का ट्रेलर 5 फरवरी, 2024 को अनावरण किया गया। मुख्य भूमिकाओं में विष्णु विशाल और विक्रांत अभिनीत, लाल सलाम में एक विस्तारित कैमियो में रजनीकांत भी हैं। यह फिल्म ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित है और 9 फरवरी, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा पहले पोंगल के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। ट्रेलर तमिल भाषा में जारी किया गया था जो कि क्रिकेट ड्रामा के अतिरिक्त मसाले के साथ धर्म,



राजनीति और सत्ता जैसे विषयों के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म में मुख्य कलाकार विक्रांत और विष्णु विशाल क्रिकेटर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव की भी झलक देखने को मिलती है।


ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित, यह फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और ए सुबास्करन द्वारा प्रस्तुत की गई है। फिल्म में रजनीकांत मोइदीन भाई के किरदार में नजर आएंगे और पहले पोस्टर के मुताबिक यह फिल्म क्रिकेट और दोस्ती के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने तैयार किया है। यह तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अंबानी परिवार के एंटीलिया जितना बड़ा है अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का मुंबई घर? तहलका ने दिखाई झलक

बिग बॉस 17 खत्म हो चुका है लेकिन लोग अभी भी इसके बारे में बात कर रहे हैं। ग्रैंड फिनाले 28 जनवरी को हुआ लेकिन हर कोई अब भी जानना चाहता है कि शो के प्रतियोगी अब क्या कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन शो के सबसे चर्चित प्रतियोगी रहे हैं।

बिग बॉस 17 खत्म हो चुका है लेकिन लोग अभी भी इसके बारे में बात कर रहे हैं। ग्रैंड फिनाले 28 जनवरी को हुआ लेकिन हर कोई अब भी जानना चाहता है कि शो के प्रतियोगी अब क्या कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन शो के सबसे चर्चित प्रतियोगी रहे हैं। उनके निजी जीवन और परिवार को हमेशा बीच में रखा जाता था और हमने उनके बीच कई मुद्दों को होते देखा। अंकिता और विक्की ने 2021 में शादी कर ली और हमने उन्हें बिग बॉस 17 के घर के अंदर कई बदसूरत झगड़े होते देखा। शो ख़त्म होने के बाद, अंकिता शो में अपने ससुराल वालों और अपने पति को जिस तरह से चित्रित किया जा रहा था, उससे खुश नहीं दिखीं।

हालाँकि, शो के बाद, हमने बिग बॉस 17 के प्रतियोगियों को एक साथ पार्टी करते देखा। सनी आर्या उर्फ तहलका ने भी अंकिता और

विक्की के साथ पार्टी की। वह उनकी मां से मिले और मुंबई में अंकिता और विक्की के घर भी गए। सनी आर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने अंकिता और विक्की के घर की झलक दिखाई। सनी ने खुलासा किया कि विक्की और अंकिता के पास मुंबई में करोड़ों की कीमत का घर है। उन्होंने कहा कि अंबानी के बाद विक्की के पास मुंबई में सबसे बड़ा घर है। उन्होंने एक भव्य बैठक क्षेत्र और कुछ सुंदर सजावट के साथ सफेद थीम वाला घर दिखाया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके घर में एक मिनी थिएटर और तीन स्विमिंग पूल हैं। उन्होंने कहा कि अगली बार जब वह मुंबई आएंगे तो पूरे घर का वीडियो शेयर करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्की और अंकिता के घर की कीमत 50 करोड़ रुपये है। बिग बॉस 17 के ग्रैंड फिनाले की बात करें तो मुनव्वर फारुकी ने शो जीता जबकि अभिषेक कुमार शो के फर्स्ट रनर अप रहे। मन्नारा चोपड़ा को बिग बॉस 17 की दूसरी रनर अप घोषित किया गया। अंकिता लोखंडे और अरुण मैशेट्टी ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

# ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने किया भारतीय वायु सेना की वर्दी का अपमान, इंडियन एयरफोर्स की टीम ने भेजा कानूनी नोटिस

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर इस समय सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। 25 जनवरी 2024 को रिलीज हुई यह फिल्म दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। फिल्म में ऋतिक और दीपिका भारतीय वायुसेना के पायलट की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं।

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर इस समय सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। 25 जनवरी 2024 को रिलीज हुई यह फिल्म दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। फिल्म में ऋतिक और दीपिका भारतीय वायुसेना के पायलट की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। अब, फाइटर की टीम को विंग कमांडर सौम्य दीप दास, जो भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी हैं, ने कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस भारतीय वायु सेना और उनके अधिकारियों



की मानहानि, अपमान और नकारात्मक प्रभाव के लिए कानूनी नोटिस विषय पंक्ति के साथ भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय वायु सेना की वर्दी केवल कपड़ों का एक टुकड़ा नहीं है, यह एक शक्तिशाली प्रतीक है। कर्तव्य, राष्ट्रीय सुरक्षा और निस्वार्थ सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की।

नोटिस में आगे लिखा है यह हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान, अनुशासन और अटूट समर्पण के उच्चतम आदर्शों का प्रतीक है। व्यक्तिगत रोमांटिक उलझनों को बढ़ावा देने वाले दृश्य के लिए इस पवित्र प्रतीक का उपयोग करके, फिल्म इसकी अंतर्निहित गरिमा को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है और हमारे देश की सेवा में अनगिनत अधिकारियों द्वारा किए गए गहन बलिदानों का अवमूल्यन करती है। इसके अलावा, यह वर्दी में अनुचित व्यवहार को सामान्य बनाता है, एक खतरनाक मिसाल कायम करता है जो हमारी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सौंपे गए लोगों से अपेक्षित नैतिक और नैतिक मानकों को कमजोर करता है।

दृश्य के बारे में उल्लेख करते हुए, नोटिस में आगे लिखा गया है, तकनीकी क्षेत्र के दायरे में आने वाले रनवे पर वर्दी में चुंबन करना, जबकि रोमांटिक के रूप में चित्रित किया गया है, एक ड्रेस्ड अधिकारी के लिए बेहद अनुचित और अशोभनीय माना जाता है, क्योंकि यह उच्च के विपरीत है। उनसे अनुशासन और मर्यादा के मानकों की अपेक्षा की जाती है। फिल्म में ऋतिक और दीपिका के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख भी अहम भूमिकाओं में हैं।

यह पहली बार नहीं है जब ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण-स्टारर फिल्म ने सुर्खियां बटोरी हैं। कथित तौर पर एक विशेष धर्म के लोगों को खराब छवि में दिखाने के लिए फाइटर को संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर मध्य पूर्व के देशों के सिनेमाघरों में रिलीज करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके अलावा सेंसर बोर्ड ने रिलीज से पहले इसके निर्माताओं को फिल्म में कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया था। इसके बाद, फाइटर से लोकप्रिय गीत इश्क जैसा कुछ सहित कई दृश्य हटा दिए गए।

# अंकिता लोखंडे और सुशांत सिंह राजपुत ने मिलकर किया था अपने पालतू डॉग को प्यार, आखिर में उनसे भी छोड़ दिया एक्ट्रेस का साथ

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्रशंसकों के साथ एक दुखद खबर साझा की। उन्होंने अपने कुत्ते की तस्वीर साझा की जिसका निधन हो गया है। तस्वीर के साथ उन्होंने कुत्ते के लिए एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया।

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे जिन्होंने हाल ही में बिग बॉस 17 में भाग लिया था, ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्रशंसकों के लिए एक दुखद खबर साझा की। उन्होंने अपने पालतू कुत्ते स्कॉच की तस्वीर पोस्ट की, जिसका निधन हो गया है। अपने पालतू कुत्ते की एक प्यारी सी तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, अरे दोस्त मम्मा तुम्हें बहुत याद करूंगी। रेस्ट इन पीस स्कॉच।

अंकिता के फैंस और उनके करीबी दोस्तों ने भी कमेंट सेक्शन में स्कॉच के निधन पर शोक जताया। एक यूजर ने लिखा, मुझे याद है कि यह एक कुत्ता है जो उसे पवित्र रिश्ता के दौरान मिला था इसलिए सुशांत और उसकी भावनाएं दोनों इससे जुड़ी हुई थीं। अमृता




खानविलकर ने लिखा, हे भगवान, बाप रे, भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। अभिनेत्री मौनी रॉय ने टिप्पणी की, बहुत खेद है। उनके पति विक्की जैन ने भी कुत्ते की मौत पर शोक जताया और लिखा, तुम्हें याद करूंगा, स्कॉच।

दिवंगत अभिनेता और पवित्र रिश्ता में अंकिता के सह-कलाकार, सुशांत सिंह राजपूत ने उन्हें पिल्ला उपहार में दिया। घर के अंदर स्कॉच के साथ खेलते हुए सुशांत का एक वीडियो पापराज़ो विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर साझा किया था। वीडियो में सुशांत को कुत्ते के साथ खेलते हुए देखा जा सकता है।

अभिनेत्री ने हाल ही में लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो, बिग बॉस 17 में भाग लिया। अंकिता सीजन की सबसे लोकप्रिय प्रतियोगियों में से एक होने के कारण चौथे स्थान पर रही और सीजन के फाइनलिस्ट में से एक थी। उनके पति भी हाउसमेट के रूप में शो का हिस्सा थे, लेकिन कम वोटों के कारण ग्रैंड फिनाले से पहले ही बाहर हो गए। फिल्म की बात करें तो, वह अगली बार स्वतंत्र वीर सावरकर में नजर आएंगी, जिसमें मुख्य भूमिका में रणदीप हुडा हैं।

# दुबई में आयोजित होगी छठी फाइननेक्स्ट कांफ्रेंस

## भविष्य के फाइनेंस और टेक्नॉलॉजी पर रहेगा जोर

**आयोजित**

◀ **दुबई कार्यक्रम के लिए जो वक्ता शामिल होंगे उनके नाम इस प्रकार हैं**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इंटरनेटशाइन टेक्नोलॉजीज अपने फाइननेक्स्ट सम्मेलन के छठे संस्करण के लिए तैयार है। यह सम्मेलन दुबई में आयोजित होने वाला है। यह सम्मेलन, इंटरनेटशाइन टेक्नोलॉजीज यूएसए द्वारा आयोजित और ष्टश्वश्वहल्क्क द्वारा प्रायोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 28 और 29 फरवरी, 2024 को क्राउन प्लाजा दुबई के डीरा में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में उद्योग जगत के कई दिग्गज लोग एक साथ आएंगे।

इस सम्मेलन में ट्रडिशनल फाइनैन्स और फिनटेक दोनों संस्थाओं और इससे जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मेलन इनोवैशन, नेटवर्किंग और प्रतिभा प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

इंटरनेटशाइन टेक्नोलॉजीज के सीईओ और सह-संस्थापक, अनस जावेद ने इस सम्मेलन को लेकर कहा, सहयोग और तकनीकी इनोवैशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमेशा रहेगी। फाइनैन्शल सेक्टर में क्रांति लाने के लिए समर्पित वैश्विक समुदाय के निर्माण में फाइननेक्स्ट सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में पेश करते हैं।

इस सम्मेलन में जो एक वक्ता के रूप में शामिल होने वाले हैं उनेक नाम इस प्रकार हैं। इनमें जिम मारोस जोकि एक पब्लिशर इन्फ्लुएनसर हैं। इनके अलावा एना डे हैं जो फिनटेक में महिला पैनल का हिस्सा होंगी। अहमद एल्मेटवल्ली भी कार्यक्रम में वेब3 वेंचर कैपिटल स्ट्रैटेजीज़ विषय पर बोलेंगे। वहीं, फैबियोला ल्यूक मोरालेस जोकि इकोनोमिया सिन फिल्ट्रो के संस्थापक हैं यह भी सम्मलेन में शामिल होंगी। अरमान ए. खान जो प्रबंध निदेशक (मैग्नस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के हैं यह भी सम्मेलन में भाग लेंगे। इन सबके अलावा कई दिग्गज वक्ता है होंगे जो इस सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर अपनी बात को साझा करते नजर आएंगे।

# बिहार में मांझी के बाद चिराग ने भी शुरू की 'दबाव' की सियासत!

एजेंसी

**पटना।** बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद सहयोगी दलों द्वारा 'प्रेशर पॉलिटिक्स' की शुरुआत हो गई है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी जहां दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं, वहीं लोजपा (रामविलास) ने भी 11 क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव प्रभारी की घोषणा कर, एक तरह से सीटों की दावेदारी पेश कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी 'हम' के चार विधायक हैं। मांझी जिस भी गठबंधन में रहे हैं, उनकी पहचान दबाव की राजनीति करने की रही है। एक ओर मांझी मंत्रिमंडल में दो मंत्रियों की मांग कर रहे हैं, वहीं मंत्रिमंडल में जगह पा चुके हम के नेता संतोष कुमार सुमन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सोमवार को मिलने भी पहुंचे। इधर, लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए में अभी सीट बंटवारा भी नहीं हुआ है लेकिन लोजपा (रामविलास) ने राज्य की 11 लोकसभा सीटों में लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने हाजीपुर, जमुई, खगड़िया, समस्तीपुर, वैशाली, नवादा, गोपालगंज, सीतामढ़ी, वाल्मीकिनगर, जहानाबाद और बेगूसराय में प्रभारियों की नियुक्ति की है।माना जा रहा है कि लोजपा (रामविलास) ने इन सीटों पर दावेदारी ठोक दी है। इन सीटों पर हाजीपुर से चिराग के चाचा पशुपति पारस खुद सांसद हैं। र्टी के नेता हालांकि इस मामले पर खुलकर बहुत कुछ नहीं बोल रहे हैं। पार्टी के एक नेता ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर कहा कि पार्टी इन सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है। अभी सीट बंटवारा नहीं हुआ है, जो भी सीटें मिलेंगी पार्टी वहां से चुनाव लडेगी। पिछले लोकसभा चुनाव में लोजपा के हिस्से छह सीटें आई थी। लेकिन इस साल होने वाले चुनाव में परिस्थितियां बदली नजर आयेंगी। लोजपा में भी दो गुट बन गए हैं, जबकि एनडीए में सहयोगी पार्टियों की संख्या भी पिछले चुनाव से बढ़ी है।



**क्विक न्यूज**

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा

**जयपुर।** भरतपुर संभाग के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा, गिरिराज जी तलहटी मंदिर, श्रीनाथ जी मंदिर एवं बयाना के झील का बाड़ा स्थित अपनी कुलदेवी कैला देवी मन्दिर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री शर्मा ने पत्नी गीता शर्मा के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और उनसे आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को गिरिराज जी की तस्वीर भी भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अपने गृह क्षेत्र में जगह-जगह उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने माला पहनाकर तथा पुष्प-गुच्छ व शॉल आदि भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, नौक्षम चौधरी, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, भरतपुर जिला कलक्टर लोकबंधु, डीग जिला कलक्टर शरद मेहरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### छिंदवाड़ा से नकुलनाथ चुनाव लड़ेंगे: कमलनाथ

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा, इसको लेकर चल रही चर्चाओं पर सांसद नकुलनाथ के बाद उनके पिता व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विराम यह कह कर लगा दिया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की घोषणा के बाद नकुलनाथ लोकसभा के उम्मीदवार होंगे। राज्य से लेकर राष्टीय स्तर तक छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र चर्चाओं में है। उम्मीदवारी का मामला लंबे अरसे से गर्माया हुआ है। वर्तमान सांसद नकुलनाथ ने बीते रोज ही चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। उसके बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी साफ कर दिया है कि एआईसीसी की घोषणा के बाद नकुल नाथ लोकसभा के उम्मीदवार होंगे।

# रेवंत रेड्डी ने सोनिया गांधी से लोकसभा चुनाव तेलंगाना में लड़ने का अनुरोध किया

एजेंसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की और उनसे लोकसभा चुनाव उनके राज्य में लड़ने का अनुरोध किया। रेवंत रेड्डी, जो राज्य पार्टी प्रमुख भी हैं, ने सोनिया गांधी को बताया कि राज्य इकाई ने पहले ही सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर दिया है, जिसमें उनसे राज्य से चुनाव लड़ने का आग्रह किया गया है। यहां जारी एक बयान के अनुसार, रेवंत रेड्डी ने उनसे कहा कि तेलंगाना को अलग राज्?य बनाने उनके योगदान के कारण तेलंगाना के लोग उन्हें एक मां के रूप में सम्मान देते हैं और उनसे इसी राज्य से चुनाव लड़ने का अनुरोध कर रहे हैं। सोनिया ने अनुरोध का जवाब देते हुए कहा कि वह उचित समय पर निर्णय लेंगी। रेवंत रेड्डी ने उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के साथ सोनिया से उनके आवास 10, जनपथ पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य सरकार द्वारा गारंटी के कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने उन्हें बताया कि छह गारंटियों में से सरकार ने आरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना लागू कर दिया गया है और राजीव आरोग्यश्री के तहत इलाज कवरेज को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया है। सोनिया को बताया कि अब तक 14 करोड़ महिलाएं आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा कर चुकी हैं। रेवंत रेड्डी ने उन्हें यह भी बताया कि सरकार ने दो और गारंटी लागू करने का फैसला किया है 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और घरों के लिए हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली।

# तमिलनाडु में खुद को ईडी अधिकारी बताकर 1.69 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में पांच गिरफ्तार

एजेंसी



**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी बनकर एक व्यवसायी के कार्यालय पर फर्जी छापेमारी करने और 1.69 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपराधी दो लग्जरी कारें और कुछ महंगे मोबाइल फोन भी ले गए। आरोपियों की पहचान विजय कार्तिक (37), नरेंद्र नाथ (45), राजशेखर (39), लोगनाथन (41), गोपीनाथ (46) के रूप में हुई है। तिरुपुर में सूती धागे के व्यापारी अंगुराज और उसके साथी दुरई की शिकायत के बाद गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस के अनुसार, दोनों ने शिकायत की कि कुछ लोगों ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर उनके साथ लूटपाट की।शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उन्हें हैदराबाद की एक निजी कंपनी से फोन आया, इसमें दावा किया गया कि वे कोयंबटूर, तिरुप्पुर और इरोड में एक निर्माण परियोजना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। अंगुराज और दुरई के अनुसार, कॉल करने वालों ने उनसे निवेश का अनुरोध किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें थोड़े समय के भीतर दोगुनी राशि का भुगतान किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि दोनों ने कॉल करने वालों पर विश्वास किया और 1.69 करोड़ रुपये का इंतजाम करने में कामयाब रहे। फिर कॉल करने वालों ने पैसे की तस्वीर मांगी, जिसे अंगुराज और दुरई दोनों ने तुरंत कॉल करने वालों को भेज दिया। कुछ देर बाद पांच लोगों का एक समूह अंगुराज के कार्यालय पहुंचा, जिन्होंने खुद को ईडी अधिकारी होने का दावा किया। अंगुराज और दुरई ने अपनी शिकायत में कहा कि पांचों ने नकदी छीन ली और दो लग्जरी कारें और मोबाइल फोन लेकर चले गए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी ले ली और मौके से भाग गए। सीसीटीवी फुटेज निकाले जाने के बाद सूती धागा व्यापारियों को संदेह हुआ और उन्होंने तिरुपुर शहर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# मुंबई में 4 साल की बच्ची से स्कूल के चौकीदार ने किया दुष्कर्म, पकड़ा गया

एजेंसी



**मुंबई।** कांदिवली पूर्व में एक निजी स्कूल के चौकीदार ने कथित तौर पर चार साल उम्र की एक लड़की के साथ क्रूरतापूर्वक दुष्कर्म किया और चिल्लाने पर उसे पीटा। अधिकारियों ने यह जानकारी सोमवार को दी। घटना 2 फरवरी को हुई, लेकिन उसके डरे हुए माता-पिता पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से हिचक रहे थे। आखिरकार, उसकी मां ने समता नगर पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया और शिकायत दर्ज कराई, जो पॉक्सो अधिनियम और कानूनों की अन्य धाराओं के तहत दर्ज की गई। इससे पहले, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एहतियाती कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात आरोपी चौकीदार को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि लड़की अस्पताल में भर्ती है।शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी चौकीदार ने चॉकलेट देने के बहाने बच्ची को बहला-फुसलाकर वॉशरूम में ले गया और फिर मौके से भागने से पहले वहां इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। परिवार द्वारा सोमवार शाम को शिकायत दर्ज कराने के बाद मामले में स्कूल शिक्षक और प्रिंसिपल को भी आरोपी के रूप में जोड़ा गया। मंगलवार को उनकी गिरफ्तारी होने की संभावना है। जैसे ही नाबालिग लड़की के साथ दरिंदगी की खबर फैली, गुस्साए माता-पिता और स्थानीय लोगों ने सोमवार को स्कूल भवन के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

# भारतीय मूल के व्यक्ति पर मंदिर से पैसे चुराने का आरोप, सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीर

**परेशानी**

◀ **असामाजिक तत्व से कोई भी संबंध नहीं, रकम को लेकर खुलासा नहीं**

एजेंसी



**ओटावा।** कनाडा के पील क्षेत्र में 41 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को मंदिर का दान पेटियों से चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आरोपी ब्रैम्पटन का रहने वाला है और उसका नाम जगदीश पंढेर है।

पुलिस ने आरोपी पर मंदिर में तोड़फोड़ करने और अवैध रूप से प्रवेश करने के लिए पांच आरोप लगाए हैं। पुलिस ने ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के खुफिया विभाग के सहयोग से घटनाओं की जांच की और संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पिछले साल मार्च और अगस्त के बीच मंदिरों में चोरी की तीन वारदातें सामने आई थीं। उसी दौरान वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी की तस्वीर कैद हुई।

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को साफतौर से दानपेटियों से नगद की चोरी करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, दो अन्य घटनाओं में कथित तौर पर एक ही व्यक्ति दो अन्य वारदातों में सम्मिलित पाया गया। पुलिस की ओर से आरोपी द्वारा चोरी की गई रकम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

मामले की जांच से जुड़े लोगों का कहना है कि अपराध पूजा स्थलों पर हुए हैं। लेकिन उन्होंने दावा किया है कि यह सिर्फ एक चोरी की घटना है, इसका किसी भी असामाजिक तत्व से कोई भी संबंध नहीं है।

### पत्थर गिरने व भूस्खलन के चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे फिर बंद

**श्रीनगर।** विभिन्न हिस्सों में पत्थर गिरने व भूस्खलन से हुई क्षति के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर पत्थर गिरने व भूस्खलन से हुए नुकसान के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को यातायात के लिए बंद रहेगा। राजमार्ग पर काम चल रहा है। आज जम्मू या श्रीनगर की ओर से किसी भी यातायात की अनुमति नहीं दी जाएगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे इस मार्ग पर आज यात्रा न करें। अधिकारियों ने कहा, यात्रियों को यात्रा शुरू करने से पहले राजमार्ग की स्थिति के बारे में जानने के लिए कल (बुधवार) श्रीनगर और जम्मू में हमारे नियंत्रण कक्ष से संपर्क करना होगा। शनिवार को पत्थर गिरने के चलते रामबन जिले के शेरबीबी हिस्सों पर राजमार्ग अवरुद्ध हो गया था और फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए इसे सोमवार को दो-तरफा यातायात के लिए बहाल कर दिया गया था।

# 7 अक्टूबर से गाजा पर हो रहे इजरायली हमले

## युद्ध में अब तक 27,585 फलिस्तीनियों की गई जान

एजेंसी



**दुबई।** 7 अक्टूबर से शुरू हुई इजरायल और हमास के बीच की जंग थमने का नाम ही नहीं ले रही है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 7 अक्टूबर से गाजा पर इजरायली हमलों में कम से कम 27,585 फलस्तीनी मारे गए हैं और 66,978 घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में लगभग 127 फलस्तीनी मारे गए और 143 घायल हुए है।

सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायली बलों ने पिछले 24 घंटों में पूरे गाजा पट्टी में ऑपरेशन में दर्जनों फलिस्तीनी बंदूकधारियों को मार डाला और कई लोगों पर कब्जा कर लिया है। खान यूनिस में लगभग 80 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था।

इस बीच युद्धविराम के लिए बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपीलों के बीच इजरायल ने उत्तरी गाजा पट्टी में लड़ाई फिर से शुरू कर दी है। सोमवार को इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि उसके सैनिक उन क्षेत्रों में लौट आए हैं जहां वे पहले काम करते थे।

सप्ताहांत में, रफा पर इजरायली हमलों में कम से कम 20 फलिस्तीनी मारे गए। गाजा की 2 मिलियन से अधिक आबादी में से आधे से अधिक राफा में भाग गए हैं। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को पहले रिपोर्ट दी थी कि पिछले 24 घंटों में गाजा में कम से कम 133 फलिस्तीनी मारे गए और 205 घायल हो गए।मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायली हमलों में 27,478 से अधिक फलिस्तीनी मारे गए हैं और 66,835 अन्य घायल हुए हैं। वहीं, इजरायल में 1,200 लोग मारे गए।

# सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं

## भारतवंशी वकील बने आस्ट्रेलिया का नए नस्ल भेदभाव आयुक्त

**उत्साहित**

◀ **मल्टीकल्चरल ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष हैं शिवरामन**

एजेंसी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में प्रमुख भारतवंशी वकील गिरिधरन शिवरामन को मानवाधिकार आयोग का नया नस्ल भेदभाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। नस्ल भेदभाव आयुक्त सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव से निपटने और ऑस्ट्रेलियाई समाज के सभी वर्गों में समझ, सहिष्णुता और सौहार्द बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होता है।

वर्तमान में शिवरामन मल्टीकल्चरल ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष और मौरिस ब्लैकबर्न में प्रमुख वकील है, जहां वह फर्म के क्वींसलैंड रोजगार कानून विभाग के प्रमुख हैं। अटॉर्नी जनरल मार्क ड्रेफस ने सोमवार को शिवरामन को नियुक्ति पर बधाई दी और कहा कि नस्ल भेदभाव और मानवाधिकार क्षेत्र में उनकी व्यापक समझ व प्रदर्शित जुनून ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग के लिए बहुमूल्य साबित होगा।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, शिवरामन ने भी एक्स पोस्ट कर राष्ट्रमंडल नस्ल भेदभाव आयुक्त बनाए जाने पर आभार जताया। शिवरामन ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा, राष्ट्रमंडल नस्ल भेदभाव आयुक्त नियुक्त किए जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, उत्साहित हूं और थोड़ा डरा हुआ हूं। लेकिन अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। शिवरामन ने कई राज्य और राष्ट्रीय नस्ल भेदभाव के मामले चलाए हैं और कम वेतन वाले 7-ग्यारह श्रमिकों के लिए निशुल्क मुआवजा योजना का नेतृत्व किया है। इन श्रमिकों में से बहुत सारे प्रवासी पृष्ठभूमि से थे। क्वींसलैंड मल्टीकल्चरल एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य के रूप में शिवरामन नस्लीय अपमान के पीड़ितों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा की मांग करने के लिए राज्य संसदीय जांच के समक्ष भी पेश हुए हैं।

# बलूचों ने पाकिस्तान के खिलाफ खोला मोर्चा

## अत्याचारों के खिलाफ बलूच नरसंहार समाप्त करें अभियान का किया एलान

**संकट**

◀ **एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग पर तत्काल ध्यान देने की मांग**

◀ **पाकिस्तान सरकार बलूचिस्तान पर क्रूर नीतियों पर कायम**

एजेंसी



**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान में बलूच यकजेहती कमेटी ने पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ अभियान छेड़ने का एलान कर दिया है। दरअसल,बलूच लोगों के खिलाफ लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर मानवाधिकार ग्रुप बलूच यकजेहती कमेटी मंगलवार से पाकिस्तान सरकार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक सोशल मीडिया अभियान चलाएगी।

इस अभियान के जरिए बलूचों को जबरन गायब करना और एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग (न्यायेतर हत्या) के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। यह अभियान मंगलवार शाम छह बजे से रात 12 बजे तक बलूच नरसंहार समाप्त करें हैशटैग के साथ चलाया जाएगा।

बलूचिस्तान की एक राजनीतिक कार्यकर्ता महरंग बलूच ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों की एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर तत्काल ध्यान देने की मांग है। इन राज्य प्रयोजित अत्याचारों की निंदा करने और बलूच राष्ट्र के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बलूच यकजेहती कमेटी के एक्स अभियान में शामिल हों।

इससे पहले बलूच यकजेहती कमेटी ने सोमवार को सिविल अस्पताल क्वेटा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाया। कमेटी ने इसमें लापता लोगों की कथित फर्जी मुठभेड़ों की निंदा की। साथ ही प्रेस कॉन्फ्रें स में पीड़ितों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। परिजनों ने अपनों के लिए न्याय की गुहार लगाई।

कार्यकर्ता महरंग बलूच मीडिया को संबोधित करते हुए एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि लॉन्ग मार्च के दौरान उठाई गई शांतिपूर्ण मांगों के बावजूद, पाकिस्तानी अधिकारियों ने लापता लोगों के परिवारों की चिंताओं को दूर करने से इनकार कर दिया। महरांग ने अपनी निराशा जताते हुए कहा कि पाकिस्तान सरकार बलूचिस्तान के प्रति अपनी क्रूर और दमनकारी नीतियों पर कायम है।

वहीं, महरंग ने बलूचिस्तान में एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग के दौरान पाकिस्तान की सेना और एजेंसियों की प्रचारित की जा रही कहानियों को खुली चुनौती दी। दरअसल, पाकिस्तान सरकार और एजेंसियां अक्सर बलूच लोगों के ऊपर आतंकवाद का आरोप लगाती हैं। महरंग ने कहा कि सरकार के पास इन आरोपों के सिद्ध करने के लिए सबूतों की कमी है।

# पुलिस एनकाउंटर में अयान अली को लगी गोली

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले की पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ का क्रम जारी है सोमवार की रात गौराबादशाहपुर व थाना केराकत की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया, मुठभेड़ दौरान गोली लगने से एक आरोपी घायल हुआ है। उसके कब्जे से 1 मोटरसाइकिल, 1 देशी तमंचा , एक खोखा कारतुस .315 बोर , एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

एसपी डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बीती रात थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर, चन्दन कुमार राय द्वारा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र मे भ्रमण कर रहे थे कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश आजमगढ से जौनपुर के तरफ आ रहे है। जो कोई संगीन वारदात करने वाले है। इस सूचना पर विश्वास करके थाना केराकत पुलिस को सूचना दिया गया कि थोडी देर में रामजनम यादव प्र0नि0 केराकत मय पुलिस टीम के साथ केशवपुर रेलवे क्रासिंग के पास मिले तथा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से चेकिंग करने लगे। थोड़ी देर बाद कुछ वाहनों की बीच से एक मो0सा0 पर 02 व्यक्ति हाइवे वाले रोड से आते दिखाई दिये जिसे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया पुलिस टीम को अचानक सामने देखकर मो0सा0 सवार तेजी से मोड़कर पुनः नेशनल हाइवे से आजमगढ़ की तरफ भागने लगे जिसे पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया कि चौकी धरसंड मोड पर मोटरसाइकिल नेशनल हाइवे से बायें तरफ चौकी धरसंड गांव के रास्ते पर मुड़ गये तथा बदमाशों ने जान मारने की नियत से पुलिस पार्टी को लक्ष्य करके फायर किये कि 01 गोली थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के उपर से निकल गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में फायर किया गया। जिसमें 01 बदमाश के दाहिने पैर में लगी। घायल व्यक्ति से नाम पुछा गया तो अपना नाम अयान अली उर्फ गठरा उर्फ अप्पा पुत्र अफसर अली निवासी वार्ड नं0 32 ईदगाह ग्वालटोली होसंगाबाद थाना कोतवाली जनपद होसंगाबाद म0प्र0 बताया गया। कुछ दुर पर पी62 एआर 1075 हीरो एचएफ डिलक्स काले रंग की मो0सा0 मिला। पुलिस द्वारा काम्बिग के बाद दुसरे अभियुक्त को थोडे दुर से भागते हुए घेर कर पकड़ लिए जिसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम सफीर हुसैन पुत्र इमरान हुसैन निवासी अचला देवी घाट सिपाह ईरानी मुहल्ला थाना कोतवाली जौनपुर बताया। घायल अभियुक्त अप्पा हुसैन उपरोक्त को दवा इलाज एवं डाक्टरी हेतु सीएचसी चोरसण्ड गौराबादशाहपुर रवाना किया गया। जहाँ पर इलाजरत है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पीड़ित छात्र को समर्थन देने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रशासन प्रॉक्टोरियल बोर्ड द्वारा प्रीड़ित छात्र अभिषेक गुप्ता को न्याय दिलाने को लेकर चल रहे आंदोलन को समर्थन देने समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने कहा इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही चरम सीमा पर है विश्वविद्यालय के प्राक्टोरियल बोर्ड के प्रोफेसर ने गुरु और शिष्य की परंपरा को तार तार कर दिया इससे शर्मशार और कुछ नहीं हो सकता जब तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्राक्टोरियल बोर्ड के प्रोफेसर डॉ राकेश सिंह, डॉ मृत्युंजय राव परमार, डॉ अतुल नारायण सिंह, डॉ विवेक द्विवेदी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय चौकी इंचार्ज विनय सिंह पीड़ित छात्र अभिषेक गुप्ता को प्रॉक्टोरियल बोर्ड में बुलाकर 19 मिनट मानसिक टॉर्चर छात्र से रैगिंग, अभद्र भाषा का प्रयोग किया पिस्टल सटाया व लात घुसो से पिटाई की जिसके कारण छात्रों में व्यापक आक्रोश है जब तक इन दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाती तब तक छात्र अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत रहेंगे और छात्र अभिषेक गुप्ता को जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। ज्ञात हो कि इसके पहले भी प्राक्टर डॉ राकेश सिंह छात्र विवेक सुल्तानवी को जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी से मार चुका है। इस मौके पर समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट, छात्र नेता हरेन्द्र यादव, नवनीत कुमार, सुधीर क्रान्तिकारी, सचिन यादव, आयुष गुप्ता, अजय राज त्रिपाठी, मो. सद्दाम, मंजीत पटेल, शैलेंद्र, विकास, मो. सैफ, मो. मेनहाज, शिवबली, अजीत पटेल, गौरव गौंड, हिरेंद्र पटेल, सिद्धार्थ, बलवंत, अमरेश सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज में आज शिक्षक - अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कला एवं वाणिज्य विभाग की छात्राओं के अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या प्रो0 आशिमा घोष ने अभिभावकों का स्वागत किया और महाविद्यालय की प्रगति में योगदान करने का आह्वान किया। प्राक्टर डा. शिखा दीक्षित ने परिसर में अनुशासन, महिला प्रकोष्ठ इत्यादि की जानकारी दी। साथ ही एड-आन कोर्सेज के विषय में भी बताया। समिति की प्रभारी डा. अजिता ओझा ने कार्यक्रम का संचालन किया। साथ ही संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने अपने विचारों - सुझावों को साझा किया।

# नारी शक्ति को भाजपा से जोड़ने के लिए चलेगा नारी शक्ति वंदन अभियान

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा द्वारा प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। कार्यशाला मे नारी शक्ति को पार्टी से जोड़ने के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर चर्चा की गई। नारी शक्ति वंदन अभियान में स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क पर जोर दिया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ताओं को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संपर्क व सम्मान के लिए जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यशाला मे संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी नारी शक्ति वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेगे। शक्ति वंदन अभियान के तहत पंचो विधान सभा क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में नारी शक्ति संवाद के तहत एनजीओ की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की जाएगी। सभी विधान सभा क्षेत्रों में शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें एनजीओ व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। जिले के समस्त मंडल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए पत्रक वितरण किया जाएगा। एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से एलईडी टीवी के जरिए 22 फरवरी को प्रधानमंत्री सीधा संवाद करेंगे। एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन भी किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। टोली बनाकर गांव व शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# छात्राओं को दी लघु एवं कुटीर उद्योगों की जानकारी




**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज महाविद्यालय की आई आई सी, कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल और दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ आशिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत किया। कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ रमा गुप्ता ने अतिथियों का परिचय दिया। स्किल डेवलपमेंट की अध्यक्ष डॉ विभा मिश्रा ने छात्राओं को विभिन्न लघु एवं कुटीर उद्योगों के बारे में जानकारी दी और एवं उन्हें स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री उत्तम कुमार ने छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की फाइनेंस सम्बंधी जिज्ञासाओं को शांत किया। साइबर सेल से जयप्रकाश ने छात्राओं को साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी दी और बचाव के तरीके बताए। धन्यवाद ज्ञापन आई आई सी के संयोजक डॉ अनुराग पांडेय ने दिया। कार्यक्रम में डॉ दर्शन झा, डॉ अर्पिता घोष, डॉ रीना यादव, डॉ माधुरी राठौर, डॉ निर्मला गुप्ता और डॉ अञ्जलि शिवहरे उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा निकालकर शुरू हुई नौ दिवसीय श्री राम कथा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** श्री सीताराम नाम महायज्ञ व नौ दिवसीय संगीतमयी श्री राम कथा के प्रथम दिन स्थानीय क्षेत्र के भटपुरा स्थित बाबा परमहंस विद्यालय में भव्य कलश यात्रा रथ, गाजे, बाजे, के साथ धूम धाम से निकाली गयी यात्रा में गाजे बाजे व रथ पर सवार राम लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी की झांकी को प्रमुख पति व भाजपा नेता पताका झंडा विनय सिंह दिखाकर यात्रा को रवाना किया।कथा व्यास उमादास महाराज ने शंखनाद कर कलश यात्रा को पूरे क्षेत्र में उदयभानपुर कोल्हुआ सहित दिव्य स्थानों का भ्रमण कराया।जिसमें क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने सर पर कलश रखकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर कथा स्थल पहुचे ।शोभायात्रा का समूचा मार्ग हरिनाम,जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।कलश यात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। यज्ञ के मुख्य यज्ञमान धर्मेंद्र कुमार सिंह ने रामचरित मानस की आरती उतारी। कथा पंडाल में गणेश पूजन, हनुमान पूजन कर कलशों की स्थापना करायी गयी कथा वाचक श्री उमादास ने कहा कि सत्संग और संत की कृपा से जीवन को मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जीवन में तीन चीजें मनुष्यता, सत्संग और संत कृपा बड़ा बनाती है। सद्कर्म मनुष्य को पूर्ण बनाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम चरितमानस जीवन जीने की कला सिखाती है। इस कलश यात्रा में विशाल सिंह सूर्य प्रताप सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, अरूण प्रताप सिंह,विनोद सिंह, राजेश सिंह मुन्ना, केशरी यादव, भीम यादव, फूल चंद,सतीश सरोज, पूर्व प्रधान सूबेदार यादव,भोला प्रसाद सेठ बुलाकी राम, रमाशंकर,जयसिंह , शिवशंकर, अखिलेश यादव, राजाबाबू, विनय, अंकित ,आशुतोष, कृष्णा सरोज सहित सैकड़ों श्रद्धालु लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में बजट बढ़ोत्तरी सराहनीय कदमः अभाविप

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट से आशान्वित है कि, उत्तर प्रदेश का बजट छात्र, महिला, किसान तथा समाज के सभी वर्गो पर केंद्रित सर्वस्पर्शी एवं समावेशी है जो प्रदेश के विकास में काफी कारगर साबित होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह आशा करती है कि प्रदेश सरकार द्वारा लाया गया बजट शिक्षा क्षेत्र के मुद्दों को प्रमुखता से आगे बढ़ाएगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। बजट में बेसिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। अभाविप का मत है की प्रदेश में विंध्याचल धाम मंडल, मुरादाबाद मंडल तथा देवीपाटन मंडल में तीन नये राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना होने से शिक्षा क्षेत्र में अवसर के नये द्वार खुलेंगे। निषादराज गुहा सांस्कृतिक केंद्र में श्रृंग्वेरपुर की स्थापना, आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना तथा महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केंद्र चित्रकूट की स्थापना से शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति को बढ़ावा प्रदान करेगा। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के दीर्घकालिक विकास के लिए यह बजट अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। बजट में प्रदेश सरकार द्वारा शैक्षिक क्षेत्र के ढाँचागत विकास के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। अभाविप प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि यूपी सरकार द्वारा बजट 2024 मे शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ धार्मिक नगरों के विकास पर विशेष बल दिया गया है। बजट में वाराणसी के लिए एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव है जो कि स्वागतयोग्य है इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा धनराशि भी आवंटित कर दी गई। इसी के साथ उच्च शिक्षा हेतु विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई है जो की क्षेत्र में उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अत्यंत ही आवश्यक था।

# आधुनिक तकनीक युग में हमें अपडेट रहने की जरूरतः प्रो. पायल चंदेल

**दो सप्ताह का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का दूसरा दिन**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में सोमवार को दो सप्ताह का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के दूसरे दिन केंद्रीय विश्व विद्यालय हरियाणा के मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल ने कहा कि रिसर्च शनैः शनैः और शांति से किया जाने वाला कार्य है। शोध में आधुनिक तकनीक का प्रयोग तेजी से चल रहा है। इस क्षेत्र में बदलाव बहुत जल्दी- जल्दी हो रहे हैं, इसलिए अपने आप को अपडेट करने की जरूरत है। प्रो. पायल ने बेरोजगारी पर बोलते हुए कहा कि आज कोई बेरोजगार नहीं है। बेरोजगारी का मतलब सिर्फ नौकरी ही नहीं जो आप चाहते हो। आज दूसरी भी जॉब कर सकते हो। आप अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हो। उन्होंने शोध की समस्या, प्राविधि और रिसर्च प्रश्नावली पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही उसके आयामों को उदाहरण सहित समझाया। कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत, सह समन्वयक डॉक्टर मनोज पांडेय ने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की रुपरेखा पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। दूसरे सत्र को प्रबंध संकाय के डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने संबोधित किया। संचालन डॉ. अनु त्यागी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. वीडी शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ. सुधीर उपाध्याय, अनुपम कुमार समेत कई शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित थे।

## माफिया अतीक की कंपनियों ने नहीं भरा 10 सालों से इनकम टैक्स

**प्रयागराज।** कुख्यात माफिया अतीक अहमद की कंपनियों पर इनकम टैक्स विभाग टैक्स चोरी का केस दर्ज कर सकता है। बताया जा रहा है कि अतीक की विभिन्न कंपनियों के खिलाफ आयकर विभाग जल्द ही कड़ी कार्रवाई कर सकता है।साल 2014 के बाद अतीक की कंपनियों ने कभी भी टैक्स नहीं दिया है।साल 2014 में पहली बार अतीक की तरफ से 10 लाख से अधिक का इनकम टैक्स भरा गया था। कैंट थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के विवेचना का दौरान टैक्स चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। आयकर विभाग ने पुलिस से इस संबंध में जानकारी मांगी थी,जिसके बाद यह खुलासा हुआ। पुलिस ने 1990 से अभी तक के इनकम टैक्स का विवरण मांगा था। बता दें कि कुख्यात माफिया अतीक अहमद और उसका भाई माफिया अशरफ की बीते साल 15 अप्रैल की रात प्रयागराज में करीब साढ़े 10 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### महामंडलेश्वर बनी व्यापार मंडल की संरक्षक



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी छोटी गुरु मां कि व्यापारियों के प्रति सम्मान और दुख सुख के साथ और हर समय व्यापारी हितों के लिए उपलब्धता सहभागिता कारण उन्हें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल, मंडल प्रभारी विपिन गुप्ता, गंगा पार अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी पप्पू भैया ने व्यापार मंडल की संरक्षिका बनने का निवेदन किया। जिसे उन्होंने सहज हर्ष पूर्वक स्वीकार किया और व्यापारियों के द्वारा समाज कार्यो की प्रशंसा करते हुए व्यापारी को एक सच्चा समाज सेवक बताया। जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने कल्याणी नंद गिरी को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का संरक्षक घोषित करते हुए अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें अंग वस्त्रम पहनकर पुष्प गुच्छ भेंट किया। विपिन गुप्ता ने इसे एक बहुत ही सार्थक पहल बताया जिससे किन्नर समाज और व्यापारी सामाजिक कार्यो को और अच्छे प्रभावी बड़े स्वरूप से कर पाएंगे।

### ईशान की अचूक गेंदबाजी से सेंट पीटर्स को मिली जीत



**प्रयागराज।** ईशान सिंह की अचूक गेंदबाजी (6 - 0 - 29 - 5) के बदौलत सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने जमुना क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर द्वितीय अमृतलाल स्मारक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए है। मंगलवार को भवम मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जमुना क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 24.4 ओवर में 112 रन (रवि यादव 26, आशुतोष कुमार 20, मो. अली व राहुल ओझा 15 -15 रन, ईशान सिंह 5/29, सानिध्य श्रीवास्तव 3/16, कार्तिकेय वर्मा 2/12) पर बिखर गई। जवाब में सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 19.4 ओवर में दो विकेट पर 116 रन (लक्ष्य यादव 63 नाबाद, वीर प्रताप सिंह 34, शिवांश पांडेय 10 अविजित रन, रवि यादव 1/08, मो. अली 1/27) पर बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व अजय कुमार ने अंपायरिंग और सूरज भारतीय ने स्कोरिंग की।

# जन्तु विज्ञान विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** चौधरी महादेव प्रसाद कालेज के जन्तु विज्ञान विभाग में दिनांक 6 फरवरी, 2024 को आर्द्र भूमि एवं मानव कल्याण नामक विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डा. हेमलता पन्त एवम् डा. ज्योति वर्मा के निर्देशन में किया गया। उस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि डा. वन्दना माथुर, पूर्व संयोजिका, जन्तु विज्ञान विभाग, सी एम. पी. कालेज थी। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल में डा. संगीता सिंह, डा. मोनिका सिंह, दीपांजलि पाण्डेय एवम् डा. अर्चना राजे, कृमशः असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवम् भूगोल विभाग, सी.एम.पी. कालेज रहीं। कार्यक्रम में सभी का स्वागत डा. विनीता जायसवाल, संयोजिका, जन्तु विज्ञान विभाग, सी.एम.पी. कालेज ने किया। डा. वन्दना माथुर ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आर्द्र भूमि ऐसा भूभाग होता है, जहाँ के पारितंत्र का बड़ा हिस्सा स्वाई रूप से था प्रतिवर्ष किसी मौसम में जल में डूबा रहता है। ऐसे क्षेत्रो में जलीय पौधों का बाहुल्य रहता है। जैव-विविधता की दृष्टि से आर्दभूमियां अत्यन्त संवेदन-शील होती है, क्योंकि विशेष प्रकार की वनस्पति व अन्य जीव ही आर्द्रभूमि पर उगने और फलने-फूलने के लिए अनुकूलित होते हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 18 पोस्टरों की प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों द्वारा की गई। निर्णायक मण्डल द्वारा दिये गये निर्णयों के आधार पर ग्रुप-18, ग्रुप-14 को प्रथम स्थान, ग्रुप-17 और ग्रुप-16 को द्वितीय स्थान, ग्रुप-7 एवं ग्रुप-2 को तृतीय स्थान तथा अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डा. चारू त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में डा. वन्दना माथुर को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. निधि त्रिपाठी सहित विभाग के समस्त शोध छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# चौहान युवां मंच की हुई बैठक



**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार चौहान युवा मंच की अगुवाई में चौहान समाज की बैठक ग्राम सभा सुलेमपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में चौहान समाज को शिक्षा पर जोर देने और राजनीतिक रूप से चौहान समाज को एकता पर जोर दिया गया तथा आदि विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालबहादुर चौहान ने किया। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र चौहान व अखिल भारतीय चौहान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्रुघन चौहान उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओ में श्यामसुन्दर चौहान, शत्रुघन चौहान, रामजीत चौहान, प्रमोद चौहान, नन्दलाल चौहान, अनिल चौहान, सत्यम चौहान, गोलू चौहान, परमवीर चौहान जगजीत सिंह टाईगर, आदि लोग उपस्थित रहे।

# कैडर के द्वारा लामबंद हो रहा है बहुजन समाज



**अवधनामा संवाददाता**

**मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का ले रहा है संकल्प**

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहनजी के निर्देशानुसार विधानसभा हड़िया के सेक्टर टेला और सेक्टर जसवा के बूथ सेवा सइला पर सेक्टर स्तरीय कैडर बैठक का आयोजन अमर नाथ निडर पूर्व मण्डल प्रभारी की अध्यक्षता में की गई। बसपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि कैडर बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बहनजी द्वारा दिए गए निर्देशों को बताते हुए लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। गौतम ने आगे बताया कि बहुजन समाज पार्टी किसी गमले का उगा हुआ पौधा नहीं है कि पानी देना बन्द कर देने मात्र से वो सूख जाएगा बल्कि बसपा वो वटवृक्ष है जिसकी एक टहनी काटने मात्र से सैकड़ों टहनियां खुद ब खुद अपने आप निकल आयेंगी। राजनीति सत्ता के लिये होती है और सत्ता विना संघर्ष के नहीं मिलती। विधानसभा प्रभारी पूर्व चेयरमैन रामरक्षा चमार और विधानसभा अध्यक्ष डा.प्रेमचंद्र ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने संबोधन में बताया कि बहुजन समाज पार्टी एक पार्टी ही नही बल्कि पार्टी के साथ एक मिशन है जो बहुजन महापुरुषों के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है पार्टी के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से पार्टी में काम करने की जरूरत है।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों कार्यकाल 15 वर्षगांठ पूर्ण होने पर जनपद के 22 विकासखंड पर सफाई कर्मचारियों द्वारा खुशिया मनाया जा रहा है। केक काटकर मिठाई खिलाकर आपस में खुशियां मनाते हुए। आज 6 फरवरी को 15 वर्ष होने पर श्रीमान जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दरबे महोदय को प्रतीक चिन्ह देकर मिठाई खिलाकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा आशीर्वाद लेते हुए महोदय जी ने बताया कि आप लोगों का कार्य सरहनीय रहा। इसके लिए ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई हो इसी तरह पंचायत विभाग का नाम रोशन करते रहिए। हमारा आशीर्वाद हमेशा इसी तरह आप लोगों बना रहेगा जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने कहां है कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी सभी माता और बहनों अपने कर्तव्यों का निर्वहन अपने-अपने ग्राम पंचायत में निष्ठा पूर्वक किया है। इसके लिए पूरे जनपद के सम्मानित साथियों और माता बहनों को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई हो आज की उपस्थिति में जनपद के लोकप्रिय जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दरबे महोदय जी सहायक विकास अधिकारी पंचायत शांति शरण सिंह जी ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की तरफ से जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला महामंत्री ओंकार नाथ वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया जिला संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव जिला उपाध्यक्ष संजय सोनकर जिला मंत्री जनार्दन यादव इंद्रभूषण यादव रामप्यारे आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्नी के वियोग मे युवक ने लगाई फांसी परिजन का रो रो बुरा हाल

**अतरौलिया, आजमगढ़।** प्राप्त जानकारी के अनुसार मई 2023 को अनुज की शादी परसनपुर अंबेडकर नगर निवासी अंजलि के साथ बड़े धूमधाम से हुई थी। मृतक पत्नी अंजलि से बहुत प्रेम करता था और लगातार दुकान पर रहकर भी उससे फोन पर बातें किया करता था। 4 फरवरी 2024 को उसकी पत्नी परिजनो और अनुज की राय से मायके चली गई । मायके जाने के बाद पति से बराबर फोन पर बातें हुआ करती थी कि इसी बीच बीती रात को किसी बात को लेकर अनुज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था छोटे भाई का नाम ज्ञानू है वही माता प्रेमलता समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# जिला एकीकरण व राष्ट्रीय एकीकरण समिति की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** विकास भवन के सभागार में जिला एकीकरण व राष्ट्रीय एकीकरण समिति की बैठक उपायुक्त मनरेगा आरयू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश की विशेषता ही यहां की सभ्यता एवं संस्कृति है। भारत पूरी दुनिया में शांति के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है। दुनिया को हमेशा भारत से एकता का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के दौर में सभी चीजें बदलती रहती है, परंतु राष्ट्र की एकता की भावना कभी नहीं बदलती है। उन्होंने कहा कि एकीकरण की भावना के सार्वभौमिक सत्य को जीवित रखने एवं बनाए रखने तथा बच्चों, युवाओं एवं समाज के लोगों में इसके संबंध में जागरूकता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण/जिला एकीकरण समिति को अपने दायित्व को निर्वहन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकीकरण का एकता ही मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि एकीकरण की भावना का विखंडन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने स्तर से देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता की भावना को प्रबल करें। जिला एकीकरण समिति की बैठक में प्रमुख समाजसेवी श्री जयप्रकाश नारायण, अपर जिला सहकारी अधिकारी श्री हरिराम यादव, प्रेमी जी, आरएन राय एवं ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण श्री सर्वेश मिश्रा आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय एकीकरण समिति द्वारा आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श किया गया।

# रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील के बड़े कारोबार पर ध्यान केंद्रित करेगी हिल्टन मेटल फोर्जिंग लिमिटेड

**लखनऊ।** स्टील फोर्जिंग उद्योग में कार्यरत प्रमुख निर्माता और वितरक हिल्टन मेटल फोर्जिंग लिमिटेड रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील, फ्लैंज, फिटिंग




और ऑयलफील्ड और मरीन प्रोडक्ट्स जैसे उत्पादों में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी ने रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील के बड़े कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है।

उल्लेखनीय है कि कंपनी ने सालाना 48,000 व्हील्स बनाने की क्षमता स्थापित की है और इसका लक्ष्य प्रतिस्थापन बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करना है। कंपनी निकट भविष्य में टेंडर के माध्यम से बड़े रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील ऑर्डर हासिल होने उम्मीद भी कर रही है।

2022 की शुरुआत में कंपनी ने तकनीकी रूप से विशिष्ट उत्पाद रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील व्यवसाय का विकास शुरू किया था। पिछले 18 महीनों में कंपनी ने 2000 से अधिक रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील्स और रेल गियर ब्लैंक की आपूर्ति की है। कंपनी देश में विभिन्न भारतीय रेलवे वर्कशॉप्स में प्रतिस्थापन बाजार के लिए रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील की आपूर्ति करती है।

वर्ष 2005 में स्थापित हिल्टन मेटल फोर्जिंग लिमिटेड स्टील फोर्जिंग उद्योग में एक प्रमुख निर्माता और वितरक के रूप में स्थापित हुई है और यह फ्लैंज, फिटिंग और ऑयलफील्ड और मरीन प्रोडक्ट्स जैसे उत्पादों में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी ने टरबाइन ब्लेड के निर्माण और फोर्ज्ड वैगन व्हील्स के उत्पादन के साथ रेलवे उद्योग में प्रवेश करके अपने पोर्टफोलियो का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। कंपनी के पास महाराष्ट्र के वाडा में 5 एकड़ में फैली निर्माण इकाई में एक ही छत के नीचे फोर्जिंग, मशीनिंग, हीट ट्रीटमेंट और लैब परीक्षण की पूरी इन-हाउस सुविधा है। कंपनी के रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील को प्रदर्शित गुणवत्ता और डिलीवरी के साथ थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसी- राइट्स लिमिटेड द्वारा मंजूर किया गया है। सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ हिल्टन मेटल फोर्जिंग्स लिमिटेड भारतीय रेलवे द्वारा जारी ग्लोबल व्हील टेंडर के लिए एक मजबूत बोलीदाता है। कंपनी निकट भविष्य में टेंडर के माध्यम से बड़े रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील ऑर्डर की उम्मीद भी कर रही है।

निदेशक मंडल ने गर्व से घोषणा की कि कंपनी ने भारतीय रेलवे के लिए रेलवे व्हील्स का सफलतापूर्वक विकास व आपूर्ति की है और स्वदेशी रेलवे फोर्ज्ड वैगन व्हील का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय एमएसएमई कंपनी होने का गौरव हासिल किया है। कंपनी अब वैश्विक टेंडर्स में भाग लेने के लिए पात्र है।

उल्लेखनीय है कि ज्यूपिटर वैगन्स ने ट्रायल ऑर्डर के रूप में हिल्टन मेटल फोर्जिंग लिमिटेड को 250 फोर्ज्ड वैगन व्हील सेट का ऑर्डर दिया है। शुरुआती 250 सेटों की सफल आपूर्ति के बाद ज्यूपिटर वैगन्स ने सालाना 6000 फोर्ज्ड वैगन व्हील सेट की खरीद के लिए एक आशय पत्र (एलओआई) जारी किया है, जो बाजार में कंपनी की बढ़ती पहचान और क्षमता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, हिल्टन मेटल फोर्जिंग लिमिटेड फोर्ज्ड वैगन व्हील सेट के लिए संभावित ग्राहकों के रूप में अन्य वैगन विनिर्माण ओईएम की पहचान भी करता है, जिससे कंपनी की बढ़ती बाजार पहुंच और रेलवे उद्योग में आशाजनक भविष्य का संकेत मिलता है।

कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में परिचालन स्तर पर असाधारण वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022 में दर्ज शुद्ध लाभ 1.76 करोड़ रुपए के मुकाबले करीब तीन गुना की वृद्धि के साथ 5.85 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इसी प्रकार वित्त वर्ष 2023 में कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2022 में दर्ज 84.2 करोड़ रुपए के मुकाबले करीब 25 फ़ीसदी बढ़कर 105.4 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

# पिडिलाइट के रॉफ ने उत्तर प्रदेश में नई फैक्ट्री के लॉन्च के साथ फुटप्रिंट का विस्तार किया

**लखनऊ।** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पिडिलाइट निर्माण और विशेष रसायनों के अग्रणी निर्माता ने अपने प्रमुख टाइल एडहैसिव ब्रांड रॉफ के लिए लखनऊ के पास संडीला में एक नई अत्याधुनिक विनिर्माण प्लांट के उद्घाटन की घोषणा की है।11000 वर्ग मीटर में फैली यह पूरी तरह से ऑटोमेटेड सुविधा उत्तर भारत में रॉफ की मौजूदगी को बढ़ाने मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ क्षेत्रों के बाजारों में सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है।श्री भरत पुरी प्रबंध निदेशक पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट इस इंडस्ट्री को आधुनिक बनाने और भारत में टाइल्स और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखने, फिक्स करने या जोड़ने के तरीके को बदलने की हमारी योजना का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य पारंपरिक सीमेंट के बजाय टाइल फिक्सिंग के लिए एक स्पेशल एडहैसिव उत्पाद के उपयोग के



बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसलिए हम देश के विभिन्न क्षेत्रों में हाई क्वालिटी कंस्ट्रक्शन कैमिकल सॉल्यूशंस की उपलब्धता बढ़ाना जारी रखते हैं। रॉफ के पास ग्राहकों के सामने आने वाली हर तरह की टाइल और पत्थर फिक्सिंग चुनौतियों के लिए सही समाधान हैं।उनका कहना है कि हमारे बाजार परिणामों से पता चलता है कि उत्तरी भारत में इस श्रेणी के लिए अपार संभावनाएं हैं और इसलिए इस सुविधा को इस बाजार की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह इस क्षेत्र में किसी भी ब्रांडेड टाइल एडहैसिव की अपनी तरह की पहली विनिर्माण इकाई है और इसे विनिर्माण एक्सीलेंस के वैश्विक मानकों का पालन करने के लिए बनाया गया है। इस पहल के साथ पिडिलाइट अब डीलरों को रॉफ उत्पादों की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित कर सकता है जिससे दक्षता और प्रतिक्रिया बढ़ सकती है। उद्घाटन समारोह में डीलरों और उपयोगकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। उनकी उपस्थिति क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले टाइल एडहैसिव्स समाधान प्रदान करने के लिए पिडिलाइट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## फ्लिपकार्ट ने देशभर में 450+पिन कोडों पर 3-घंटे फ्रैश फ्लावर डिलीवरी सेवा शुरू की

**बेंगलुरु।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने 3-घंटे फ्रैश फ्लावर सर्विस शुरू करने की घोषणाा की है जिसके चलते ग्राहकों को देशभर में 450+पिन कोडों पर फ्लिपकार्ट के भरोसेमंद नेटवर्क के जरिए हाइ-क्वालिटी फ्लावर अरेंजमेंट्स को प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। फ्लिपकार्ट ने 'रोज़ डे' और 'वैलेंटाइन डे' के मद्देनज़र, हर दिन सवेरे 9 बजे से शाम 6 बजे के दौरान, ताज़े फूलों की डिलीवरी के आर्डर 3 घंटे के भीतर पूरे करने की सेवा शुरू करने की घोषणा की है। फरवरी के महीने में फ्लिपकार्ट पर ताज़े फूलों की मांग में तेजी दर्ज की जा रही है। फ्लिपकार्ट के मजबूत नेटवर्क और अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी के बलबूते, यह सेवा देशभर में बेंगलुरु, चंडीगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, मुंबई, नई दिल्ली, नोएडा और पटना समेत कई शहरों में तेजी से और भरोसेमंद ढंग से फूलों की डिलीवरी सुनिश्चित करेगी। सदियों से, फलों ने जिंदगी में सांस्कृतिक भूमिकाओं को निभाया है ङ्क इसीलिए शायद हम यह मानते आए हैं कि जिंदगी के नाजुक और खास पलों में 'फूलों के माध्यम से मन की बातों का इज़हार' किया जा सकता है। चाहे आप दूसरों को तोहफे में फूल दें या अपने लिए ऑर्डर करें, फूल हमेशा चलन में बने रहेंगे।

फ्लिपकार्ट हर दिन सवेरे 9 बजे से शाम 6 बजे के दौरान, ताज़े फूलों की डिलीवरी 3 घंटे के भीतर सुनिश्चित करेगा और ग्राहक हाइ-क्वालिटी एग्ज़ॉटिक वैरायटी में से मनपसंद फूल (जैसे गुलाब, ऑर्किड और कार्नेशन) तथा अरेंजमेंट (बुके, बॉक्स वगैरह), कीमत 249/रु से शुरू ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तथा मनपसंद समय की जरूरत समझते हुए, फ्लिपकार्ट ने ताजे फूलों की डिलीवरी के लिए चार डिलीवरी स्लॉट्स निर्धारित किए हैंः सवेरे 9 बजे से 12 बजे तक, 12 बजे से 3 बजे तक, 3 बजे से 6 बजे तक और 6 बजे से 9 बजे तक ऑर्डर करने के तुरंत बाद, ग्राहकों को कॉल आएगी जिसके जरिए वे अपना मनपसंद समय चुन सकेंगे।

### भारतीय वयस्कों की वर्ष 2024 की प्रमुख प्राथमिकताएं

## अमेरिकन एक्सप्रेस द्वारा पेश सर्वे रिपोर्ट अमेक्स ट्रेंडेक्स में किया गया खुलासा

**नई दिल्ली।** भारतीय वयस्क वर्ष 2024 के लिए आरोग्य और पर्सनल फाइनेंस को सबसे अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। यह खुलासा अमेरिकन एक्सप्रेस द्वारा पेश एक सर्वे रिपोर्ट अमेक्स ट्रेंडेक्स में किया गया है जिसमें मानसिक, शारीरिक और वित्तीय बेहतरी, व्यक्तिगत टिकाऊ लक्ष्यों और कार्य-जीवन की प्राथमिकताओं के भविष्य को रेखांकित किया गया है। यह रिपोर्ट भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, मेक्सिको, ब्रिटेन और अमेरिका से उपभोक्ताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है।

अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा, यद्यपि भारतीय और वैश्विक उपभोक्ता अपने नववर्ष संकल्पों में शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर लगभग बराबर (क्रमशः 76% और 75%) हैं, यह देखना जबरदस्त है कि 69% भारतीय भी पर्सनल फाइनेंस के लक्ष्यों को लेकर गंभीर हैं, जबकि ऐसे वैश्विक उपभोक्ताओं का प्रतिशत 51% है। भारतीय एक सुख सुविधा वाले जीवन के लिए क्या महत्वपूर्ण है, इसको लेकर जागरूक हैं और एक समग्र कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह अमेक्स ट्रेंडेक्स से साफ है जो खर्च, बचत और यात्रा सहित उपभोक्ताओं की उभरती तरजीह पर नज़र रखता है। अमेरिकन एक्सप्रेस में हम हमारे कार्डधारकों के संकल्प अपनी सेवाओं, उत्पादों, रिवार्ड्स और अनुभवों के साथ पूरा करना जारी रखेंगे।

वर्ष 2024 में नववर्ष के संकल्पों के लिए शारीरिक आरोग्य और पर्सनल फाइनेंस शीर्ष प्राथमिकता के तौर पर उभरे हैं।

85% भारतीयों द्वारा 2024 में नववर्ष के लिए संकल्प करने की बहुत संभावना है शारीरिक आरोग्य (76%) और पर्सनल फाइनेंस (69%) भारतीयों के लिए ध्यान देने योग्य शीर्ष क्षेत्र हैं। 80% भारतीयों की योजना 2023 के मुकाबले इस वर्ष संकल्प पर अधिक खर्च करने की है।

## 70 साल की कमियों को समाप्त करने का काम तेज गति से हो रहाः अमित शाह

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरो फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, 'बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश में आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत तंत्र तैयार करने में महत्त्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है।' इस मौके पर शाह ने 'ओआरएफ फॉरेन पॉलिसी सर्वे' को भी लॉन्च किया।

आजादी के बाद दशकों तक तुष्टिकरण की राजनीति के चलते देश ने चुनौतियों का सामना किया और विकास की राह में कहीं पीछे छूट गया। यह बात जगजाहिर है कि सालों तक आंतरिक सुरक्षा के मामले में देश आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद से ग्रसित रहा, जिसका उदाहरण है जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट। इन क्षेत्रों में न कभी विकास संभव हो सका, न ही कभी कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सकी और इंफ्रास्ट्रक्चर हमेशा अधर में लटका रहा। साल 2014 के बाद मोदी जी की ज़ीरो टॉलरेंस की नीति



और आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन समझने वाले शाह के सख्त फैसलों की वजह से जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट जैसे तीन बड़े हॉट-स्पॉट आज विकास की राह पर अग्रसर हैं। सालों से उपेक्षित नॉर्थईस्ट के सभी राज्यों में आज रेल और एयर कनेक्टिविटी का काम तेज गति से जारी है।

शाह का मानना है कि अगर देश की सीमाएँ सुरक्षित नहीं हैं, तो देश सुरक्षित नहीं रह सकता, क्योंकि बॉर्डर सिक्योरिटी ही नेशनल सिक्योरिटी है। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की नीतियों के कारण आज अमृतकाल में गरीबी उन्मूलन से लेकर हेल्थ, अंतरिक्ष, इंवेस्टमेंट के साथ-साथ आंतरिक और वाह्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत पहले के मुकाबले बेहद सशक्त हुआ है।

आज मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में 70 साल की कमियों को समाप्त करने का काम तेज गति से हो रहा है। मोदी जी की दूरदर्शिता और अमित शाह की अंत्योदय की राजनीति का परिणाम है कि, बीते 10 वर्षों में सालों से वंचित करोड़ों गरीबों को आवास, हर घर बिजली, हर घर नल से जल, शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन के साथ-साथ 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का काम किया जा रहा है।

आजादी के बाद दशकों तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूर देश के विकास में रोड़ा बना हुआ था। आज अमृतकाल में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूरों को न सिर्फ जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया जा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का काम भी निरंतर जारी है। बीते 10 सालों में देश में राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचारमुक्त शासन को स्थापित करने का काम बखूबी किया गया है। नया भारत उपलब्धियों के नित नए आयाम को हासिल करते हुए दुनिया भर में अपनी एक नई पहचान बना रहा है।

भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह का दावा बिलकुल सही साबित होने वाला है कि मोदी जी के आने वाले तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य जरूर हासिल करेगा।

## फिनटेक प्लेटफॉर्म ग्रोमो ने भारत में अपनी 5 वीं वर्षगांठ पर हासिल किए 100 करोड़ रुपये के पार्टनर पेआउट

**लखनऊ।** वित्तीय उत्पादों के वितरण को सुगम बनाने वाले फिनटेक प्लेटफॉर्म ग्रोमो ने अपने 5 वर्ष पूरे किए इस ख़ास अवसर की पूर्व संध्या पर कम्पनी ने अपने पार्टनर्स ?100 करोड़ का भुगतान किया। उत्तरप्रदेश में, कंपनी ने अपने 50,600 अर्निंग ग्रोमो पार्टनर्स को 12.67 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। यह उपलब्धि ग्रोमो के अपने विश्वसनीय एजेंटों के व्यापक नेटवर्क को और भी सशक्त बनाने और रियल भारत में वित्तीय कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अटूट समर्पण को दिखाती है। उत्तरप्रदेश में, पिछले 5 वर्षों में 2.65 लाख भागीदार ग्रोमो से जुड़ चुके हैं, जो राज्य में वित्तीय उत्पादों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। ग्रोमो को एसआईजी, वाई कॉम्बिनेटर जैसे मार्की इन्वेस्टर्स और कुणाल शाह, रमाकांत शर्मा, आलोक मित्तल, उत्सव सोमानी, नीरज सिंह जैसे एंजेल इन्वेस्टर द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र अंकित खंडेलवाल और दर्पण खुराना द्वारा स्थापित, ग्रोमो वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देकर और टियर 2, टियर 3 और छोटे शहरों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाकर %रियल भारत% के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रोमो के को-फाउंडर दर्पण खुराना ने कहा, ÷हम बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं कि हम पूरे भारत में अपने पार्टनर्स को 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई दे पाए हैं। जो हमारे मंच के महत्वता को दर्शाता है। पिछले पांच वर्षों में हमारी यात्रा में पर्याप्त विकास हुआ है, जो सरकार के व्यापक वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है। हमारा प्लेटफ़ॉर्म बीएफएसआई कंपनियों को भारत भर से अतिरिक्त 36 लाख सेल्स मेंबर्स और डेमोग्राफिक्स के आधार पर उनकी पसंद के ग्राहकों को लक्षित करने में मदद करता है। पिछले वर्ष उत्तरप्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के हमारे प्रयासों के माध्यम से, हमने पिछले वर्ष में 50,600 अर्निंग पार्टनर्स के साथ 4 गुना वृद्धि देखी।

## गूवी के हायरनेट ने उद्योग के लिए महत्वपूर्ण कौशल मूल्यांकन द्वारा 10000+ एकेटीयू विद्यार्थियों को सशक्त बनाया

**लखनऊ।** एचसीएल समूह की एडटेक कंपनी, गूवी ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के सहयोग से गूवी के हायरनेट प्लेटफॉर्म पर आधारित यूनिवर्सिटी बेंचमार्क टेस्ट, हायरनेट पेश किया है। यह एआई-संचालित मूल्यांकन टूल कोडिंग के बुनियादी सिद्धांतों, करियर कौशल, डेटा साइंस, प्रॉब्लम-सॉल्विंग, आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विद्यार्थियों की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस टूल की मदद से मुख्यतः उत्तर प्रदेश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में विद्यार्थियों में कौशल की कमी को दूर किया जा सकेगा।

हायरनेट दिसंबर 2023 से, 700+ एकेटीयू-संबद्ध कॉलेजों में से 100+ कॉलेजों में उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 10,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम का उपयोग करने का अवसर मिला है, और वंचित क्षेत्रों में विद्यार्थियों तक पहुँचकर उन्हें सशक्त बनाने में मंच की प्रभावशीलता प्रदर्शित हुई है।

हायरनेट का उपयोग करते हुए यूनिवर्सिटी बेंचमार्क टेस्ट में 120 बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) और 2 प्रोग्रामिंग चैलेंजेस के साथ विद्यार्थियों को मूल्यांकन का एक विस्तृत अनुभव मिलता है। इसके द्वारा विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं, और अपनी शक्ति एवं वृद्धि के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

इस परीक्षण की एक अद्वितीय विशेषता है कि इसके द्वारा हर विद्यार्थी के लिए विस्तृत रिपोर्ट मिलती है, जो विभिन्न कौशल श्रेणियों में उनके प्रदर्शन का संपूर्ण ब्यौरा पेश करती है। इसके अलावा, यह प्लेटफ़ॉर्म विद्यार्थियों को सत्यापन और मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करता है, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रहे।

इसके अलावा, लीडरबोर्ड प्रणाली विद्यार्थियों को अपने साथियों के साथ अपने प्रदर्शन की तुलना करने में समर्थ बनाती है, ताकि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिले और निरंतर सुधार की प्रेरणा प्राप्त हो। कॉलेज-स्तर पर रिपोर्ट्स की उपलब्धता मूल्यांकन के आँकड़ों को और मज़बूत बनाती है, और शैक्षणिक संस्थानों के लिए इसकी उपयोगिता बढ़ाती है। एकेटीयू यूनिवर्सिटी, लखनऊ, यूपी में एक कार्यक्रम के दौरान गूवी गीक नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड की सीओओ, सुश्री अनिता एन ने हजारों विद्यार्थियों को 'हायरनेट' पर यूनिवर्सिटी बेंचमार्क टेस्ट की तैयारी करने का प्रोत्साहन दिया। उन्होंने विकसित होते हुए जॉब मार्केट में सफलता पाने के लिए अपने कौशल व ज्ञान का उपयोग करने के महत्व पर बल दिया। गूवी के संस्थापक और सीईओ, श्री अरुण प्रकाश एम ने कहा, हायरनेट द्वारा यह मूल्यांकन कार्यक्रम टियर -2 और टियर -3 शहरों में विद्यार्थियों को आज के प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट में सफलता के लिए आवश्यक कौशल एवं ज्ञान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।÷ उन्होंने कहा, कौशल मूल्यांकन और विकास के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हम एकेटीयू के विद्यार्थियों को उद्योग के लिए महत्वपूर्ण कौशल प्रदान करना चाहते हैं, ताकि उनकी रोजगार की योग्यता एवं करियर की संभावनाओं का विकास हो।

## आठवाँ वाणी फ़ाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार संस्कृत से स्पेनिश भाषा के अनुवादक ऑस्कर पुजोल

वर्ष 2024 का आठवाँ वाणी फ़ाउंडेशन 'गणमान्य अनुवादक पुरस्कार' संस्कृत के प्रसिद्ध स्पेनिश विद्वान ऑस्कर पुजोल को अनुवाद के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया जायेगा। इस पुरस्कार के सम्मानित निर्णायक मण्डल में नमिता गोखले (सह-निदेशक, जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल व साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका), अरुणव सिन्हा (अनुवादक व लेखक) और यतीन्द्र मिश्र (स्वर्ण कमल से सम्मानित कवि, लेखक एवं संगीत अध्येता) शामिल हैं। पुरस्कार समारोह 4 फ़रवरी, 2024 को दोपहर 1:00 बजे वार्षिक जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल (मुग़ल टेंट) 2024 में आयोजित किया जायेगा।

**संस्कृत, स्पेनिश और अंग्रेजी में पढ़ा जायेगा प्रशस्ति पत्र।**

वाणी फ़ाउंडेशन और टीमवर्क आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रत्येक वर्ष जयपुर बुकमार्क (जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल) में 'वाणी फाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार' प्रदान किया जाता है।


यह पुरस्कार उन अनुवादकों को



दिया जाता है जिन्होंने निरन्तर और कम-से-कम दो भारतीय भाषाओं के बीच साहित्यिक और भाषाई सम्बन्ध विकसित करने की दिशा में गुणात्मक योगदान दिया है। भारतीय और अन्तरराष्ट्रीय भाषाओं के बीच सीधे आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए पहल की कमी के आलोक में यह पुरस्कार आवश्यक समझा गया। यह पुरस्कार विशेष रूप से उन अनुवादकों का समर्थन करता है जिन्होंने एक महत्त्वपूर्ण साहित्यिक संग्रह तैयार किया है। इसमें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के अलावा एक लाख भारतीय रुपये या समकक्ष मौद्रिक राशि प्रदान की जाती है। यह पुरस्कार 2024 में अपने 8वें संस्करण में है। इस पुरस्कार के सम्मानित निर्णायक मण्डल में नमिता गोखले (सह-निदेशक, जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल व साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका), अरुणव सिन्हा (अनुवादक व लेखक) और यतीन्द्र मिश्र (स्वर्ण कमल से सम्मानित कवि, लेखक एवं संगीत अध्येता) शामिल हैं।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया में स्टोर खोलने वाला पहला भारतीय आभूषण ब्रांड


**लखनऊ।** वैश्विक स्तर पर दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर



मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में अपना नया शोरूम शुरू किया है। इस तरह मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया में परिचालन शुरू करने वाले पहले भारतीय अंतरराष्ट्रीय आभूषण ब्रांड के रूप में इतिहास रच दिया है। इस शोरूम के साथ ही मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 13वें देश में अपने परिचालन का विस्तार किया है। अभी भारत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान, केएसए, बहरीन, सिंगापुर, मलेशिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की 340 से ज्यादा शोरूम के साथ व्यापक खुदरा उपस्थिति है।नए शोरूम का उद्घाटन प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अंतरराष्ट्रीय परिचालन के एमडी शामलाल अहमद, भारतीय परिचालन के एमडी अशर ओ, सुदूर पूर्व व ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्रीय प्रमुख अजीत एम, फाइनेंस व एडमिन के प्रमुख अमीर सीएमसी, मैन्युफैक्चरिंग के प्रमुख फैजल एके, चीफ डिजिटल ऑफिसर शाजी कक्कोडी, सिडनी सरकार के प्रतिनिधियों, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की प्रबंधन टीम के सदस्यों, ग्राहकों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में किया।

मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने इस मौके पर कहा ऑस्ट्रेलिया में परिचालन शुरू करने वाले पहले भारतीय अंतरराष्ट्रीय ज्वेलरी रिटेलर के रूप में यह हमारे लिए गर्व का मौका है। हम मेक इन इंडिया, मार्केट टू द वर्ल्ड के प्रबल समर्थक रहे हैं। भारतीय आभूषणों की कलात्मकता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना और ऑस्ट्रेलिया में विस्तार करना इस पहल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। यह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मजबूत व्यापार संबंधों और हालिया द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने वाली एक बड़ी सफलता की कहानी भी है। ऑस्ट्रेलिया में हमारी विकास योजना अगले कुछ सालों में नौकरियों के सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण निवेश को बढ़ावा देगी।

## कैंटाबिल रिटेल ने उत्तर प्रदेश में अपना नया स्टोर खोलकर अपनी रिटेल मौजूदगी का किया विस्तार




**हरदोई।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने हरदोई में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1279 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला ब्रांड का यह स्टोर प्लॉट नंबर 751, सिनेमा चौराहा, एचडीएफसी बैंक के पास, हरदोई, उत्तर प्रदेश 241001 पर स्थित है।स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, ÷हमें हरदोई में अपने इस फैमिली स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड-प्रीमियम सेगमेंट में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है। मेंस फैशन की एक प्रभावशाली श्रृंखला के अलावा, स्टोर में फुटवियर एवं एक्सेसरीज़ के साथ विमेंस वियर के कलेक्शन भी मौजूद होंगे। अपने सभी ग्राहकों के लिए ट्रेंडी और प्रतिस्पर्धी फैशन परिधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने उत्तर प्रदेश में अपना 82वां स्टोर खोला है। आज, सम्पूर्ण देश में हमारी मजबूत उपस्थिति है और हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है।

नया कैंटाबिल रिटेल स्टोर अपने ग्राहकों को रिटेल अनुभव के भविष्य की झलक पेश करता है, जो कि पुरुषों एवं महिलाओं के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल, अल्ट्रा-कैजुअल क्लोथिंग की सम्पूर्ण रेंज प्रदान करता है। इसके अलावा स्टोर अपने ग्राहकों के लिए फुटवियर एवं एक्सेसरीज़ भी प्रदान करता है।

## सर्दियों में अर्थरायटिस के दर्द का समाधानः इलाज के नए तरीके

**लखनऊ।** अर्थरायटिस यानी गठिया व्यक्ति को विकलांग बनाने वाली बीमारी है। इस बीमारी में जोड़ों में सूजन और दर्द होता है, जिससे वजह से पीड़ित व्यक्ति को चलने फिरने में परेशानी होती है। इस बीमारी से दुनिया भर में लाखों लोग पीड़ित है। सर्दियों का मौसम अर्थरायटिस से पीड़ित व्यक्तियों में कई सारी समस्याएं पैदा करता है। क्योंकि सर्दी के मौसम में तापमान में गिरावट आने से जोड़ों में सूजन बढ़ जाती है जिससे जोड़ों में कठोरता, सूजन और थकान होती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए मेडिकल एक्सपर्ट्स ऐसे नए ट्रीटमेंट एप्रोच (उपचार दृष्टिकोण) तलाश रहे हैं जो पारंपरिक तरीकों से हट कर हो और ज्यादा कारगर हो।

कार्टिलेज (उपास्थि) में समस्या से उत्पन्न अर्थरायटिस विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। प्राइमरी ऑस्टियोअर्थराइटिस और रुमेटीइड अर्थरायटिस गठिया बीमारी का सबसे प्रचलित रूप हैं। अर्थरायटिस के प्रकार और अवस्था के आधार पर लक्षणों की शुरुआत अचानक से हो सकती है या लक्षण धीरे-धीरे नज़र आ सकते हैं। सर्दी होने से अर्थरायटिस के केस और ज्यादा गंभीर हो जाते हैं क्योंकि



सर्दियों में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं और सूजन बढ़ जाती है, जिससे अर्थरायटिस से पीड़ित लोगों के लिए जोड़ों का दर्द ज्यादा परेशानी भरा हो जाता है। वैसे तो NSAIDs, काउंटरइरिटेंट्स, स्टेरॉयड और DMARDs जैसे इलाज अर्थरायटिस में कारगर साबित हुए हैं, लेकिन मेडिकल रिसर्च में हुई हालिया प्रगति ने इस बीमारी के इलाज में नई आशा प्रदान की है। स्टेम सेल थेरेपी एक ऐसा ही ट्रीटमेंट दृष्टिकोण है जिसमें क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत और प्रभावित जोड़ के अंदर इलाज को बढ़ावा देने के लिए मरीज की स्टेम कोशिकाओं का उपयोग किया जाता है। इन कोशिकाओं में सूजन को कम करने, उपास्थि के विकास को प्रोत्साहित करने और टिश्यू रीजेनरेशन (ऊतक पुनर्जनन) को बढ़ाने की अद्वितीय क्षमता होती है। इसी वजह से यह थेरेपी अर्थरायटिस के इलाज के लिए सबसे ज्यादा समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है।

प्लेटलेट-रिच प्लाज्मा थेरेपी अर्थरायटिस के इलाज में बेहतरीन विकल्प है। इसमें मरीज के खून से प्लेटलेट्स को कॉन्सेंट्रेटस किया जाता है और उन्हें प्रभावित जोड़ में वापस इंजेक्ट किया जाता है। ग्रोथ फैक्टर से भरपूर, प्लेटलेट्स ऊतक की मरम्मत और पुनर्जनन में मदद करते हैं, इससे अर्थरायटिस से जुड़े जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए बिना सर्जरी के इलाज कराने का विकल्प प्रदान करते हैं। ओस्टियोकॉन्ड्रल ऑटोग्राफ्ट ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी और मैट्रिक्स-इंड्यूस्ड ऑटोलॉगस चोंड्रोसाइट इम्प्लांटेशन जैसे सर्जिकल विकल्प लोकलाइज्ड कार्टिलेज क्षति की मरम्मत के लिए मरीज या डोनर के ऊतक का उपयोग करते हैं, जिससे अर्थरायटिस को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

## बकाया मागने पर पेट्रोल पंप मालिक को मिली जान माल की धमकी



**देवरिया।** गौरीबाजार थानाक्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप मालिक ने गोरखपुर जनपद के शकुंतला ट्रांसपोर्ट से लेनदेन को लेकर आपस में कहा सुनी हुई जिससे शकुंतला ट्रांसपोर्ट के मालिक अभय सिंह द्वारा गणेश फिलिंग स्टेशन के मालिक जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा को अपने 15 साथियों के साथ पेट्रोल पंप मालिक को जान से मारने की धमकी दी गई। तभी पीड़ित ने 112 पर फोन करके सूचना दी।और घटना कि जानकारी स्थानीय थाने को भी हुई। गौरीबाजार पुलिस द्वारा कार्रवाई नही होने पर गणेश फिलिंग स्टेशन के मालिक जितेन्द्र विश्वकर्मा ये भी कहा कि इसकी शिकायत घटना के पहले भी पुलिस अधीक्षक देवरिया को कर चुका हूं। और अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक देवरिया से लगाई न्याय की गुहार।

## निर्माणाधीन निरीक्षण भवन का डीएम ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को नगर पालिका गौरीगंज स्थित सिंचाई विभाग एवं रोहसी बुजुर्ग में लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन निरीक्षण भवन का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया एवं शेष कार्य फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण भवन के कमरों में बेड सोफा एवं अन्य फर्नीचर उच्च गुणवत्ता के लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत कनेक्शन की स्थिति रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पार्किंग आदि की जानकारी ली एवं सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गेस्ट हाउस के पीछे खेलने के लिए बैडमिंटन कोर्ट आदि का भी प्रावधान रखने को कहा।

इसके उपरांत उन्होंने रोहसी बुजुर्ग में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया यहां पर भी उन्होंने एक-एक चीज का बारीकी से अवलोकन किया एवं फर्नीचर आदि गुणवत्तापूर्ण लगाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग द्वारा 03 सूट तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 सूट के निरीक्षण भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका डीएम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य गुणवत्तापरक व फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार सहायक अभियंता सिंचाई विभाग खंड 41 संजय कुमार सर्वेश कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का चयन ट्रायल्स आज

**अमेठी।** जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किया गया है जिसके तहत जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 07 फरवरी 2024 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 08 फरवरी 2024 तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल कार्यालय देवरिया में 14 फरवरी 2024 से 16 फरवरी 2024 तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन ट्रायल्स 07 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जायेगा। चयन ट्रायल्स में भाग लेने वाली बालिका का निर्धारित भार वर्ग 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72 व 76 किलोग्राम तथा खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाण पत्र (हाईस्कूल सर्टिफिकेट/नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र) की प्रति के साथ छायाप्रति सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित प्रमाण पत्र के साथ में लाना अनिवार्य होगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनएसएस के साथ सप्त दिवसीय शिविर का समापन



मतदाता जागरूकता रैली,हस्ताक्षर अभियान,रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, बृक्षारोपण, स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण पर रहा केंद्रित

अवधनामा संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** इण्टरमीडिएट कालेज कन्हौली, देवरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सप्तदिवसीय शिविर सातवें दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीशराज त्रिपाठी प्रबंधक स्व0राम रहस्य महाविद्यालय ने विद्या की देवी माँ सरस्वती देवी के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन वंदन करके किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रामेन्द्र मणि त्रिपाठी प्रबंधक आर0आर0इण्टरमीडिएट कालेज नईबाजार तथा प्राथमिक विद्यालय खोरमा के प्रधानाध्यापक घनश्याम मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे कार्यक्रम में सरस्वती वन्दना कुमारी पल्लवी दूबे व रिया ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरीशराज त्रिपाठी ने कहा कि एनएसएस की शुरुआत 24 सितंबर 1969 में शुरु की गई थी। शुरूआत में इसे 37 विश्वविद्यालयों में शुरू किया गया था जिसमें लगभग 40,000 स्वयंसेवियों को शामिल किया गया था।विशिष्ट अतिथि श्री रामेन्द्र मणि त्रिपाठी प्रबंधक रामरती रामप्यारी देवी इण्टर कालेज नई बाजार ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी युवा स्वयंसेवक एनएसएस के नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने का विकल्प चुनते हैं। घनश्याम त्रिपाठी ने अभिभावकों के प्रतिनिधि बनकर मतदाता शपथ दिलवाया।कार्यक्रम में राजकीय इण्टर कालेज के नोडल अधिकारी ब्रह्मानन्द ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी सम्राट जायसवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य परियोजना कार्य मतदाता जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, बृक्षारोपण, स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन पर केन्द्रित रहा। कार्यक्रम में 240घण्टे की सेवा व सप्तदिवसीय शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवको को कार्यक्रम अधिकारी सर्वेश कुमार दूबे ने सम्मानित किया।कु0पूजा सिंह, नीलम देवी गौतम, चन्द्रभान सिह, दीपनारायण सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, अशोक सिंह जी, रामबदन जी, सत्यप्रकाश मिश्र, शाह आलम, अरुण त्रिपाठी जी गोपाल, संतोष, राम अशीष मौर्या, पप्पू आदि उपस्थित रहें।

## श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**अमेठी।** भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म का नाश करने और धर्म की स्थापना करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया। लोगों को बताया की भवसागर से तरण के लिए श्रीमद्भागवत महापुराण कथामृत का पान करे।विकास खण्ड भेटुआ के गांव श्री का पुरवा मे श्रीमद्भागवत महापुराण संगीतमय कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य रितेश शास्त्री महराज ने उक्त प्रसंग मंगलवार को सुनाया।पांचवे दिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। बताया कि किस प्रकार देवी रुक्मिणी ने भगवान श्री कृष्ण को आमंत्रित किया और वह गौरी पूजन के बहाने निकली जहां से भगवान ने रुक्मी शिशुपाल आदि योद्धाओं को परास्त कर देवी रुक्मिणी को द्वारिका ले जाकर विधिवत उनसे विवाह किया। कथा स्थल पर भगवान के विवाह का भव्य आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ पुष्प वर्षा की।कथा के मुख्य यजमान सुरेन्द्र प्रताप पाण्डेय सिद्धी नाथ पाण्डेय शशि नाथ पाण्डेय गंगाधर पाण्डेय यमुनाधर पाण्डेय कृष्णाधर पाण्डेय विद्याधर पाण्डेय सहित तमाम सुधी श्रोताओं ने कथा का आनंद उठाया।

## देवरिया महोत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** स्वास्थ्य कार्यक्रमों व सेवाओं के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए देवरिया महोत्सव के अंतर्गत चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित सम्मान समरोह में नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा मंगलवार को चिकित्सकों सहित 170 स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मनित किया गया। सभी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं को भी स्मृतिचिन्ह देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह को सर्वाधिक टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली देने के लिए सम्मान दिया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाने में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का बड़ा योगदान होता है। स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान सराहनीय है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिलाने में स्वास्थ्यकर्मियों का योगदान बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन मातृत्व स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को यहाँ सम्मानित किया जा रहा है निश्चित ही वह बधाई के पात्र हैं। सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि देवरिया महोत्सव के इस मंच से स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मनित होना इनके लिए गर्व की बात है। इन सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से यही उम्मीद करते हैं कि आगे भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसे ही योगदान दें। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि 17 चिकिसक, 25 स्टॉफ नर्स, 9 सीएचओ, 51 आशा कार्यकर्ता और 9 पार्टनर्स संस्थाओं सहित 170 स्वास्थ्यकर्मियों को इस मंच से से सम्मानित किया गया है। हम सभी का प्रयास रहता है कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी और सीडीओ ने महोत्सव में लगे सभी विभागों के स्टालों का अवलोकन किया । कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश बरनवाल, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, एसीएमओ डॉ संजय कुमार गुप्ता, एसीएमओ आरसीएच डॉ संजय चंद, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ सवस्थ परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, सीफार के प्रतिनिधि वेद प्रकाश पाठक, यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि डबलू पाण्डेय, पाथ के अभिषेक सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## स्काउट-गाइड से समाज सेवा की भावना जागृत होती है: सरिता

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकासखंड के ग्राम घोड़ादेऊर में स्थित आर के पांडेय शिशु शिक्षा निकेतन में मंगलवार को भारत स्काउट/गाइड का दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सरिता पांडेय फ्लैग सेरमनी कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्काउट के ट्रेनर राहुल कुमार गौड़ द्वारा बच्चों के बीच रस्सी गांठ तथा प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित गुण बताए गए।दूसरे दिन के शिविर में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए सरिता पाण्डेय कही कि स्काउट से हमें समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है स्काउट/गाइड सभी का मित्र होता है और प्रत्येक स्काउट/गाइड का भाई/बहन होता है। एक स्काउट/गाइड जानवरों का मित्र होता है और प्रकृति से प्रेम करता है। एक स्काउट/गाइड अनुशासित होता है और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने में मदद करता है।अनुशासित रहकर हम सभी लोग समाज में विभिन्न क्रियाकलापों को चलाते हैं। ट्रेनर राहुल गोंड ने शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों को बताया जो छात्र-दुर्घटनाओं से बचाव, दैवी आपदा में रहना आदि तरह-तरह के उपयोगी कार्यक्रमों को सांस्कृतिक गीतों के माध्यम से बताते हुए स्काउट गाइड गीत के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए उसे बड़े मन से जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक सोनू गुप्ता विपिन यादव अजित कुमार अष्टभुजा सिंह अध्यापिका खुश्बू उपाध्याय उर्मिला रोशनी गुड़िया सीमा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहीं महिलाएं: संतराज

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी में स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संतराज यादव थे । कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यशाला को संबोधित करते हुए संतराज यादव ने कहा कि, हमारी सरकार में महिला अपने आप को सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं । इसके पहले कल्याण सिंह की सरकार ने त्रिस्तरीय चुनावों में महिलाओं को आरक्षण देने की व्यवस्था की थी । आज जब केंद्र और प्रदेश में फिर हमारी सरकार है तो हमने पुनः महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर हर क्षेत्र में उन्हे स्थापित करने का कार्य किया है । बालिकाओं के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शुरू किया है जिसके अंतर्गत बालिकाओं को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता छह चरणों में प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष से यह सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने का निर्णय लिया है । महिलाओं को संगठित, सशक्त, स्वावलंबी एवम आत्मनिर्भर बनाने के लिए 1 करोड़ महिलाओं को 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों, 58 हजार ग्राम संगठनों एवं 3007 संकुल स्तरीय संघों से जोड़ा गया है । महिला स्वयं सहायता समूहों को आवश्यकता अनुसार कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है । उन्होंने बताया कि ऐसी तमाम योजनाएं चल रही है जिसके माध्यम से हमारी माताएं बहनें लाभान्वित हो रही हैं । उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को महिला मोर्चा ही नहीं बल्कि संगठन के सभी कार्यकर्ता मिलकर मंडल स्तर पर महिला कार्यशालाओं का कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री सीधे मातृ शक्तियों से संवाद करेंगे ।

## रोजगार मेले में सैकड़ों अभ्यर्थियों को मिला रोजगार



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत अहिरौली बाजार में स्थित धारा रावल निजी आईटीआई संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में कुल पंजीकृत 280 अभ्यर्थियों में से 108 व्यक्तियों जो डिप्लोमा एवं आईटीआई तथा अन्य व्यावसायिक शिक्षा डिग्री धारक थे उनका चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया गया।

इस रोजगार मेले में बीकेटी टायर्स, यजाकी इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, यमहा टायर्स, फ्लिपकार्ट, नवोदित फाउंडेशन, ए ए रेड हिल्स लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रोजगार मेले में युवाओं का साक्षात्कार लिया तथा उनकी योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया को पूरा किया। संस्थान के प्रबंधक गजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विकासखंड स्तरीय इस रोजगार मेले में समय-समय पर इस संस्थान में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार मिलता है। इस अवसर पर संस्थान के सचिव डाक्टर गौरव सिंह, प्रधानाचार्य एनपी प्रजापति, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनय कुमार पांडेय, जिला कौशल प्रबंधन अभय श्रीवास्तव, पारस प्रसाद कार्यदेशक आईटीआई नौरंगिया सहित विभिन्न कंपनियों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाएं: अपर पुलिस महानिदेशक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के उपस्थिति में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ अपराध की समीक्षा व कानून व्यवस्था के संबंध में गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर डॉ. के.एस. प्रताप कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल की उपस्थिति में पुलिस लाइन्स सभागार में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध की समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारियों/ थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र की स्थिति, अपराध की प्रवृत्ति, क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जनपद की सीमा बिहार बॉर्डर से सटे होने के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं जैसे अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि की रोकथाम हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु एवं पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति अच्छा रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अवैध खनन और अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया। जुआ, मिलावटी शराब और अन्य विषयों पर सख्त कार्यवाही करने के साथ ही पेंडिंग पड़े कार्यो/विवेचनाओं को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यवाही सभी पर की जाए गुंडों को किसी भी तरह से बख्शा नहीं जाए, क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाए जो मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश आए हैं उनका पूरी तरह से पालन किया जाए। साथ ही शाम को पुलिस बल द्वारा स्थान बदल-बदल कर फुट पेट्रोलिंग करने तथा वाहनों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

## कृषि विश्वविद्यालय के लिए बजट पास होने पर लोगों में खुशी

**कसया, कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के बजट पास में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर की स्थापना हेतु 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित किया है।



इसको लेकर अब कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का स्थापना का रास्ता साफ हो गया विधायक पीएन पाठक का मेहनत रंग लाई। बता दें कि विधायक पीएन पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि व प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की मांग किया था जिसको संज्ञान में लेकर प्रदेश सरकार ने आजतक के सबसे बड़े बजट में कुशीनगर के कृषि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपए बजट पास किया है। कुशीनगर के विकास के लिए एक संजीवनी का काम करेगा। बजट पास होने पर प्रदेश सरकार को और विधायक पीएन पाठक को कुशीनगर वासियों ने बधाई दी है।

## स्थानीय कलाकारों ने बनायी सुरमयी शाम

**देवरिया।** देवरिया महोत्सव का तीसरा दिन स्थानीय कलाकारों के नाम रहा। माटी की खुशबू की सुरमयी बयार ने श्रोताओं को आनन्दित कर दिया।

म्यूजिकालय, राघव नगर के छात्रों ने राम आएंगे...गीत को नए कलेवर में प्रस्तुत किया। बलराम संगम ने भोजपुरी गीत प्रस्तुत किया। सरोजनी, अभिषेक ने अपनी गायकी से लोगों की तालियां बटोरी। छह साल की आरोही ने छाप तिलक सब छीनी... गीत से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। माटी के बेटे समर सिंह, अनुराधा बरनवाल की गीतों का लुत्फ लोगों ने उठाया। मंच का संचालन भावना द्विवेदी ने किया।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**मुंशीगंज (अमेठी)।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के परतोष चौकी पुलिस ने सोमवार को परतोष तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट गाड़ी पेपर ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे वाहनों का चालान किया। परतोष चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने परतोष तिराहे से गुजर रहे सभी दो पहिया वाहनों को रोककर वाहनों के हेलमेट कागजात ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ गाड़ियों की डिक्की खोलकर जांच की हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। चौकी प्रभारी ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी की हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाएं। तथा यातायात के नियमों का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं ताकि आए दिन होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी जनता: आर के मिश्र

अवधनामा संवाददाता



**मथौली, बाजार, कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत मथौली के बहुआस चौराहे पर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं ने पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य पंडित आरके मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी विकास की जननी है। जब-जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी की सरकार बनी है ऐतिहासिक विकास हुए हैं। चारों तरफ खुशहाली ही खुशहाली मिली है। आज उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है रोजगार के लिए हमारे युवा दर-दर ठोकरे खा रहे हैं। महंगाई जोरों पर है तो अराजकता चरम पार कर रहा है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। कार्यकर्ता तन मन धन से आगामी लोकसभा की तैयारी के लिए लग जाए। जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार हर वर्ग के लिए काम करती है आज पूरे प्रदेश में विकास कोसों दूर हो गया है। हर वर्ग तंगी हाल में जीने को मजबूर है, महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है जब-जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी है तब तब लोगों ने खुशहाली अमन चैन की सांस ली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोला यादव व संचालन शैलेश यादव ने किया। इस दौरान ए के बादल, कैलाश चंद, जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम, जिला सचिव विजय कुमार यादव, राम सजीवन ओझा, विद्या यादव, छोटेलाल यादव, भोला यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के नीतियों व केन्द्र की योजनाओं की दी जानकारी

नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत मंगलवार नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं और अपनी टोली संग नगर के विभिन्न इलाकों में जनसम्पर्क कर आमजन को भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं से अवगत कराते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।ठुनपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने कृषि से लेकर अंतरिक्ष तक, खेल से लेकर शिक्षा तक, योग से लेकर रक्षा क्षेत्र, सांस्कृतिक विरासत से लेकर आधुनिक तकनीक क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी में भारत का हर वर्ग को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुआ है और आज भारत वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में है। गांव चलो अभियान के नगर के तुरहा टोली, साहबगंज दक्षिणी, गणेश मंदिर चौक, साहबगंज उत्तरी, कानू टोला सहित अन्य क्षेत्रों में पत्रक बांट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से लोकसभा विस्तारक पवन पाण्डेय, भाजपा नगर अध्यक्ष भुवनेश्वर मिश्र, अशोक चौरसिया, देवेंद्र मिश्र, सतीश साहा, सेक्टर संयोजक राजेश तिवारी, राजू शाह, विनय जायसवाल, अभय मारोदिया, विष्णु जायसवाल, काशी राजभर, भरत चौधरी, मनीष सिंह, अरुण पाण्डेय, सन्तोष यादव, पिंटू शाह, सुरेश प्रसाद, श्याम जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## पीपल गांव सौंदर्यीकरण पर प्रस्तुतिकरण दे मांगा सहयोग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** लोक निर्माण विभाग, मेला प्राधिकरण द्वारा पीपल गांव क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के तहत कई मकानों व दुकानों में लाल निशान लगाए जाने का विरोध में शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ के महामंत्री धनजंय सिंह व पीपल गांव व्यापार मंडल के अध्यक्ष मंजीत कुशवाहा के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मेलाधिकारी विजय किरण आनंद से मिल कर अपना विरोध दर्ज कराया था। जिस पर मेलाधिकारी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही व्यापारियों व सभी प्रमुख विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट को व्यापारियों को साझा कर सहयोग की अपील की थी। उसी क्रम में मंगलवार को मेलाधिकारी, पीडीए सचिव व पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता के साथ व्यापारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एयरपोर्ट से लेकर चौखट का पुल तक सौंदरीकरण संबंधित प्रेजेंटेशन को व्यापारियों के साथ साझा किया गया। बैठक में व्यापारियों ने अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि छह वर्ष पूर्व हुए चौड़ीकरण के दौरान सैकड़ों दुकान व मकान तोड़े कर चौड़ीकरण किया गया था। छह वर्ष पश्चात पुनः सौंदर्यीकरण के नाम दुकान व मकान को तोड़ने से व्यापरियों भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा अतः व्यापारियों ने मांग की कि जिन दुकान व मकानों में छह इंच या एक फीट पर लाल निशान लगाया गया है उसे ना तोड़ा जाएं साथ ही व्यापारियों की मौजूदगी में सड़क की पुनः नाप की जाएं जिस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पुनः नाप कराने को आश्वास्वत किया है। वहीं मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा करते कहा कि इस सड़क को उत्तम क्वालिटी से बनाया जाएंगा सौंदर्यीकरण के पश्चात यह सड़क शहर की खुबसूरत सड़कों में एक होगी। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, सचिव पीडीए अजीत सिंह, शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ के महामंत्री धनंजय सिंह, पीपल गांव व्यापार मंडल अध्यक्ष मंजीत कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष ज्ञान बाबू केसरवानी, मनोज सिंह, संजय सिंह, बबलू साहू, योगेंद्र कुशवाहा, संजीव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल के शिक्षक समस्या निवारण हेतु प्रकोष्ठ का गठन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी के मार्गदर्शन में एक शिक्षक निवारण प्रकोष्ठ का गठन मंगलवार को एक बैठक में नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी में किया गया जिसमें जिला संयोजक ओम शंकर श्रीवास्तव व सह संयोजक के पद पर हेमेंद्र बुंदेला मोनू पटेरिया रूपेश साहू राजीव चौबे मनोनीत किया गया वही मार्गदर्शक मंडल में शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद खरे वरिष्ठ नागरिक सेवा कल्याण समिति के जिला मंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी द्विवेदी और मजीद पठान को रखा गया।

यह प्रकोष्ठ जनपद में उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा ,बेसिक शिक्षा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, के राजकीय, सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों के साथ आश्रम पद्धति विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालयों के समस्त शिक्षकों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर निस्तारण के लिए गठित किया गया है इस प्रकोष्ठ में यदि कोई अध्यापक अपनी समस्या को भेजता है तो उसकी समस्या का निस्तारण निर्धारित अवधि में मार्गदर्शक मंडल और संयोजक मंडल



के स्तर से कराया जाएगा प्रकोष्ठ की बैठक प्रत्येक माह की 30 तारीख को शिक्षक रैन बसेरा में आयोजित होगी तथा शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से शिक्षक समस्या निवारण प्रकोष्ठ ललितपुर का फेसबुक पेज सक्रिय कर दिया गया है इसके साथ-साथ शिक्षक रैन बसेरा में प्रत्येक माह की 30 तारीख को शिक्षक आकर अपनी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दे सकते है।

समस्या निवारण प्रकोष्ठ का गठन शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी के 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा की गई समीक्षा के उपरांत किया गया है। मंगलवार की इस बैठक में समस्त कार्यकर्ताओं ने शिक्षक विधायक के एक वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी तथा विधान परिषद सत्रमें व्यस्त होने के कारण शिक्षक विधायक ने वर्चुअल के माध्यम से जुड़ कर समस्त साथियों को संबोधित किया। उक्त अवसर पर सेवायोजन मंत्री के ओएसडी अरविंद कुमार गुप्ता ,शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी माजीद पठान जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, विनोद खरे, शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक जी एल गौतम राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष हरिहर नारायण तिवारी, राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार,प्रान्तीय कोषाध्यक्ष राहुल जैन, शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ हेमन्त तिवारी जसवंत सिंह, रूपेश साहू, सुजान सिंह कुशवाहा, महेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मद आसिफ, रामनारायण मिश्र, हेमेंद्र सिंह बुंदेला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा जनपद शाखा ललितपुर के नव चयनित जिला अध्यक्ष डॉ हेमन्त कुमार तिवारी एवं जिला संयोजक जी एल गौतम को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल कुमार जैन ने किया।

# अण्डर-18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वर्ष 2023-24 में ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता के अन्तर्गत तहसील-सदर (ललितपुर) स्तर पर दिनांक 04 से 06 फरवरी 2024 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर पर आयोजित हो रही तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का समापनध्पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 06.02.2024 को स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर पर किया गया है, जिसके अन्तर्गत मुख्य अतिथि- कैलाश नाराण निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत एवं विशिष्ट अतिथि-नायब तहसीलदार ललितपुर को क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती रेखा रावत द्वारा बुके भेटकर कर स्वागत किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती जी के चित्र पर मार्ल्यापण कर नमन किया। उक्त कार्यक्रम उपरांत रविन्द्र कुमार एथलेटिक्स प्रशिक्षक एवं अजहरुद्दीन क्रिकेट प्रशिक्षक द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बैज अलंकृत कर अभिवादन किया। इवेन्ट्स खिलाड़ी का नाम स्थान 2 3 4 बालिका 100 मी0 रेस, कु0 खुशी राजा, के.आई.सी. बिरधा प्रथम, ममता कुशवाहा,बालिका शॉट पुट थ्रो, कु0 रोशनी साहू, के.आई.सी. बिरधा प्रथम, मोनिका, जी.जी.आई.सी. द्वितीय, संजना कुशवाहा, जी.जी.आई.सी. तृतीय, हरेन्द्र, श्री दीपचन्द्र चौधरी इ.कॉ. प्रथम, आकाश, के.आई.सी. बिरधा द्वितीय, युवराज, के.आई.सी. बिरधा तृतीय, कबड्डी में बालक वर्ग-किसान इंटर कॉलेज बिरधा बनाम जी.आई.सी. ललितपुर के मध्य खेले गए मैच में के.आई.सी. बिरधा की टीम 34-30 से विजयी रही।

# पू. मा. विद्यालय रघुनाथपुरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शासन की आशा अनुरूप ब्लॉक जखोरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में बड़ी धूम धाम के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया साथ ही शिक्षक अभिभावकों के बीच विशेष बैठक भी आहूत की गई। स्कूल के बच्चों में वार्षिक उत्सव को लेकर उत्साह देखते ही बनता दिख रहा था बच्चों द्वारा फूल - मालाओं एवं फूलों की रंगोली बनाकर विद्यालय को सजाया गया। माँ सरस्वती की वंदना एवं कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण एवं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों को फूल मालाओं से सम्मान किया। विद्यालय के बच्चों



द्वारा अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि सरकारी विद्यालयों में शासन द्वारा किन किन योजनाओं से बच्चों को लाभ हो रहा है। विशिष्ठ अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता एड. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने निशुल्क कानूनी सहायता एवं बच्चों के अधिकारों के विषय में उपस्थित जनों को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम बहुत ही सुंदर एवं मनोरम है। टीम मिशन बेटियां के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विकास गुप्ता जीत ने बेटियों के संबंधित अधिकारों के विषय में जानकारी दी एवं विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया । विशेष अतिथि एड. आकाश झां एवं सूरज प्रकाश जिलाध्यक्ष मृतक आश्रित शिक्षक संघ ने बच्चों के मनमोहक कार्यक्रम की भूरी भरी प्रशंसा की। कार्यक्रम कभी देशभक्ति के रंग में रंग गया तो कभी राममय हो गया। अनेकों रंग से रंगा यह कार्यक्रम रंगोली सहित अनेको प्रतियोगिताओं के साथ समापन हुआ।

कार्यक्रम के अतिथियों ने बच्चों के कार्यक्रम भूरी भूरी प्रशंसा की एवं बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही साथ प्रतिदिन विद्यालय आने वाले बच्चों को स्टार ऑफ द मंथ से अलंकित कर उन्हें उपहार भेट किये गए। सहायक अध्यापक मोहम्मद मुनीर ने उपस्थित ग्रामीणों को डी बी टी, निपुण भारत एवं ऑपरेशन कायाकल्प सुविधाओं की जानकारी दी गई। अध्यापिका उर्वशी साहू ने आउट ऑफ स्कूल, दिव्यांग बच्चों (समर्थ कार्यक्रम) के विषय जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मो. मुनीर, उर्वशी साहू, अंजली कुशवाहा, दिलीप सेन, राजकुमार कटारिया, मु. शाकिर खान के साथ गणेश प्रसाद कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा एवं एस एम सी अध्यक्ष भगत राम एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती अभिलाषा उपस्थित रही। कार्यक्रम में लक्ष्मी, आकांक्षा, हिमांसी, स्वरती छाया, आरुषि, अर्चना, ज्योति, साक्षी, प्रतिज्ञा, रश्मि, सुमन, रीना, राममिलन, रोहित, विष्णु, अंकित, निशा, महेश, भूपेंद्र, नीतेश, पंकज, भावना, सोमवती, खुशबू, शिवानी, सुवर्ती सहित अनेकों बच्चों ने अपने अपने कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनों का मनमोह लिया।

# अभिभावक बच्चों को नियमित भेजें स्कूल

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय खड़ेरा में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय खड़ेरा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खड़ेरा के बच्चों ने मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआरपी सुरेन्द्र कुमार ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व एआरपी, लेखाकार ओमकार दुबे, ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती बंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालयी बच्चों की दौड प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा पांच से तीन बच्चे प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय चुने गए। कक्षा 8 के विजय प्रथम, दीपक द्वितीय और शिवम तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का बैज लगाकर एवं माला पहनाकर, तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले एवं कक्षा एक से तीन के निपुण बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिक्षक - अभिभावक बैठक के दौरान एआरपी सुरेंद्र कुमार ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें तभी बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चे निपुण बनेंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान फूलबाई, दासी कुशवाहा, राम सिंह, सुजान रैकवार, दशरथ सिंह, सुरेश, अमरसिंह, अरविन्द, तहमीना बेगम, कादम्बिनी, नीतू, आकांक्षा, बन्दना, ज्योति एवं प्रियंका वर्मा के अलावा बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। संचालन डॉ0 सुमन शर्मा ने किया।

# आयुर्वेद एवं योग द्वारा स्वस्थ रहने के लिए आवश्यकः डा0 अशोक कुमार राना

अवधनामा संवाददाता




**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद के आदेशानुसार आयुर्वेद विभाग गाजियाबाद द्वारा राज्य आयुष सोसायटी उ0 प्र0 लखनऊ के पब्लिक हैल्थ आउटरीच कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम दोसा बंजारपुर विकास खण्ड रजापुर में स्वास्थ्य / योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कुल 665 रोगियों को औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि श्री विनोद वैशाली जाटव, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मोदीनगर एवं डा.अशोक कुमार राना क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गाजियाबाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर श्री आदेश कुमार खण्डविकास अधिकारी रजापुर भी उपस्थित रहे। डा0 अशोक कुमार राना ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आयुर्वेद एवं योग द्वारा स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया तथा मुख्य अतिथि महोदय का आभार व्यक्त किया। ग्राम प्रधान दोसा बन्जारपुर श्री प्रवीन कुमार ने शिविर में आये समस्त चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया इस शिविर के आयोजन में जनपद के तमाम चिकित्साधिकारियों योग प्रशिक्षको एवं सहायकों ने प्रतिभाग किया शिविर के सफल आयोजन में श्री हरीप्रकाश, श्रीदेवपाल हरित, श्री सचिन बौद्ध, श्री मानचन्द मानकी एवं श्री सुनील कुमार ग्राम सचिव का विशेष सहयोग रहा।

## अंकित खारी का 27 वा जन्म दिवसधूम धाम से मना



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के युवा जिला अध्यक्ष अंकित खारी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अंकित खारी अब 27 वर्ष के हो गए हैं। जनता के प्रति जागरूक हमेशा रहते हैं। किसानों के लिए हमेशा सुख दुख में मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। अंकित खारी के साथियों ने अंकित खारी का जन्म दिवस का केक काट कर उनके के उज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। जन्मदिन के मौके पर मौजूद रहे युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज राणा ,करण सिंह युवा जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद, प्रदीप, प्रवीण नागर,तनुज खारी, लकी, रोहित, पवन, मोहित, एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अच्छी पुस्तकें देती हैं प्रेरणा, पढ़ने से व्यक्तित्व में आता है निखारः राज्यपाल

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** मानवता का विकास जितना संस्मरण लिखने वालों ने किया है उतना दूसरों ने नही।जिन्होंने यात्राओं का संस्मरण लिखा उन्होंने समाज की बड़ी सेवा की।एमपी सिंह ने अपने अनुभवों के जरिये एक दूसरे से जोड़ने का काम किया है।बहुत से अनुभव की अभिव्यक्ति नही हो पाती उसका एहसास होता है। पुस्तकों के जरिये उसे व्यक्त करना भी सेवा है।यह बातें सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कही।क्षत्रिय भवन सभागार में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष व भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ.एम.पी.सिंह की दो कृतियों हिमालय के आंगन से बिरवा काव्य संग्रह विमोचन समारोह व कृति चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि अच्छी पुस्तकें हमें प्रेरणा देती हैं। इन्हें पढ़ने से व्यक्तित्व में परिवर्तन आता है।पुस्तकें सह यात्री हैं।जीवन में निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है कहना अतिश्योक्ति नही होगा। राज्यपाल ने कहा कि आज भारत अपने सांस्कतिक अनुभव को आकार ले रहा है। ऐसे समय में डॉ एमपी सिंह की हिमालय के आंगन से नामक यह कृति सिक्किम के पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही जहां नई समृद्धि सोच में बढ़ावा देगी। राज्यपाल ने लेखक डॉ.एम.पी.सिंह से अपने जुड़े संबंधों का जिक्र करते हुए कहा तिरंगा यात्रा दौरान कश्मीर में हम सब साथ थे।श्री सिंह ने पूर्वोत्तर राज्यों का भ्रमण कर जो कुछ लिखा है उसे पढ़कर देश विदेश के पर्यटक इन क्षेत्रों में भ्रमण के लिए काफी आकर्षित होंगे।विशिष्ट अतिथि केएनआई के पूर्व प्राचार्य प्रो राधेश्याम सिंह ने कहा कि



बिरवा काव्य संग्रह पके हुए कवि की नवोदित कृति है। संवेदना, दर्शन और रमणीयता इन कविताओं के केंद्र में हैं।इस कृति में प्रकृति संरक्षण, प्रेम,आत्मा की यात्रा व पीढ़ियों का द्वंद आदि की कविता महत्वपूर्ण है। यह पहला संग्रह बताता है कि डॉ.एम.पी. सिंह प्रौढ़ सजग व संवेदनशील कवि हैं।डॉ.एम.पी.सिंह ने अपनी दोनों कृतियों की चर्चा करते हुए कहा कि हिमालय के आंगन से पुस्तक में कश्मीर, दार्जिलिंग और सिक्किम की यात्राओं पर संस्मरण लिखे गए हैं,वहीं बिरवा पुस्तक में विभिन्न समयों पर उपजी बत्तीस कविताओं का संग्रह है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप ने कहा कि समसामयिक परिस्थितियों को पाकर ही अंदर की शक्तियां उभरती हैं। श्री सिंह का सृजन लेखन प्रभावी एवं साहित्यिक है। उनकी यह दोनों कृत साहित्य जगत का अनूठा उपहार है।समारोह में आए अतिथियों का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, आभार क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष संजय सिंह एवं कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर निशा सिंह ने किया।क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। एमजीएस इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ विनोद सिंह,भाजपा नेता रामचंद्र मिश्र,नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, एमजीएस इंटर कालेज के प्रधानाचार्य महेश सिंह,एमपी त्रिपाठी आदि ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।पुस्तक के लेखक डॉ.एमपी सिंह ने जिले की मशहूर बाध से बनी सामग्रियाँ देकर अतिथियों का सम्मान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में विहिप के प्रांतीय अध्यक्ष शुभ नारायण सिंह,विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश जी, डॉ.ए.के. सिंह ,डॉ.जे.पी. सिंह,पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय,भूमि विकास बैंक अध्यक्ष गिरीश नारायन सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीता सरण त्रिपाठी, अजय सिंह लीडर,भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल,राम चरित पाण्डे,आत्मजीत सिंह टीटू समेत काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी शख्सियतें उपस्थित रहीं।

# आनन्द कृष्ण जायसवाल का राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि संपन्न

**पत्रकारों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि**

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी, पत्रकार व अधिवक्ता आनन्द कृष्ण जायसवाल (84) का मंगलवार को हथियानाला घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि सम्पन्न हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बीजेपी, एवं अन्य संस्थाओं से जुड़े लोग घाट पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री जायसवाल के आवास पर पहुंचकर उप जिलाधिकारी सदर सीपी पाठक ने पुष्पचक्र एवं राष्ट्रीय ध्वज उनके पार्थिव शरीर पर अर्पित किया गया। वहीं राजकीय सम्मान के अंतर्गत गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया



गया। श्री जायसवाल को बीजेपी जिलाध्यक्ष डॉ. आरए. वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी, संघ के पुराने स्वयंसेवक व उनके साथी गोवर्धन कनोडिया, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष आलोक आर्य, सुलतानपुर औद्योगिक सहकारी सेवा समिति अध्यक्ष भानू प्रकाश व सचिव/पत्रकार अरुण कुमार जायसवाल, व्यापारी नेता व पूर्व सभासद अनिल बरनवाल, सभासद प्रवीण मिश्र, बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सिद्धार्थ जायसवाल, पत्रकार विक्रम बृजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक आकाश जी, नगर कार्यवाह अजय सिंह, बीजेपी नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल समेत कई लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ज्ञात हो कि श्री आनन्द कृष्ण जायसवाल बलरामपुर (गोंडा) में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रहे। आपातकाल के समय 22 महीने सुलतानपुर, लखनऊ व बरेली जेल में बन्द रहे। भाजपा के संस्थापक जिला महामंत्री के साथ वह सदर विधानसभा से भाजपा के टिकट से चुनाव भी लड़ चुके थे। वह अधिवक्ता के साथ काफी दिनों तक %तरुण भारत% व %आज% आदि समाचार पत्रों के माध्यम से पत्रकारिता से जुड़े रहे। श्री जायसवाल का विशेष रुझान पेंटिंग व कविता लेखन में भी रहा।

श्री जायसवाल सेवा समर्पण, वनवासी कल्याण आश्रम, आर्य समाज, चिन्मय मिशन आदि संगठनों से भी जुड़े रहे। इनके सबसे बड़े भाई श्री रामकृष्ण जायसवाल भी प्रवक्ता, पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी रहे। नगर के प्रेस क्लब में पत्रकारों ने एक शोक सभा आयोजित की।वरिष्ठ पत्रकार अनिल द्विवेदी व डा0अवधेश शुक्ला के संयोजन में हुई शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।उपजा के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी व पत्रकार ऐशोसिएशन के अध्यक्ष डा0अवशेष शुक्ला ने स्व0आनंद कृष्ण के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।वरिष्ठ पत्रकार हाशिम अब्दुल्ला व जितेंद्र श्रीवास्तव ने उनके साथ बिताए विस्तार से अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम में राकेश तिवारी,दीपक मिश्रा,संतोष पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए।उक्त मौके पर पवन मिश्रा,अंकित राय,मनोज मिश्रा सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।अंत ने सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दिनांक 31.01.2024 को थाना साहिबाबाद पुलिस को वादी शेरु मलिक पुत्र नूर मौहम्मद निवासी पडपडगंज रोड दुकान न0 4 थाना गीता कालोनी दिल्ली द्वारा मौखिक रुप से सूचना दी गयी कि साहिबाबाद क्षेत्र में उसके नोकर गुलाब चन्द्र के साथ 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 07 लाख रू0 की लूट कर ली गयी है तथा उक्त घटना के सम्बन्ध में दिनांक 01.02.2024 को थाना साहिबाबाद पर शेरु मलिक द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए स्वाट टीम ट्रांस हिन्डन जोन व थाना साहिबाबाद पुलिस टीम घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे फोटेज, सर्विलांस व गुलाब चन्द्र की भौतिक स्थिति व घटना स्थल के साक्ष्यो से अभियोग उपरोक्त की घटना के सम्बन्ध में झूठी सूचना देने वाले अभियुक्त गुलाबचन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## विशेश्वरगंज में आयोजित हुआ रोज़गार मेला



**बहराइच।** राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय सभागार में आयोजित ब्लाक स्तरीय रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली 08 कम्पनियों द्वारा 245 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 163 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोज़गार मेले का संचालन खजांची लाल यादव ने किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी राहुल बाजपेयी, धर्मेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र गोड, अर्पित मौर्य, भानु प्रताप व निरंजन लाल सहित अन्य कार्मिक, अभ्यर्थी व आमजन मौजूद रहे।

## मैजिक शो के माध्यम से बैकिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए किया गया प्रेरित



**बहराइच।** जिला सहकारी बैंक सलारपुर के शाखा प्रबन्धक बद्री सिंह ने बताया कि नाबार्ड के वित्तीय साक्षारता मिशन अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक से सम्बन्धित बी पैक्स कल्पीपारा एवं धर्मनपुर में मैजिक शो के माध्यम से बैंक शाखा सलारपुर में नये बैंक खाता खुलवाने, केसीसी ऋण की सुविधा प्राप्त करने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना एवं डिजिटल बैकिंग के सम्बंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबन्धक श्री सिंह द्वारा मौजूद लोगों को अधिक से अधिक बैकिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपील की गयी।

## राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष का आगमन

**बहराइच।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष लालमणि कुमार उर्फ लाल बाबू प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 06 फरवरी को 2024 को रात्रि 09 बजे जनपद बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगें। मा. उपाध्यक्ष श्री लाल बाबू 07 फरवरी 2024 को मध्यान्ह 12 बजे से निरीक्षण भवन में नगर पालिका परिषद बहराइच एवं नानपारा तथा नगर पंचायत रिसिया, जरवल, कैसरगंज, पयागपुर, मिहींपुरवा व रूपईडीहा के अधि. अधि. के साथ बैठक करेगें। इसके उपरान्त मा. उपाध्यक्ष अपरान्ह 03 बजे से निरीक्षण भवन में डीपीआरओ, सीएमओ, अधिशषी अभियन्ता जल निगम, बाढ़ खण्ड, सिचाई के साथ बैठक करेगें।

## हनुमत धाम की तरह ही बनेगा शिव धाम हुआ भूमि पूज



**शाहजहांपुर।** गांव भटपुरा रसूलपुर में श्री राम जानकी मंदिर के समीप शिव धाम निर्माण हेतु आचार्य मदन गुरु जी ने भूमि पूजन संपन्न कराया द्य ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जैसा हमारे ग्राम पंचायत में हनुमत धाम बना हुआ है जिस पर हनुमान जी की मूर्ति बनी हुई है ,उसी प्रकार से इस स्थान पर शंकर जी की मूर्ति बनाई जाएगी द्य यह कार्य हमारे सभी ग्राम वासियों के सहयोग से हो रहा है द्य ग्राम प्रधान ने जानकारी दी कि हमारी ग्राम पंचायत में श्री जेपी मंदिर ,राम जानकी मंदिर ,पाठक मंदिर ,देवी मां मंदिर एवं हनुमत धाम धर्मस्थल बने हुए हैं द्य पांच हिंदू धर्म स्थलों के साथ-साथ ग्राम में तीन मस्जिद है और सभी ग्रामवासी आपस में प्रेम भाव के साथ रहते हैं द्य ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में 65 प्रतिशत मुस्लिम एवं 35 पर प्रतिशत हिंदू आबादी है द्यभूमि पूजन के कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता सहित अनुज मिश्रा ,यशपाल सिंह , मुनीश सिंह , सेठपाल सिंह, जोगिंदर सिंह , अमित सिंह,विपिन सिंह, सुभाष मिश्रा, ज्ञान सिंह, नत्थू सिंह सहित सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## लाचार महिला को पीट पीट कर जान से मारा

**शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली के गांव पैगापुर की जहां एक लाचार महिला को पीट पीट कर जान से मार डाला और इसकी सूचना लड़की के भाई अरविंद ने पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक मुलजिम गिरफतार नही हुए हैं सूत्रों के मुताबिक पता चला कि महिला के पति का पड़ोस की महिला बरखा देवी से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते महिला की बरखा देवी से मारपीट हुई और जब महिला के पति को पता चला कि उसकी पत्नी ने उसकी प्रेमिका से मारपीट की है तो महिला के पति नंदकिशोर व उसकी प्रेमिका बरखा देवी वा उसके पति रजनीश तथा रजनीश के पिता श्रीपाल ने मृतक महिला सीता देवी को बुरी तरह से लाठी डंडों से मारापीटा जिसके कारण उसके सर में चोटें आई जिसके कारण उसकी मौत हो गई अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है।

## ओवर ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए एक कार नीचे गिरी



**शाहजहांपुर।** ओवर ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए एक कार नीचे महानगर में कचहरी स्थित ओवर ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए एक कार नीचे गली में जाकर गिरी। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दुर्घटना रात लगभग 1:00 बजे की बताई जा रही है। थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि देर रात लगभग 1:00 बजे बालाजी स्वीट हाउस के मलिक अपनी कर से घर आ रहे थे इसी दौरान उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त होकर कचहरी ओवर ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गली में जाकर गिर गई। कर में सवार दोनों लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया और कर को क्रेन की मदद से मौके से हटवाया जा रहा है।

## मनुष्य की प्रतिष्ठा को स्थापित करना तुलसीदास की कविता का लक्ष्यः प्रो.रामजी



**सुलतानपुर।** राम चरित मानस विश्व काव्य है। तुलसीदास की यह कृति समाज के मंथन का नवनीत है । समाज की रचना और मनुष्य की प्रतिष्ठा को स्थापित करना तुलसीदास की कविता का लक्ष्य है ।उनकी कविता मानवाधिकार,न्याय , समानता और जनतंत्र की स्थापना करती है। यह बातें मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रामजी तिवारी ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में बाबू धनंजय सिंह स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत हिन्दी विभाग द्वारा तुलसीदास और उनकी कविता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुलसीदास को पूर्णता में समझना हो तो उनकी सभी कृतियों को पढ़ना समझना होगा । तुलसीदास जैसे अवधी लिखते हैं वैसे ही ब्रज भी लिखते हैं। कृष्णगीतावली में उन्होंने कृष्ण का वर्णन वैसे ही किया है जैसे राम चरित मानस में राम का । तुलसीदास की व्यक्तिगत भक्ति का सबसे बड़ा नमूना और प्रमाण विनय पत्रिका है । संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि, स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार व आभार ज्ञापन प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.एम.पी.सिंह , डॉ. ओंकारनाथ द्विवेदी, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एम पी सिंह,उप प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रंजना पटेल, डॉ.विभा सिंह व डॉ.ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह सिंह समेत महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के अंतर्गत कवि सम्मेलन आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के अन्तर्गत एवं दिनॉक 06 फरवरी 2024 को साहित्य संगम परेड ग्राउण्ड में कबि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख कविओं नाथूराम पथिक, शैलेश शुकला, अनशुमान पाठक, फरीद, कैलाश सोनी व हेमन्त पाण्डेय ने काब्य पाठ कर पंण्डाल में उपस्थितिजनों को भाव विभोर कर दिया इसके पश्चात लखन लाल जोशी, नाथूराम पथिक, सुरेश भदौरिया, अंशुमान पाठक, हरिराम गुप्ता, मुन्नीलाल अवस्थी, जयगोविन्द मिश्रा, गणेश सिंह विद्यार्थी, रेवती रमन पाठक, उमेश सोनी, फरीद, शिवकरन सिंह सरस, प्रेम पाल द्विवेदी, कामता प्रदाद विश्वकर्मा, जगदीश चन्द्र जोशी, सेन, कैलाश सोनी, शैलेश शुक्ला व हेमन्त पाण्डेय को सम्मनित किया गया, तथा प्रगतिशील कृषकों विनय कुमार, बलराम दीदी, रघुबीर सिंह, डॉ0 राजबहादुर सिंह, मिथुन राजपूत, मिलिट के वेनजन तकनीकी का कृषि में प्रयोग औषधीय पौधे, प्रकृतिक खेती का महात्व तथा बागवानी तथा उन्नतिशील खेती करने के अनुभवों का कृषकों में साझा किया, तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपकृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ0 प्रशान्त कुमार द्वारा कृषकों को जानकारी दी गयी इसके पश्चात रघुबीर सिंह चिल्ली औषधीय खेती, डॉ0 राजबहादुर सिंह पुरैनी प्राकृतिक खेती, राजकुमार पाण्डेय भरसवां वांस की खेती, ऑवला एवं मछली पालन, केशव मिश्रा शेखूपुर मिलेट्स उत्पादक, राजकिशोर सिंह टेडा डेरी एवं धान, गेहूँ चना, मटर उत्पादक, विनय कुमार कुलेहेंडा मिलेटफस उत्पादे एवं गन्ना की खेती, राजेन्द्र सिंह गोहानी पशुपालन एवं लहसुन प्याज की खेती, मिथुन राजपूत मुस्करा पपीता एवं सब्जियों की खेती, रामरतन प्रजापति बिवांर मौसंम्मी की खेती, नरेन्द्र सिंह पहाड़ी भिटारी बागवानी, मछली पालन, बकरी पालन, बलराम सिंह (दादी) मुस्करा मिलेट्स उत्पादक आदि को जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा सम्मनित किया गया। बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के अवसर पर विभिन्न सराकरी विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, निर्वाचन, जिला ग्रामो उद्योग विभाग खाद्य विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग राष्ट्रीय अजीविका मिशन ग्रामीण, मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, पंचायतीराज विभाग बाल विभाग एवं पुष्टाहार विभाग ने प्रदर्शनी के माध्यम से सराकरी योजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी दी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपकृषि निदेशक, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उप जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर हेरिटेज वॉक का किया प्रारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव व हमीरपुर हेरिटेज वाक मे आज प्रातः सिंह महेश्वरी मंदिर पर समस्त विद्यालयों के बच्चे शिक्षक उपस्थित हुए जहां उप जिला अधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर जनपद हमीरपुर की हेरिटेज वाक का प्रारंभ किया। बच्चे भारत माता की जय एजय जय बुंदेलखंड के गगन गगन चुंबी नारों के साथ हमीरपुर की विरासत की पहचान करने के लिए पैदल यात्रा की। जिसमें स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया बच्चे जनमानस को वोट के महत्व के बारे में भी बता रहे थे। उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में हेरिटेज वाक सिंह महेश्वरी मन्दिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मीबाई पार्क यमुना पाथवे कल्पवृक्ष पातालेश्वर एवं शहीद पार्क रहुनिया धर्मशाला में एक सभा के रूप में आयोजित होकर संपन्न हुई। हेरिटेज वॉक में उप जिलाधिकारी के साथ ही जलीस खान पवन कुमार श्रीवास्तव जीआईसी प्रधानाचार्य बुंदेलखंड गौरव के संस्कृत पर्यटन अधिकारी समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर उपस्थित रहे।

# एनसीएल एनएससी ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** रविवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी) ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम करौटी में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। सीएमएस (एनसीएल) डॉ. विवेक खरे एवं सीएमएस (प्रभारी) एनएससी डॉ.पंकज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में एनएससी के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न हड्डी रोग, सर्जरी, बाल रोग और नेत्र संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 250 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें से 26 रोगियों को उपचार हेतु रेफर किया गया। गौरतलब है कि नेहरू शताब्दी चिकित्सालय द्वारा समय समय पर आस पास के क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं हेतु ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। एनएससी द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## लोहे का एंगल पेट में घुसने से युवक की मौत

**बांदा।** छत में धूप लेते समय अचानक युवक असंतुलित होकर छत से नीचे रखे लोहे के एंगल पर जा गिरा। एंगल उसके प्राइवेट पार्ट को चीरते हुए पेट में जा घुसा। गंभीर हालत में उसे सीएचसी बबेरू ले जाया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के राघव थोक निवासी देवानंद (27) पुत्र सुरेश वर्मा मंगलवार की सुबह अपने घर की छत पर धूप सेंक रहा था। कुछ देर तक धूप लेने के बाद जब वह चलने लगा तो उसका संतुलन बिगड़ गया और छत से नीचे लोहे के एंगल पर जा गिरा। लोहे का एंगल प्राइवेट पार्ट को चीरते हुए पेट में जा घुसा। इससे युवक मौके पर लहूलुहान हो गया। परिजनों ने किसी तरह युवक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया, वहां पर उपचार के दौरान ही युवक ने दम तोड़ दिया।

# डीएम ने विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों कों दियें। जिलाधिकारी ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर का जायजा लिया और कलेक्ट्रेट परिसर व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित विभिन्न अनुभागों/विभागों के जिम्मेदारों को बेहतर साफ-सफाई के लिए दायित्वबोध किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के कार्यो को सम्पादन कराने की जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारियों की है, लिहाजा अधिकारी अपने विभागीय कार्यो के सम्बन्ध में आदेशों एवं निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही अपने अधीनस्थों को पूरी तरह से समझाकर ही पत्रावली की कार्यवाही शुरू करायें ,अधिकारी अधीनस्थों के सहारे अपने कार्य को न छोड़े अन्यथा किसी भी स्तर पर कमी के लिए अधिकारी ही सीधे जिम्मेदार होंगें, कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सभी कार्यालयाध्यक्ष /अनुभाग अधिकारी अपने कार्यालय कक्ष के साथ ही परिसर की बेहतर साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान न्याय सहायक अनुभाग, राजस्व सहायक अनुभाग कक्ष, ई0आर0के0/आंग्ल अनुभाग कक्ष, स्थानीय निकाय अनुभाग कक्ष, रेकार्ड रूम अनुभाग, मुख्य राजस्व अनुभाग कक्ष का निरीक्षण करते हुए पत्रावलियों का बेहतर तरीके के रख-रखाव, कार्मिकों का जी0पी0एफ0 पासबुक व सेवा पुस्तिका आदि के कार्यो को पूरा करने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव,उप जिलाधिकारी मुख्यालय प्रमोद तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव, स्टेनो जिलाधिकारी राम आधार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिकगण उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## पति के साथ ईमानदारी और सम्मान के साथ रहने वाली पत्नी को मिलता है बैकुंठः गोरांगी देवी



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर गुड़ाही बाजार में रविवार से शुरू हुई श्री राम कथा के तीसरे दिन कथावाचक गौरांगी देवी द्वारा कथा का रसपान कराया गया है, जिसमें आज शिव पार्वती चरित्र का वर्णन किया गया, जिसमें बताया गया कि पति के साथ सम्मान और ईमानदारी के साथ जीवन बिताने वाली पत्नियों को सीधे बैकुंठ धाम की प्राप्त होती है, वही कथा के साथ संगीत में भजन सुन श्रद्धालु मीठी मीठी तालियो के साथ ईश्वर की आराधना में लीन दिखे, बताते चले की मौदहा कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव के मौके पर बजरंगबली सुंदरकांड समिति एवं हजारों रामभक्तों के द्वारा प्रतिवर्ष श्री राम कथा और विशाल भंडारा का आयोजन कराया जाता है, इसी क्रम में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक देवी गौरांगी देवी द्वारा श्री राम कथा का श्रवण पान 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक कराया जा रहा है, वही 13 तारीख को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाना है।

## पांच सौ ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली पुलिस ने इस समय मादक पदार्थो के तस्करों के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है और बत्तीस क्वार्टर अवैध शराब पकडने के चौबीस घंटे भी नहीं बीते थे कि एक गांजा तस्कर को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।कोतवाली पुलिस ने कस्बे के बाहर से निकलने वाले नेशनल हाईवे पर राठ तिराहे से सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा निवासी जयसिंह उर्फ दाता पुत्र सुंदर कुचबंदिया को आधा किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## बीएसए ने छे विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को विकासखण्ड दुद्धी के 06 विद्यालयों क्रमशः कंपोजिट विद्यालय हथवानी, प्राथमिक विद्यालय साउडीह, प्राथमिक विद्यालय हथवानी 2, कंपोजिट विद्यालय गड़दरवा, प्राथमिक विद्यालय प्राऊनशीला, प्राथमिक विद्यालय बीडर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कंपोजिट विद्यालय हथवानी के सहायक अध्यापक संजय कुमार, अनुदेशक दिनेश व शिवाजी तथा प्राथमिक विद्यालय प्राऊनशीला के सहायक अध्यापक पंकज कुमार चौधरी अनुपस्थित पाए गए। अपने उत्तरदायित्यो के प्रति लापरवाही बरतने के क्रम में संबंधित शिक्षक/ अनुदेशक का वेतन/मानदेय अवरूद्ध किया गया। सभी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति व शिक्षा की गुणवत्ता ठीक पाए जाने पर संबंधित प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापकों का प्रशंसा करते हुए और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, खासकर प्राथमिक विद्यालय बीडर में छात्र उपस्थिति और शैक्षिक गुणवत्ता , भौतिक परिवेश बेहतर पाया गया।

## चुर्क में क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन मुख्य अतिथि सीओ सिटी राहुल ने फीता काट कर किया शुभारंभ



**सोनभद्र/चुर्क।** चुर्क प्रिमियर लीग 2024 चुर्क कप आयोजन किया जा रहा है आज प्रारंभ मैच के मुख्य अतिथि सीओ सिटी राहुल पाण्डेय ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया चुर्क प्रिमियर लीग 2024 चुर्क कप के प्रारंभ मैच में रावर्ट्सगंज न्यू कॉलोनी व पटवध के मध्य मैच खेला गया। जहां पर टॉस जीतने के बाद पटवध ने बल्लेबाजी का फैसला लिया 10 ओवर में बल्लेबाजी कर 106 रन बनाया और रावर्ट्सगंज न्यू कॉलोनी ने 10 ओवर में मात्र 93 रन बन पाया 13 रंग से मैच हार गया पटवध ने मैच जीता और पटवध के रितेश पाण्डेय मैन ऑफ़ द मैच जीता चार चक्का तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया मैच के संरक्षक राजन सिंह बभनी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, मैच के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव नं0पं0चुर्क-घुर्मा के चेयरमैन प्रतिनिधि,मैच के उपाध्यक्ष अमित उर्फ़ पोपट, लक्की श्रीवास्तव,मैच के महामंत्री प्रशांत सिंह,संजय सिंह,अंशु खत्री,मैच के कोषाध्यक्ष सुमित सोनकर,अजय भारती मंत्री चन्दू,गणेश,भूल्लन,निक्की गुप्ता मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने एनटीपीसी लिमिटेड का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एन श्रीनिवासा राव, माननीय क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एनटीपीसी लिमिटेड ने दिनांक 06.02.2024 को एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत गृह के पुराने सेंट्रल स्टोर, स्टेज-1 ट्रैक हौपर, स्टेज-2 एफ.जी.डी., न्यू पी.ई.बी., यूनिट 1 व 6 कंट्रोल रूम, स्टील यार्ड का दौरा किया। इस अवसर पर माननीय क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का यूनियन एवं एसोशिएशन के साथ भी बैठक का आयोजन हुआ जिसमें उन्होने यूनियन एवं एसोशिएशन के बहुमूल्य सुझावों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक में विद्युत गृह के कामकाज की गहन समीक्षा करते हुए भारत सरकार की विद्युत प्राथमिकताओं के अनुसार गुणात्मक भावी कार्य योजना के संबंध में उचित दिशा-निर्देश भी दिए। एन श्रीनिवासा राव ने कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड कर्मचारियों के कल्याण के लिए सभी सक्रिय कदम उठा रही है एवं उन्होंने अपने संबोधन में एनटीपीसी लिमिटेड के प्रमुख एजेंडे पर भी प्रकाश डाला।

यहीं दूसरी तरफ विजया राव माननीया अध्यक्षा, उत्तरा क्लब, लखनऊ ने भी टाइनी टॉट्स, वनिता समाज, बाल भवन तथा वनिता समाज द्वारा संचालित क्रेच तथा वनिता रसोई में भी पदार्पण कर उसका जायज़ा लिया।

इसी कड़ी में माननीय क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग द्वारा जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेल कुद के कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। इसी कड़ी में एन श्रीनिवासा राव, विजया राव (माननीया अध्यक्षा, उत्तरा क्लब, लखनऊ), राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली), पीयूषा अकोटकर (अध्यक्षा, वनिता समाज) द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली के अतिथि गृह के प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के महाप्रबंधकगण, यूनियन एवं एसोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत



**नरैनी में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, नारे लगाए**

बांदा। मंगलवार को सवर्ण जोड़ो यात्रा के तहत सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह नरैनी पहुंचे। वहां पर सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। रामलीला मैदान में कार्यकारिणी बैठक का भी आयोजन किया गया। ठाकुर शिवम सिंह ने अपने सम्बोधन में सवर्ण समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज का संगठित होना ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। उपाध्यक्ष गोपाल ने एससीएसटी एक्ट के दुरुपयोग के बारे में चर्चा की। इस बात पर बल दिया कि आरक्षण सभी तरह से दूसरे का अधिकार छीनने वाला है, लेकिन अगर आरक्षण देना ही है तो सरकार को गरीबों को देना चाहिए। आरक्षण की जरूरत जाति को नहीं गरीबों को है इसके साथ ही सवर्ण आयोग का भी गठन किया जाये। इसके पूर्व मंडल मीडिया प्रभारी समाजसेवी सुमित शुक्ला व जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह गोपाल जी प्रदेश महासचिव सूरज चैबे प्रदेश आईटी सेल प्रभारी धर्मेन्द्र मिश्र प्रदेश संयोजक सुमित मिश्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, चित्रकूट मंडल मीडिया प्रभारी समाजसेवी सुमित शुक्ला, जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी, उपाध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्र, जिला संयोजक श्यामबाबू त्रिपाठी, जगत त्रिपाठी, सुभाष मिश्रा, आदित्य पाण्डेय, शैलू पाण्डेय, सोनू करवरिया, कौशलेंद्र सिंह, अरुण द्विवेदी, बालकृष्ण शुक्ला, माता प्रसाद, सूरज अग्निहोत्री, आशीष पांडे, रामकृष्ण शुक्ला सहित सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बच्चों से पढ़वाई पुस्तक, पूछे विलोम शब्द



**बच्चों ने गणित के प्रश्नों को सही तरीके से हल किया, डीएम ने निर्माण कार्य देखा**

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग भाग-1 व 2 तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग भाग-1 में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में आठ अध्यापकों की तैनाती मिली, जिसमें एक अध्यापक अवकाश पर मिले। जिलाधिकारी ने कक्षा 5 के बच्चों से हिन्दी पुस्तक व विलोम शब्द पूछा। कक्षा-4 के बच्चों से गणित से संबंधित प्रश्न करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करते हुए बच्चों को हिन्दी शिक्षा पर और ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों द्वारा गणित के प्रश्नों को सही हल करने पर प्रशन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय में निर्माणाधीन किचेन सेड का कार्य तीन दिन के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये तथा पानी के टैप लीकेज को ठीक कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। डीएम ने माध्यमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग के निरीक्षण करते हुए कक्षा-6 के क्लास में अधिक छात्राओं के होने पर उनको अलग बड़े कक्ष में सिफ्ट किये जाने के निर्देश दिये तथा विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका शोभा को बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के कार्य में प्रगति न पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी की पुस्तक पढ़वाकर देखा तथा उपस्थित टीचर को निर्देश दिये कि कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मिड-डे-मील का वितरण करते हुए पाया गया। विद्यालय में 257 बच्चे पंजीकृत पाये गये, जिस पर उन्होंने विद्यालयों बच्चों की और उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में निर्माणाधीन कार्य के दौरान एकत्र मलवे को हटाये जाने तथा प्रत्येक शिक्षण कक्ष में ट्यूबलाइट लगाये जाने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम ने प्राथमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग भाग-2 व आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनबाडी केन्द्र की छत की मरम्मत कराने, स्वास्थ्य विभाग की केन्द्र में रखे निष्प्रयोज्य सामान को तत्काल हटाने की बात कही।

# लम्बे समय बाद कुम्भकर्णी नींद से जागा वनविभाग, अवैध आरा मशीन जब्त

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** हमेशा अवैध लकड़ी और हरे पेड़ों की कटान के चलते सुर्खियों में रहने वाले वनविभाग की नींद आखिर खुल गई और नींद खुलते ही लम्बे समय से चल रही अवैध आरामशीन को जेसीबी मशीन के माध्यम से उखाड़ कर वनविभाग की टीम अपने साथ ले गई जबकि कार्यवाही करने की बात पर वन क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा सहित अन्य गांवों में वनविभाग की मिलीभगत से अवैध आरा मशीन संचालित हो रही हैं इतना ही नहीं कस्बे की से सटे गावों और सुदूर वर्ती गावों में जमकर अवैध कोयला भटठियों का संचालन किया जा रहा है जिसके लिए प्रतिदिन सैकड़ों हरे पेडों की कटान की जा रही है, जबकि प्रतिदिन सूरज डूबने के साथ ही लकड़ी लदे ट्रैक्टर कस्बे की मुख्य सड़कों पर चहलकदमी करना शुरू कर देते हैं इतना ही नहीं वनविभाग कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित बड़े चौराहे से बेखौफ फर्राटा भरते हुए निकल जाते हैं और वनविभाग के कर्मचारियों की आंखें खुली होकर भी बंद रहती हैं। लेकिन मंगलवार को अचानक वनविभाग की टीम अपनी कुम्भकर्णी नींद से जागकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा पहुंच गई और वहां पर पलछ्छ निवासी रामबाबू द्वारा लम्बे समय से संचालित की जा रही अवैध आरा मशीन को जेसीबी मशीन के माध्यम से उखाड़ कर अपने साथ मौदहा कार्यालय ले गई हालांकि इस दौरान वन विभाग की टीम और आरोपियों के बीच जमकर झड़प भी हुई और महिलाओं ने ट्रैक्टर के आगे बैठ कर रास्ता भी जाम कर दिया जिसपर वनविभाग की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।हालांकि अभी तक वन विभाग की ओर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही नहीं की गई है।इस सम्बंध में वन क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभी उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है वह अपने कर्मचारियों से बात कर इस सम्बंध में कुछ बताएंगे।

# पीएम कुसुम सोलर पंप की योजना का लाभ लेने हेतु लाभ करें प्राप्त

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** कृषि निदेशक हरी शंकर भार्गव ने जारी प्रेस विज्ञापन में बताया कि जनपद के समस्त कृषक को सूचित किया जाता हैं कि जिन कृषक भाइयो को पीएम कुसुम सोलर पम्प की योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं, वे किसान अभी भी कृषि विभाग के पोर्टल पर अनुदान पर सोलर पम्प पाने हेतु विभागीय वेवसाइट www.upagriculture.com पर जाकर सोलर पम्प का टोकन जनरेट कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में 3 एचपी एसी के 75 व 3 एचपी डीसी 75 एवं 5 एचपी एसी के 330 आंवटित लक्ष्य के 110 प्रतिशत तक बुकिंग करने के सापेक्ष 6 फरवरी 2024 तक 3 एचपी एसी के 47 व 3 एचपी डीसी 21 एवं 5 एचपी एसी के 128 कृषको द्वारा ही मात्र ऑनलाइन बुकिंग सोलर पम्प हेतु किया गया है। अभी भी जो किसान भाई सोलर पम्प का लाभ लेना चाहते हैं वे किसान आंवटित लक्ष्य के 110 प्रतिशत तक लक्ष्य पूर्ण होने से पहले जल्द से जल्द अपनी बुकिंग कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# रिहंद व आस-पास के ग्रामीणवासियों ने उठाया दो दिवसीय आनंद मेले का लुत्फ़

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद की स्वयंसेवी संस्था वर्तिका महिला मण्डल समिति द्वारा रिहंद महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए गए दो दिवसीय आनंद मेले के दूसरे दिन हजारों की तादात में रिहंद व उसके समीपवर्ती ग्रामीणों ने जमकर लुत्फ़ उठाया। आनंद मेले में आयोजित विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कबीर गायन, 19 छत्तीसगढ़ी वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी की प्रस्तुतियों ने अतिथियों तथा दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी के साथ तंबोला एवं लकी ड्रा के विजेताओं की घोषणा भी की गयी। मेले के दूसरे दिन लगे विभिन्न खाद्य पदार्थो के स्टालों के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद मेले में भ्रमण करने वाले दर्शकों ने चखा। इसके अतिरिक्त मेले में विभिन्न जनजाति खाद्य एवं महुआ लड्डू, लोह एवं ढोक्करा शिल्प, लकड़ी एवं सुपाड़ी खिलौने, आदिवासी जेवर, बांस शिल्प इत्यादि संबंधी स्टाल पर दर्शकों की काफी भीड़ देखी गई। सशक्त नारी, सशक्त भारत÷ की थीम पर आयोजित इस मेले स्थल पर सभी वर्गों के लोगों के मनोरंजन एवं खान-पान के लिए कई सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। उपस्थित अतिथियों एवं अन्य लोगों नें गेम्स एवं फन के साथ मेले का भरपूर आनंद उठाया।

# रामराज्य सुशासन की पराकाष्ठा थी : एके शर्मा

## प्राणप्रतिष्ठा से पूरा देश व प्रदेश राममय हो गया, विपक्ष को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए

अवधनामा संवाददाता



- नगर विकास मंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में दिया अपना वक्तव्य
- भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं, वे मथुरा में जाकर ही कुछ कर दें

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्यपाल महोदय को योगी सरकार के क्रियाकलापों को विधानसभा में रखने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात की भी सराहना की राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम मंदिर में रामलला विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा से किया। प्राणप्रतिष्ठा से लेकर अब तक में पूरा देश एवं प्रदेश राममय हो गया, लेकिन विपक्ष ने अभिभाषण के दौरान सदन में गो-बैक के नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल जी ने अभिभाषण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम अपने त्रेतायुगीन वैभव के साथ नगरीय विकास और सम्पन्नता का एक मॉडल बनकर उभरा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कारण ही प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, उन्होंने इसके लिए उनको धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह कार्य हुआ, उनको नमन किया। उन्होंने नगर विकास के कर्मियों, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों के कर्मियों को अयोध्याधाम को दिव्य व भव्य बनाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि विपक्ष को यह सब रास नहीं आया, मान्यता है जहां भगवान होते हैं, वहां सुख, सम्पदा, वैभव अपने आप आती है, श्रीराम रमापति व श्रीपति हैं। मड़ई-कुटई में रहने वाले विग्रह नहीं, राम का धाम भव्य होना ही चाहिए, लेकिन कुछ लोगों को राम के नाम और राम मंदिर से ही आपत्ति है, उन्हें बता दें कि राम से राम का नाम और उनके धाम को अलग नहीं किया जा सकता, फिर भी कुछ लोग अयोध्या जाने से डर रहे हैं। प्राणप्रतिष्ठा के लिए दिव्य व भव्य रूप से ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ। इसके लिए उन्होंने पूरे देश व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रधानमंत्री जी सनातन परम्परा के अनुसार दो सप्ताह का उपवास किया, जमीन पर सोए, अपने को प्राणप्रतिष्ठा के लिए योग्य और उपयुक्त बनाने के लिए तपस्या की। दुर्गा सप्तशती के अर्गला श्लोक में भी कहा गया है कि सुर-असुर राजा हुए, उन्होंने मां के चरणों में अपना मुकुट रखा, मां उनको रूप, यौवन, यश व प्रतिष्ठा प्रदान की। इसी प्रकार माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी भगवान राम के चरणों में लोटकर साष्टांग प्रणाम किया, अपने माथे को रगड़ा, जिसको पूरी दुनिया ने देखा। हम सभी को भी अयोध्या जाकर भगवान राम का दर्शन-पूजन जरूर करना चाहिए।

श्री शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशानुसार ही प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के तीर्थस्थलों, पूजास्थलों की साफ-सफाई और वहां का सुशोभन किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं थी, वे मथुरा में जाकर ही कुछ कर देते। हम लोगों ने आस्था में विश्वास किया, देश की आर्थिक प्रगति में विश्वास करते हैं, पुरातन संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं को अपनाते हुए, इसका संवर्धन करते हुए, देश का विकास कर रहे हैं। कहा कि हमारी सरकार विरासत के साथ विकास पर ध्यान दे रही, संस्कृति के साथ समृद्धि आए ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा, देवालय के साथ डिजिटल इंडिया की अवधारणा पर भी बल दिया जा रहा, मंदिरों के साथ भारत को आधुनिक बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। पूरी दुनिया में मान्यता है कि रामराज्य सुशासन की पराकाष्ठा थी। देश रामराज के सुशासन की स्थापना की ओर बढ़ रहा, भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

# भूमि लीज नीति के तहत निवेशकों को मिलेगी आकर्षक सुविधायें : जयवीर

अवधनामा संवाददाता



- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भूमि लीज नीति को मंत्रिपरिषद ने अनुमोदित किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन की भूमि लीज नीति को मंजूरी प्रदान की गयी। पर्यटन विभाग ने निवेशकों की सुगमता के लिए यह नीति तैयार की है, जिसमें भूमि की सूची बनाकर भूमि बैंक के रूप में चिन्हित किया जा सकेगा। इसके बाद रुचि अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाएगी। लीज 30-30 वर्ष अधिकतम 90 वर्ष रहेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार निवेशकों की मदद के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिले। इसका ताजा उदाहरण उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भूमि लीज नीति है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति-2022 का उद्देश्य पर्यटन में वृद्धि एवं राज्य में पर्यटन उद्योग को देश के सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में पर्यटन नीति के आकर्षण के कारण पर्यटन क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन 1,187 प्रस्तावो में से 643 प्रस्ताव के निवेशकों द्वारा भूमि लीज पर आवंटित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग पट्टे के आधार पर भूमि आवंटन के लिए जनपद एवं पर्यटक उपयुक्त भू-खंड की पहचान कर सूची बनाएगा और इसे पर्यटन विभाग के भूमि बैंक के रूप में चिन्हित किया जाएगा। छोटे भूखंडों को जहां है जिस स्थिति में है के आधार पर आवंटित करेगा। बड़े भूखंड पर यूनिट पार्सल के रूप में आवंटन के लिए प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर विस्तृत लेआउट तैयार किया जाएगा। निवेशक आवंटित भूखंड पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के डिजाइन, वित्तपोषण और विकसित करेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भूस्थल के आसपास आधारभूत संरचनाओं एवं अवस्थापना सुविधाओं संबंधी विकासात्मक कार्यों पर होने वाले खर्च संबंधित विभाग द्वारा यथासंभव उनके बजट प्राविधान से किया जाएगा। जिनके लिए विभागीय बजट का प्राविधान नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के भुगतान पर नहीं लगाई गयी रोक

अवधनामा संवाददाता

- बलिया समेत समस्त जनपदों में योजनान्तर्गत ससमय किया जायेगा भुगतान : असीम अरूण



**लखनऊ।** आज एक दैनिक समाचार पत्र में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों के भुगतान पर रोक'' शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुआ है कि प्रदेश भर में इस वर्ष अब तक कराये गये सामूहिक विवाह के 66 हजार लाभार्थियों के भुगतान पर रोक लगा दी गयी है।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरूण ने बताया कि यह समाचार निदेशक समाज कल्याण के हवाले से प्रकाशित हुआ है, जबकि 04 फरवरी, 2024 को निदेशक समाज कल्याण को बलिया दौरे में यह कहा गया था कि जनपद बलिया में जिला स्तरीय अधिकारियों के टीम के जॉच एवं सत्यापन के बाद ही लाभार्थियों को भुगतान किया जायेगा। यह वक्तव्य जनपद बलिया के लिए था, न कि प्रदेशभर के जनपदों के लिए। अतः उक्त समाचार के प्रकाशन से प्रदेश के जनपदों में योजना के लाभार्थियों को धनराशि भुगतान के संबंध में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अन्य जनपदों में योजनान्तर्गत भुगतान पर कोई रोक नहीं लगाई गयी है।

# मदरसों ने हमेशा क़ौम की तरक्क़ी में एहम भूमिका निभाई : अयातुल्लाह अब्बासी

## अल-मुस्तफा विश्वविद्यालय ईरान के अध्यक्ष अयातुल्लाह अब्बासी और अन्य अतिथियों के सम्मान में कॉन्फ्रेंस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- लखनऊ एवं आसपास के क्षेत्रों से उलेमा ने भाग लिया

**लखनऊ।** मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद द्वारा आयोजित 'हुसैनाबाद कम्युनिटी सेंटर' में क़ौम की तामीर में मदारिस का किरदार के उनवान से एक अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें ईरान और हिंदुस्तान के ओलेमा ने बड़ संख्या में शिरकत की। अल-मुस्तफ़ा विश्वविद्यालय, ईरान के अध्यक्ष अयातुल्लाह डॉ. अली अब्बासी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उनके साथ हुज्जतिया मदरसे के अध्यक्ष हुज्जतुल इस्लाम अक़ाई तलख़ाबी, हिंदुस्तान में अल-मुस्तफ़ा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि हुज्जतुल इस्लाम अक़ाई शाकिरी और हौज़ा-ए-रियासत के अध्यक्ष अक़ाई शाकानी ने भी शिरकत की। मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने मेज़बानी की जिम्मेदारी निभाई।

कॉन्फ्रेंस की शुरुआत क़ारी मौलवी सैय्यद मुहम्मद तक़ी जाफरी जामिया इमामिया तंज़ीमुल मकातिब के छात्र ने कुरान की तिलावत से की। तिलावत के बाद जामियातुत तब्लीग़ के छात्र मौलवी मुहम्मद मोहसिन ने नात शरीफ पढ़ी। इसके बाद कॉन्फ्रेंस के संयोजक हज्जतुल इस्लाम मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने इस्तेक़बालिया तक़रीर की। उन्होंने जामातअल-मुस्तफा अल-अलामिया के अध्यक्ष अयातुल्लाह डॉ. अली अब्बासी और उनके साथ आए सभी अतिथियों का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि ईरान और भारत का बहुत पुराना रिश्ता है, इंशाल्लाह आगे में भी दोनों देशों के बीच ऐसे ही रिश्ते बने रहेंगे।

अयातुल्लाह डॉ. अली अब्बासी ने अध्यक्षीय तक़रीर में भारत और ईरान के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों के महत्व और उपयोगिता को समझाया और कहा कि हम मदरसों के माध्यम से इस दोस्ती को और बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि मदरसों ने हमेशा क़ौम एवम देश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए हमें मदरसों को व्यवस्थित और बेहतर बनाने की ज़रूरत है। तक़रीर के दौरान उन्होंने रजब अल-मुर्जब महीने की खूबियों पर भी प्रकाश डाला।

जमियतुल-मुस्तफा अल-अलामिया के हिंदुस्तान में प्रतिनिधि हुज्जतुल इस्लाम अक़ाई शाकिरी शकरी ने अपनी तक़रीर में कहा कि एक समय था जब लखनऊ के मदरसों ने क़ुम और नजफ़-ए-अशरफ़ के मदरसों का मार्गदर्शन किया और उन्हें मज़बूत किया, लेकिन आज स्थिति अलग है। उन्होंने कहा कि भारत में मदरसों का अतीत गौरवशाली रहा है, जिसे पुनर्जीवित करने की सख़्त ज़रूरत है। इससे पहले मौलाना सफदर हुसैन जौनपुरी ने तकरीर करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि जमियतुल-मुस्तफा मदरसों के सुधार में अहम भूमिका निभाएगा। उनके बाद मौलाना मुहम्मद मोहसिन तक़वी इमाम जुमा शिया जामा मस्जिद दिल्ली ने कहा कि हमारे मदरसों को आत्मनिर्भर होना चाहिए। जब तक मदरसे आत्मनिर्भर नहीं होंगे, हम उन समस्याओं से मुक्त नहीं हो सकते जिनका हम सामना कर रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में आदिल फ़राज़ ने भारत में मदरसों के संक्षिप्त इतिहास का वर्णन किया और कहा कि शियों का पहला मदरसा अवध में स्थापित किया गया था और फ़िक़ह जाफ़री की तदवीन और उसको लागू करने की देने की प्रक्रिया भी अवध से शुरू हुई थी, जिसमें सैय्यद अयातुल्लाह दिलदार अली गुफ़रानमआब की कोशिशें शामिल थी।

कार्यक्रम के अंत में मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने समापन तक़रीर करते हुए कहा कि मदरसों ने क़ौम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लखनऊ ने हमेशा ज्ञान और साहित्य को बढ़ावा दिया है। ऐसा केवल भारत में ही नहीं हुआ बल्कि लखनऊ ने नजफ़-ए-अशरफ़ और ईरान के हौज़ो की भी मदद की और वहां के उलेमा कुछ मसाएल में भारत के उलेमा से मार्गदर्शन लेते थे, जिसका प्रमाण इतिहास में उपलब्ध है।

# इरम कॉलेज का 32वां सालाना कार्यक्रम

**लखनऊ।** भोलानाथ कुंआ स्थित इरम कॉन्वेंट कॉलेज का 32वां सालाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने बेहतरीन परफोमेंस देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुरान से हुआ उसके बाद बच्चों ने इरम तराना पेश किया।भोलानाथ कुंआ की प्रधानाचार्य रुचि निगम तथा कॉलेज की टीचर्स नूरजहां, गज़ाला, प्रिया श्रीवास्तव, अर्चना, सामिया अदीबा, श्रुति, सबा, यासमीन, इरम, सामरा, तथा जोहा के कुशल नेतृत्व में स्कूल में सबक हासिल करने वाले बच्चों ने देश के कई प्रदेशों के लोक नृत्य तथा समाजिक मुद्दों पर शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने जहां भरत नाट्यम व देशभक्ति के नृत्य पेश किए तो वहीं सूफियाना कव्वाली भी पेश की। साथ ही देश में अमन चैन और सुकून तथा खुशहाली की सामूहिक दुआ की। इरम समूह के चेयरमैन व मैनेजर ख़्वाजा बज्मी युनुस ने कहा हमारे वालिद स्व. ख़्वाजा युनुस की दी हुई सीख को आगे बढ़ाते हुए हम और मेरे भाई ख़्वाजा फैज़ी यूनुस तथा सैफी यूनुस, हर स्तर पर अच्छी शिक्षा व संस्कार देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# केंद्र ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, के लिए किये अभूतपूर्व कार्य : आनंद



अवधनामा संवाददाता

- शक्तिवंदन अभियान कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन हॉल में भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह उपस्थित रहे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुआ कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान करने के लिए अभूतपूर्व कार्य किये है। महानगर में सभी बूथों पर यह अभियान चलाया जाएगा। संपर्क के दौरान राज्य एवम केंद्र द्वारा महिलाओं से संबंधित योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा।

वहीं भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने राज्य एवं केंद्र द्वारा चलाई जारी महिलाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस कनेक्शन के लिए उज्जवला योजना, जल जीवन जैसी विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन को सरल बनाया उन्हें आत्मसम्मान के साथ आत्मविश्वास की भावना भी दी।

लखनऊ प्रभारी त्रंयबक त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र को एक ऐसी महिला के रूप में राष्ट्रपति मिली है जिन्होंने जीवन में अनेक कठिनाइयों, समस्याओं से संघर्ष करते हुए जीवन व्यतीत किया है उन्हे सरकार ने राष्ट्रपति बनाया है। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर के महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। इस अभियान में महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया जाएगा किस तरह से महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है, इसको लेकर जागरूक करने का काम किया जाएगा।

# काबा में 13 रजब मना कर वापस आया काफिला



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कारवाँन-ए-रेयाज़ अपने ज़ायरीन को उमरा करवा के आज सउदी अरब से वापस लौट आया। इन जायरीन ने काबे में ही 13 रजब मनाई। 22 जनवरी को लखनऊ से रवाना हुए इस काफिले की 14 दिनों बाद 6 फरवरी को वापसी हुई। अपने इन 14 दिनों के दौरान मक्का और मदीना में वाके कई मुक्कदस मुकामात की ज़ियारत करवाई। काफिला लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से 14 दिनों के लिए अपने जायरीन के साथ सउदी अरब के जदद्‌ा एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ था। जदद्‌ा से यह काफिला अपने लोगों को उमरा कराने के लिए सारे लोगों को एहराम में लेकर मक्का की जानिब निकला। जहाँ उमरे के तमाम फरायज़ अंजाम देने के साथ ही कई ज़ियारतें भी करवाई। सबसे खास बात जो रही, वह यह कि इन जायरिन ने काबे में 13 रजब मनाई। ज्ञात हो कि 13 रजब मौला अली की विलादत का दिन है और आलम-ए-इस्लाम में यह एक बहुत ही मुबारक तारीख है। इस काफिले के साथ वापस आयीं जीशान फात्मा ने अपने उमरे के बारें में बताया कि अल्लाह के घर से लौट कर वापस आये है।

# ग्रामीण सड़कों को बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये : केशव

अवधनामा संवाददाता



- पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) के कार्यों की,की जा रही है लगातार समीक्षा

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को यह निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरणबद्ध एवं समयबद्ध लक्ष्य की प्राप्ति एवं उच्च गुणवत्ता की ग्रामीण सड़कों को बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस हेतु कान्ट्रेक्टर्स के साथ मीटिंग करते हुये अच्छा संवाद बनाए रखा जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

उप मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा सड़क निर्माण की गति बढ़ाने के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। नवागत मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (तृतीय) के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण मार्गों की समीक्षा बैठक की गयी तथा यूपीआरआरडीए में पदस्थ समस्त अधिकारियों, अभियन्ताओं, कन्सल्टेन्ट्स एवं समस्त कर्मचारियों इत्यादि के कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (तृतीय) के अन्तर्गत निर्माणाधीन मार्गों को गुणवत्तापूर्वक, समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाय तथा कोई भी सूचना छिपाई न जाय। जनहित के कार्यों को सर्वोपरि रखा जाय। इसी के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में वाम-पंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों की परियोजना के प्रगतिशील कार्यों की समीक्षा बैठक जनपद सोनभद्र के अधिशासी अभियंता एवं कान्ट्रैक्टर के साथ की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य वन विभाग के द्वारा आ रही बाधाओं के निस्तारण एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना था। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 02 बाधित कार्यों पर वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु व्यक्तिगत रूप से प्रयास करने हेतु निर्देशित किया एवं अधिशासी अभियन्ता, पीआईयू, सोनभद्र को प्रगतिशील कार्यों को मार्च-2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

# शोध डेटा में सांख्यिकी विश्लेषण संजीवनी की मानिंद

अवधनामा संवाददाता

- प्रत्येक शोधार्थी के लिए रिसर्च टूल्स की जानकारी होना आवश्यक

**लखनऊ।** सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क- इनफ्लिबनेट के वैज्ञानिक श्री हितेश सोलंकी ने एप्लीकेशन ऑफ स्टेटिकल टूल इन रिसर्च पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज प्रत्येक शोधार्थी के लिए रिसर्च टूल्स की जानकारी होना आवश्यक हैं।

उन्होंने बताया, यह रिसर्च टूल्स में किसी शोध कार्य को करने में प्रयोग होने वाले सांख्यिकीय तरीकों में प्लानिंग, डिजाइजिंग, डेटा कलेक्शन, विश्लेषण, सार्थक व्याख्या और शोध निष्कर्षो की रिपोर्टिंग करना शामिल हैं। सांख्यिकीय विश्लेषण अर्थहीन संख्याओं को अर्थ देता है, जिससे शोध डेटा में जान आ जाती है। सांख्यिकीय के टूल्स सटीकता, पूर्वाग्रह और परिशुद्धता को मापने में मदद करते हैं और यह निर्धारित करने के लिए डेटा की तुलना करते हैं कि चर के बीच महत्वपूर्ण अंतर या संबंध हैं अथवा नहीं। इसके अतिरिक्त सांख्यिकीय उपकरणों का उपयोग डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करने, डेटा को सरल और व्यवस्थित करने और विश्लेषण के वस्तुनिष्ठ अनुमान प्रदान करने के लिए किया जा सकता है। श्री सोलंकी तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय, आईक्यूएसी, आईआईसी, और आरएंडडी विभागों की ओर से एप्लीकेशन ऑफ स्टेटिकल टूल इन रिसर्च पर आयोजित आर्थर टॉक सीरीज में बतौर मुख्य वक्ता ऑनलाइन बोल रहे थे। ब्लेंडेड मोड में आयोजित आर्थर टाक सीरीज के शुभारम्भ मौके पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

# श्रीरामलला के दर्शन कर मंत्रिमंडल हुआ भावविभोर

## रामलला के दर्शन पहुंचा अरुणाचल प्रदेश का मंत्रिमंडल, सूर्य प्रताप शाही ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगण पहुंचे। संकटमोचन हनुमान के दिन मंगलवार को श्रीरामलला के दर्शन कर पूरा मंत्रिमंडल भावविभोर हो गया। अरुणाचल प्रदेश का पहला राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल है, जिसने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के साथ राम मंदिर में दर्शन करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। उत्तर प्रदेश की अतिथि देवो भव की परंपरा देख सभी आगंतुक भावविभोर हो गए। दर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना भी हो गया।

प्रदेश सरकार की ओर से अयोध्या के प्रभारी तथा सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा स्थानीय प्रशासन ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू व उनके कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट किए और तिलक लगाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अरुणाचल प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनके कैबिनेट सहयोगियों, विधायकों और अधिकारियों सहित 70 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राम मंदिर दर्शन करने आया है। सीएम पेमा खांडू ने कहा कि मैं दो साल पहले भी अयोध्या आया था, जब श्री राम मंदिर का निर्माण चल रहा था। बहुत उत्साहित हूं कि राम मंदिर बन गया है और मैं दर्शन करने आया हूं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अरुणाचल भवन निर्माण कराए जाने को लेकर हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। 500 वर्षों बाद राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है, यह देश के लिए बड़े गर्व की बात है। अब रामराज भी आ गया है। देश विकास की नई गाथा लिखेगा।

# जापान से स्वदेश लौटे सीएमएस छात्र दल का भव्य स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस का 6-सदस्यीय छात्र दल जापान में आयोजित 'सकूरा साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम' में प्रतिभाग कर स्वदेश लौट आया। स्वदेश वापसी पर सी.एम.एस. शिक्षकों व अभिभावकों ने अमौसी एअरपोर्ट पर इस छात्र दल का भव्य स्वागत किया एवं विदेश में देश का गौरव बढ़ाने हेतु बधाई दी। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम में प्रतिभाग कर स्वदेश लौटे छात्रों में आर्यन सिंह, श्रेया, शुभ मेहरोत्रा, वैभव पाण्डेय एवं वैदेही मिश्रा शामिल हैं। छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम जापान सरकार की आधिकारिक शैक्षिक संस्था 'जापान साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी एजेन्सी (जे.एस.टी.) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विश्व के लगभग 30 देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। सी.एम.एस. छात्रों की जापान यात्रा का सम्पूर्ण खर्च साइन्स प्रोग्राम के आयोजकों द्वारा वहन किया गया।